वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

रविवार, 05 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 181, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के नियम अधिसूचित

वित्त मंत्रालय ने भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता के तहत सामान की उत्पत्ति का पता लगाने के नियम जारी किए हैं। } 10

दिल्ली में पौधरोपण अभियान का उद्घाटन करेंगे अमित शाह

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में 70 लाख पौधारोपण के दिल्ली सरकार के अभियान का उद्घाटन करेंगे। } 12

बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मियों को विशेष सुरक्षा पैकेज

एसबीआई के साथ समझौते से शिक्षकों को बड़ी सौगात, बीमा व बैंकिंग सुविधाओं का मिलेगा लाभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को नई मजबूती देने जा रही है। इसी क्रम में 8 जुलाई को वाराणसी में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे। इस पहल के माध्यम से विभाग के लगभग 10 लाख स्थायी एवं संविदा शिक्षक तथा कर्मचारी एसबीआई के विशेष सैलरी पैकेज के साथ व्यापक बीमा सुरक्षा और अन्य बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

प्रस्ताव के अनुसार एमओयू के दायरे में विभाग के लगभग 4.50 लाख स्थायी तथा 5.50 लाख संविदा कार्मिक शामिल होंगे। इनमें शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, समग्र शिक्षा के कार्मिक, मध्याह्न भोजन योजना से जुड़े कर्मचारी तथा विभाग के अन्य संबद्ध कार्मिक शामिल हैं। उद्देश्य सभी पात्र कार्मिकों को एकीकृत सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा

उपलब्ध कराना है। यह समझौता शिक्षकों और कर्मचारियों को केवल बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रहेगा, ...शेष पृष्ठ 10 पर

शासकीय भूमि से जुड़े वादों के लिए विशेष बेंच

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश में राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अब आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति (यदि कोई हो) से संबंधित सभी वादों की सुनवाई तीन सदस्यीय विशेष पीठ (थ्री मेंबर बेंच) द्वारा की जाएगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, ...शेष पृष्ठ 10 पर

कल-पुर्जों से लेकर सेमीकंडक्टर तक बना रहा भारत

भारत के युवा मेड इन इंडिया चिप के साथ एआई, रेबोटिक्स व प्रौद्योगिकी क्रांति को बढ़ायेंगे आगे : मोदी

एजेंसी

साणंद (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत उत्पादों और कल-पुर्जों से लेकर सेमीकंडक्टर तक पूरी इलेक्ट्रॉनिक मूल्य श्रृंखला बना रहा है, जो देश के विकसित भारत का खाका है।

प्रधानमंत्री ने यहां सीजी सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी) इकाई का उद्घाटन करते हुए यह भी कहा कि भारत के युवा मेड इन इंडिया चिप के साथ कृत्रिम मेधा (एआई), रोबोटिक्स और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी क्रांति को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का विस्तार रातों-रात नहीं हुआ है। यह उस इलेक्ट्रॉनिक क्रांति का

अगला कदम है जो पिछले दशक में भारत में हुई है। प्रधानमंत्री ने यह बात तब कही जब उन्हें कंपनी में बनी पहली सेमीकंडक्टर चिप सौंपी गई, जिन्हें जापान निर्यात किया जाना है। मोदी ने कहा पहले उत्पाद, फिर कल-पुर्जे और अब सेमीकंडक्टर, भारत पूरी इलेक्ट्रॉनिक मूल्य श्रृंखला बना रहा है। यह विकसित भारत का खाका है। यह मेक इन इंडिया ...शेष पृष्ठ 10 पर

जोधपुर हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल का उद्घाटन

जोधपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां जोधपुर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने उड़ान योजना के अगले चरण की शुरुआत की। राजस्थान दौरे पर पहुंचे मोदी ने जोधपुर हवाई अड्डे पर रिमोट का बटन दबाकर नए टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना को कुल 480 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। 23,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला यह नया टर्मिनल भवन प्रति वर्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक

नयी दिल्ली। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में सत्ताधारी भाजपा की जीत के बाद 19 बैठकों वाला यह 25 दिवसीय संसदीय सत्र हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उबाठा) में हुई बगावत का असर भी आने वाले सत्र में देखने को मिलेगा। तृणमूल के 20 तथा शिवसेना (उबाठा) के छह सांसदों को अलग गुट के तौर पर मान्यता देने की मांग पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा निर्णय लिया जाना अभी बाकी है। राज्यसभा में नवनिर्वाचित और पुनर्निर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद, राजनीतिक समीकरण सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में और झुक गया। तृणमूल के तीन बागी सांसदों ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है और उपचुनाव से भाजपा को उपरी सदन में अपनी ताकत बढ़ाने में मदद मिलेगी।

नकली नोट से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नकली नोटों के एक अंतर-राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसके तार बांग्लादेश से जुड़े होने का संदेह है। इस मामले में पश्चिम बंगाल के मालदा से नकली नोटों की आपूर्ति करने वाले और 25 हजार रुपये के इनामी एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। एटीएस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एटीएस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए तस्कर की पहचान ज़ाकिर के तौर पर हुई है, जो पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के वैष्णवनगर थाना क्षेत्र के ठाकुर दास मंडलपारा देवनापुर का निवासी है। उसे मालदा से गिरफ्तार करने के बाद वाराणसी लाकर पूछताछ की गई।

यूपी विधानसभा चुनाव में फिर खिलेगा कमल : नितिन

दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का सीएम योगी व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने किया स्वागत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालने के बाद नितिन नबीन उत्तर प्रदेश के पहले दौरे पर शनिवार को लखनऊ पहुंचे। उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी दो दिन के लखनऊ दौरे पर हैं। इस दौरान उनका लखनऊ में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच संगठन की नब्ज टटोली।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की लगातार बैठकों का दौर चला। इस दौरान उन्होंने शाम को पार्टी मुख्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रदेश संगठन के सभी मोर्चों और फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी-योगी की जोड़ी ने यूपी को उत्तम प्रदेश बनाया। 2027 में भी लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से यूपी में डबल इंजन की सरकार बनेगी। डबल इंजन की सरकार ने कार्यों का कीर्तिमान बनाया है। मोदी जी-योगी जी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया है। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वे जनता का ध्यान भटकाने के लिए नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। हमें विपक्ष के झांसे में नहीं आना है। यूपी के विकास के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि किसी के दिल में अगर जगह बनानी है, तो उस तक पहुंचना पड़ेगा। आपको हर गांव में प्रवास करना है। हर घर, हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। उन्होंने भी पदाधिकारियों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक में नसीहत देते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। बड़े-बड़े जुलूस से कुछ नहीं होगा। चुनाव जीतने के लिए जनता के बीच जाकर

बात करनी होगी। उनकी समस्याओं का समाधान करायेंगे, तो जनता का दिल जीत लेंगे। राजनीति में जनता का दिल जीतना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आ रहा है, टीम भावना से चुनाव के लिए काम करना है। आपस में लड़ने की जगह विपक्षी दलों से लड़ना है। अपनी ताकत को विपक्षी पर आजमायें। नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे चाय बेचने वाले के बेटे को देश की जनता ने प्रधानमंत्री बनाया। जिन्होंने कभी उनका मजाक उड़ाया था, आज वे राजनीतिक हाशिये पर हैं इसलिए अब कोई चाय वाले का मजाक नहीं बनाता। उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विपक्ष ने हमारे खिलाफ जो नरेटिव सेट किया है, उसे जनता के बीच जाकर तोड़ना है। जनता के बीच जाकर केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियों को बताएं। प्रदेश पदाधिकारियों को हर महीने क्षेत्र और जिले का दौरा करना है। जिले के प्रवास के दौरान वहां कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर काम करें। संगठन ने नया दायित्व दिया है। इसमें अपने आपको सिद्ध करना होगा। योगी सरकार की कानून व्यवस्था की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को नीचे तक लेकर जाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। उन्होंने निर्देश दिया कि अगस्त के पहले सप्ताह में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। उसके बाद हर महीने जिला कार्यसमिति की बैठक भी करनी है। यूपी में पहले वन डिस्ट्रिक वन माफिया होता था। अब वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट है। सरकार ने 9 साल में 9 लाख सरकारी नौकरियां बिना किसी सिफारिश के दी हैं। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के पास जनता के बीच जाकर बताने को बहुत कुछ है। जनता के बीच जाकर अपनी बात रखने में सफल हुए, तो जनता का पूरा समर्थन मिलेगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन प्रदेश संगठन की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, सभी प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री शामिल हैं। इसके अलावा बैठक में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के अलावा सभी 6 क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्ष भी शामिल हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ... शेष पृष्ठ 10 पर

विवादित पुस्तक को लेकर बवाल, 8 अफसर सस्पेंड

जम्मू। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को बेहद आपत्तिजनक सामग्री वाली दो विवादित किताबों की जांच के आदेश दिए और इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के आठ अधिकारियों को निलंबित कर दिया तथा एक संविदा कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दी।

यह कार्रवाई भाजपा, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों द्वारा इस पुस्तक पर यह आरोप लगाए जाने के बाद की गई कि इसमें कथित तौर पर अलगाववाद का महिमामंडन किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के एक आदेश में कहा गया है कि दोनों पुस्तकों को शुक्रवार को वापस ले लिया गया। विवादित पुस्तक पर्सनैलिटीज एंड लेजेंड्स ऑफ जेएंडके के लेखक हिलाल अहमद और संतोष मीणा हैं तथा इसे ओबेरॉय बुक सर्विस, जम्मू ने प्रकाशित किया है तथा ग्रेट पर्सनैलिटीज ऑफ जम्मू एंड कश्मीर के लेखक सुशांत गिरी हैं तथा इसे अनुराग प्रकाशन, दिल्ली ने प्रकाशित किया है। आदेश के अनुसार, पहली पुस्तक की 123 प्रतियां जम्मू, रामबन और उधमपुर जिलों में तथा दूसरी पुस्तक की 128 प्रतियां जम्मू और बारामूला जिलों में भेजी गई ...शेष पृष्ठ 10 पर

पाक में मौजूद 23 लोग यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान में मौजूद 23 व्यक्तियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) के तहत शनिवार को आतंकवादी घोषित किया। ये लोग पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और अन्य आतंकी संगठनों से हैं। इनमें से छह भारतीय नागरिक हैं, जो अब पाकिस्तान या पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में रहते हैं।

केंद्र सरकार ने जिन लोगों के नाम जोड़े हैं, उनमें जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकियों में मसूद इलियास कश्मीरी, मोहम्मद मुसद्दिक उर्फ डॉक्टर, मुफ्ती मोहम्मद असगर खान उर्फ अबू साद, हाफिज अब्दुल शकूर उर्फ कारी जर्रार, अब्दुल्ला जिहादी, गुलाम फरीद, मौलाना इमदादउल्ला मक्की और वसीम नूर जट शामिल हैं। इसी तरह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकियों में फिरदौस अहमद भट, हारून राशिद गनई, बिलाल अहमद मीर, आबिद कय्यूम लोन, नज़ीर अहमद गुज्जर, अब्दुल रउफ़ उर्फ हाफिज अब्दुल रउफ़, अशफाक अहमद, हाफिज खालिद वलीद, मौलाना सैफुल्लाह खालिद, मोहम्मद याकूब, मौलाना यूसुफ तैबी, ओवैस फारूज, कारी याकूब शेख, राणा इफ्तिखार और मोहम्मद शहीद फैसल शामिल है। फैसल अल-कायदा और आईएसआईएस ...शेष पृष्ठ 10 पर

सेवा और विकास के पांच वर्ष पूरे : धामी

51 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश (उत्तराखंड)। उत्तराखंड में जनसेवा और सुशासन को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को ऋषिकेश के आईडीपीएल मैदान से राज्यव्यापी 'सेवा, सुशासन एवं समर्पण : जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मुख्यमंत्री पद पर पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) और मुख्यमंत्री ने देहरादून जनपद की 51 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं पर 219 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक शासन की सफलता का वास्तविक आधार नागरिकों तक योजनाओं की प्रभावी और पारदर्शी पहुंच है। उन्होंने कहा कि सेवा अभियान का उद्देश्य प्रशासन को जनता के और निकट लाना तथा समस्याओं के समाधान को अधिक संवेदनशील और जवाबदेह बनाना है। मुख्यमंत्री धामी के पांच वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्थिर नेतृत्व, जनविश्वास और निरंतर विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चारधाम पुनर्निर्माण, पर्यटन क्षेत्र का विस्तार, होमस्टे नीति, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, ...शेष पृष्ठ 10 पर

पेट्रोल में साइंटिफिक प्रोसेस के बाद मिलाया गया एथेनॉल

अफवाहों के बाद सरकार ने दी सफाई

एजेंसी

नई दिल्ली। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने को लेकर हो रहे विरोध के बीच शनिवार को सरकार ने कहा कि एथेनॉल ब्लेंडिंग का काम रातों-रात नहीं हुआ। यह एक जांची-परखी, साइंटिफिक और स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस है। इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई है और टॉप एजेंसियां भी इसका टेस्ट कर चुकीं हैं।

एथेनॉल ब्लेंडिंग पर दिल्ली में हुई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की ओर से शामिल एक्सपर्ट वर्तिका शुक्ला ने यह बात कही। वर्तिका शुक्ला ने बताया कि देश में साल 2013 और 2014 के दौरान पेट्रोल में सिर्फ 1.5% एथेनॉल मिलाया जा रहा था। अब इस प्रोग्राम के तहत पेट्रोल में 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग (ए20) की जा रही है। 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग के टारगेट को तय समय से पांच साल पहले यानी दिसंबर 2025 तक ही पूरा कर लिया गया है। भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण यानी ए20-पेट्रोल का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया और इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं।

विशेष खबर चारबाग स्थित बाल संग्रहालय पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का विराज सागर दास ने किया अभिनंदन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का विराज सागर दास ने किया भव्य स्वागत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रथम लखनऊ आगमन पर शनिवार को राजधानी उत्साह, उमंग और संगठनात्मक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का भाजपा युवा नेता विराज सागर दास ने चारबाग स्थित बाल संग्रहालय पर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

युवा भाजपा नेता विराज सागर दास के बाल संग्रहालय के पास लगे स्वागत अभिनंदन मंच पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। बैंड की स्वागत धुन और पंजाबी ढोल की थाप के साथ कार्यकर्ता जमकर भाजपा और राष्ट्रीय अध्यक्ष के जयघोष लगा रहे थे। जयघोष से पूरा चारबाग गूंज उठा। इस दौरान भाजपा युवा नेता विराज सागर दास ने उत्तर प्रदेश की पावन धरती पर राष्ट्र प्रथम के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करने वाले भारतीय जनता पार्टी के दूरदर्शी, कर्मठ एवं यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का आज भाजपा परिवार के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ बाल संग्रहालय पर हार्दिक स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का लखनऊ आगमन हम सभी संगठन के युवा कार्यकर्ताओं... शेष पृष्ठ 10 पर

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के स्वागत में भगवामय हुआ लखनऊ

42 स्थानों पर हुआ भव्य अभिनंदन

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रथम लखनऊ आगमन पर राजधानी उत्साह, उमंग और संगठनात्मक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के लखनऊ पहुंचने पर स्टेट हैंगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित कैबिनेट मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और विधायकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं अंगवस्त्र पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक निकली अभिनंदन यात्रा में 42 स्थानों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। पूरे यात्रा मार्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण, जयघोष तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में लखनऊ भगवामय नजर आया।

हनुमान सेतु मंदिर पहुंचकर नितिन नबीन ने किये दर्शन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन लखनऊ प्रवास के दौरान हनुमान सेतु मंदिर पहुंचे। उन्होंने श्री हनुमान जी महाराज के दरबार में माथा टेककर प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। साथ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह तथा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी उपस्थित रहे। दर्शन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि मैं मानता हूं कि पवन पुत्र हनुमान का आशीर्वाद तो लेना ही चाहिए। उत्तर प्रदेश को सब प्रकार की सुख शांति और समृद्धि मिले। उत्तर प्रदेश विकास के पैमाने पर आगे बढ़ रहा है। उसी प्रकार से सभी को पूरे उत्तर प्रदेश के नागरिकों का स्वास्थ्य और समृद्धि बढ़े। साथ ही भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन भाजपा के प्रदेश कार्यालय से निकलने के बाद शर्मा जी की चाय की दुकान पर पहुंचे। उनके साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी थे। नितिन नवीन ने वहां पर चाय व गोल वाले समोसा के साथ बन-मक्खन का भी लुत्फ उठाया और इसके स्वाद को काफी सराहा।

शहर के प्रमुख स्थलों पर हुआ जोरदार स्वागत

एयरपोर्ट के स्टेट हैंगर से शुरू हुई अभिनंदन यात्रा कानपुर रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, कृष्णानगर, आलमबाग, चारबाग, हजरतगंज और लोकभवन होते हुए भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंची। यात्रा मार्ग में 20 से अधिक भव्य स्वागत द्वार बनाए गए थे, जिन्हें भाजपा के झंडों, पुष्प सज्जा और स्वागत संदेशों से सजाया गया। यात्रा के दौरान लखनऊ महानगर और भाजपा जिला इकाई के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विधायकों तथा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया।

- राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के स्वागत में गौतम समाज, कायस्थ समाज, पाल समाज, राजभर समाज, पर्वतीय समाज, लोधी समाज, यादव समाज, ब्राह्मण समाज, मराठी समाज, वैश्य समाज, ईसाई समाज, सिंधी समाज, साहू समाज, व्यापारी समाज, अधिवक्ता समाज, सिख एवं पंजाबी समाज, बंगाली समाज, क्षत्रिय समाज, सोनकर समाज, भोजपुरी समाज, पटेल-मौर्य-कुशवाहा समाज, वाल्मीकि समाज, पासी समाज, निषाद समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अपने-अपने समाज की परंपरा और पहचान के अनुरूप स्वागत किया। विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपने समाज के प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मराठी समाज, वैश्य समाज और अन्य सामाजिक संगठनों के स्वागत में अलग-अलग सांस्कृतिक रंग देखने को मिले। प्रमुख स्वागत स्थलों पर लखनऊ की लोक संस्कृति से जुड़े लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिसने अभिनंदन यात्रा को और अधिक आकर्षक एवं जीवंत बना दिया।

जगह-जगह उमड़े जनसमूह ने लगाये जयकारे

पूरे यात्रा मार्ग में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन रथ से कार्यकर्ताओं और नागरिकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए दिखाई दिए। जगह-जगह उमड़े जनसमूह ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से वातावरण को ऊजार्वान बना दिया। उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. नीरज बोरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का विशेष स्वागत किया। इस दौरान डॉ. नीरज बोरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को झालमुड़ी (भेलपुरी) खिलाकर आत्मीय अभिनंदन किया, जो कार्यकर्ताओं और उपस्थित नागरिकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लोकभवन के बाहर ओबीसी मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का अनूठे ढंग से स्वागत किया गया। क्रेन की सहायता से लगभग 40 फीट ऊंची फूलों की विशाल माला पहनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया गया। इस दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

- भाजपा के विभिन्न मोर्चों ने भी स्वागत कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, किसान मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा सहित विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बुलडोजरों पर खड़े होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पर पुष्पवर्षा करते दिखाई दिए। यह दृश्य अभिनंदन यात्रा की भव्यता और कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रतीक बना। स्वागत कार्यक्रम संयोजक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी स्वयं रथ के आगे चल रहे थे। दोनों नेताओं ने पूरे मार्ग में व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और भव्य अभिनंदन यात्रा को अनुशासित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनुशासन, उत्साह और संगठनात्मक गरिमा के साथ संपन्न हुई यह अभिनंदन यात्रा लखनऊ में भाजपा की मजबूत संगठनात्मक शक्ति और जनसमर्थन का प्रभावी प्रदर्शन रही।

गाजियाबाद व रामपुर में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूरा

- फार्मर रजिस्ट्री में 2.38 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण, लक्ष्य का 82.69% कार्य पूरा
- योगी सरकार ने तय समयसीमा में लक्ष्य पूरा करने के लिए बढ़ाई रफ्तार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से डिजिटल कृषि व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है। किसानों को सरकारी योजनाओं का पारदर्शी और त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में चल रही फार्मर रजिस्ट्री अभियान ने अब बड़े स्तर पर परिणाम देना शुरू कर दिया है। यूपी के गाजियाबाद और रामपुर में 100 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण हो गया है। प्रदेश सरकार की सक्रिय पहल के चलते अब तक 2.38 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है, जो केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 82.69 प्रतिशत है।

प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान की शुरूआत 5 नवंबर 2024 से की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान प्रगति के अनुसार अब तक 2, 38,72,418 किसानों का नामांकन किया जा चुका है, जबकि लगभग 49,98,007 किसानों का पंजीकरण अभी शेष है। योगी सरकार ने इस अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, कृषि विभाग और स्थानीय स्तर के कर्मचारियों को तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

सरकार का उद्देश्य किसानों का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार करना है, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, कृषि अनुदान, ऋण सुविधा और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सके। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अगले 90 दिनों यानी 26 सितंबर 2026 तक लक्ष्य पूरा करना है। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता केवल पंजीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि भूमि और किसानों के रिकॉर्ड को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाना भी है। इसी क्रम में अंश निर्धारण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में अंश निर्धारण का कार्य 87.53 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इससे भूमि रिकॉर्ड की शुद्धता बढ़ेगी और भविष्य में विवादों को कम करने में मदद मिलेगी।

शिक्षा के साथ संस्कार और सुरक्षा का पाठ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बना रही है। इसी सोच के अनुरूप जुलाई में प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में नियमित पठन-पाठन के साथ बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया, सतत मूल्यांकन, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सांस्कृतिक गतिविधियों और करियर मार्गदर्शन का व्यापक अभियान चलेगा।

शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार पूरे माह संचालित होने वाली गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ उनके व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, जीवन कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। नियमित शिक्षण के साथ सीखने की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता, अनुशासन और व्यावहारिक कौशल को भी समान रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। जुलाई में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस, विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान, वन महोत्सव,

विद्यालयों में होंगे विविध कार्यक्रम

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान तथा करियर काउंसिलिंग (साइकोमेट्रिक टेस्ट) जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, सामाजिक दायित्व और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा।

जुलाई में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार नियमित शिक्षण कार्य जारी रहेगा। कक्षा 9 से 12 तक प्रवेश संबंधी कार्य पूरे किए जाएंगे। कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के विवरण का मिलान कर बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जबकि कक्षा 11 के विद्यार्थियों का पंचम पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाएगा। विद्यार्थियों को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन भी कराए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कक्षा 9 से 12 तक जुलाई के दूसरे सप्ताह में प्रथम यूनिट टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इसमें मई माह के गृहकार्य का मूल्यांकन तथा अप्रैल से जुलाई के प्रथम सप्ताह तक पढ़ाए गए पाठ्यक्रम पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति का आकलन किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक अनुश्रवण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जुलाई माह में अभिभावक-शिक्षक संघ की सामान्य सभा एवं कार्यकारिणी का गठन कराया जाएगा। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अरुणाचल प्रदेश और मेघालय की संस्कृति, लोककला और परंपराओं से परिचित कराया जाएगा। स्काउट-गाइड गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ विद्यालयों में योग, खेलकूद, प्रार्थना सभा आधारित प्रेरक कार्यक्रम तथा डिजिटल शिक्षण गतिविधियों का भी आयोजन होगा। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सामाजिक सहभागिता का विकास होगा। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि जुलाई का शैक्षणिक कैलेंडर विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

मुफ्त आईएएस-पीसीएस आवासीय कोचिंग योजना बनी युवाओं की उम्मीद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब व मेधावी युवाओं के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित निःशुल्क आईएएस-पीसीएस आवासीय कोचिंग योजना बड़ी राहत बनकर सामने आई है। समाज कल्याण विभाग की इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पूरी तरह निशुल्क कराई जाएगी।

5 जुलाई 2026 को प्रदेश के सभी मंडलों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में कुल 10,175 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा के बाद काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को प्रदेश के विभिन्न आवासीय कोचिंग सेंटरों में प्रवेश दिया जाएगा।

नियमित कक्षाएं 1 अगस्त 2026 से प्रारंभ होंगी, जबकि यह शैक्षणिक सत्र 31 मई 2027 तक संचालित किया जाएगा। प्रदेश के सात आवासीय कोचिंग सेंटरों में कुल 865 चयनित छात्र-छात्राओं को निशुल्क आवासीय सुविधा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। इनमें से 25 प्रतिशत सीटें ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए आरक्षित हैं जो लेटरल एंट्री के माध्यम से प्री परीक्षा क्वालीफाई कर चुके हैं। चयनित अभ्यर्थियों को रहने, खाने, पुस्तकें, स्टडी मटेरियल और अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन जैसी सभी सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का उद्देश्य है कि प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक अभाव के कारण अपने सपनों से समझौता न करें। यह योजना केवल कोचिंग कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का बड़ा प्रयास है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि आर्थिक तंगी किसी भी प्रतिभाशाली छात्र के भविष्य में बाधा न बने। इसी उद्देश्य से सरकार गरीब और होनहार युवाओं को निशुल्क आवासीय कोचिंग उपलब्ध करा रही है, ताकि वे यूपीएससी और यूपीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें।

संजीव सिंह, निदेशक, समाज कल्याण विभाग ने बताया कि वर्तमान समय में निजी कोचिंग संस्थानों में आईएएस-पीसीएस की तैयारी पर लाखों रुपये खर्च होते हैं, जो गरीब परिवारों के लिए मुश्किल होता है। ऐसे में योगी सरकार की यह योजना एसी, एसटी और ओबीसी वर्ग के युवाओं के लिए नई उम्मीद बनकर सामने आई है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित मार्गदर्शन मिलने से वंचित वर्ग के युवा प्रशासनिक सेवाओं में अपनी मजबूत भागीदारी दर्ज कराएंगे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वाराणसी का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम जल्द बनेगा नयी पहचान

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का 92% निर्माण कार्य पूरा, शिव थीम पर तैयार हो रहा स्टेडियम बनेगा आकर्षण का केंद्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रहे हैं। उनकी दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व में प्रदेश में खेल अवसंरचना तेजी से विकसित हो रही है। इसी कड़ी में वाराणसी में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में उभर रहा है। लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह अत्याधुनिक स्टेडियम प्रदेश में खेल विकास के नए युग की शुरूआत का प्रतीक बन चुका है। स्टेडियम का निर्माण कार्य 92 प्रतिशत पूरा हो चुका है और जल्द ही यह खिलाड़ियों व क्रिकेट प्रेमियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

यह परियोजना उत्तर प्रदेश की बढ़ती खेल क्षमता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश खेल क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह स्टेडियम न केवल पूर्वांचल के खिलाड़ियों के लिए नई संभावनाएं खोलेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर मजबूत पहचान भी दिलाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अनूठी शिव थीम है, जो इसे देश के अन्य क्रिकेट स्टेडियमों से अलग पहचान देती है। स्टेडियम का मीडिया सेंटर/नार्थ पवेलियन भगवान शिव के डमरू के आकार में तैयार किया जा रहा है। वहीं फ्लडलाइट्स त्रिशूल की आकृति में स्थापित की जा रही हैं। प्रवेश द्वार बेलपत्र थीम पर आधारित है, जबकि छत को अर्धचंद्राकार स्वरूप दिया जा रहा है। काशी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आधुनिक वास्तुकला के साथ जोड़ने का यह प्रयास स्टेडियम को एक अद्वितीय पहचान प्रदान करेगा। लगभग 30,000 दर्शकों की बैठने की क्षमता वाला यह स्टेडियम आधुनिक सुविधाओं और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। परिसर में एक अंतरराष्ट्रीय मानकों का मुख्य क्रिकेट मैदान और एक पूर्ण आकार का प्रैक्टिस ग्राउंड तैयार किया गया है। इससे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन के साथ-साथ खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए भी उत्कृष्ट वातावरण उपलब्ध होगा। फिलहाल स्टेडियम का निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है, सितंबर माह तक पूरा होने की संभावना है। स्टेडियम में खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, प्रसारण एजेंसियों और दर्शकों के लिए सभी आवश्यक विश्वस्तरीय सुविधाओं का समावेश किया गया है। इसमें अत्याधुनिक ड्रेसिंग रूम, आधुनिक पवेलियन, उन्नत मीडिया एवं ब्रॉडकास्ट सुविधाएं, 1500 गाड़ियों की क्षमता वाली पार्किंग, उच्च क्षमता वाली फ्लडलाइट व्यवस्था, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, उन्नत विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा प्रबंधन और दर्शकों के लिए उच्चस्तरीय सुविधाएं शामिल हैं। इन व्यवस्थाओं के चलते यह स्टेडियम देश के प्रमुख क्रिकेट स्टेडियमों की श्रेणी में शामिल होने की पूरी क्षमता रखता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की एक और बड़ी उपलब्धि यह है कि इसका निर्माण उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अपनी संचित निधियों से कराया जा रहा है। लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। यह स्टेडियम यूपीसीए की वित्तीय आत्मनिर्भरता, संस्थागत क्षमता और प्रदेश में क्रिकेट के समग्र विकास के प्रति उसकी गंभीर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह परियोजना इस बात का उदाहरण है कि अगर खेल संस्थाएं दूरदर्शी सोच और संसाधनों के प्रभावी उपयोग के साथ कार्य करें, तो विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना का निर्माण संभव है। इस परियोजना को साकार करने में योगी सरकार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने इस स्टेडियम परियोजना को हर स्तर पर मजबूत सहयोग प्रदान किया। राज्य सरकार द्वारा स्टेडियम निर्माण के लिए लगभग 90 वर्षों की अवधि के लिए भूमि लीज पर उपलब्ध कराई गई, जिससे परियोजना को मजबूत आधार मिला। यही नहीं, परियोजना से जुड़ी सभी प्रशासनिक अनुमतियां और आवश्यक स्वीकृतियां भी समयबद्ध ढंग से प्रदान की गईं, जिससे निर्माण कार्य बिना किसी बड़ी बाधा के तेज गति से आगे बढ़ सका है। यह स्टेडियम केवल एक खेल परिसर नहीं होगा, बल्कि पूरे पूर्वांचल में क्रिकेट के भविष्य का केंद्रबिंदु बनेगा। वाराणसी सहित पूर्वांचल के लाखों युवाओं को अपने ही क्षेत्र में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, अभ्यास और प्रतियोगी माहौल उपलब्ध होगा। इससे क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के बेहतर अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त यह स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर वाराणसी को वैश्विक खेल मानचित्र पर नई पहचान देगा। खेल गतिविधियों में वृद्धि से खेल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय रोजगार, होटल उद्योग, परिवहन, व्यापार और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी ने बताया कि क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य 92 प्रतिशत पूरा हो चुका है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश सरकार और वाराणसी प्रशासन के सफल समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

सीलिंग कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

एलडीए और आवास विकास से वार्ता की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल की ट्रांसगोमती इकाई की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को इंदिरानगर में ट्रांसगोमती अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता और अमिताभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में शहर में एलडीए और आवास विकास परिषद की ओर से चलाए जा रहे सीलिंग अभियान पर व्यापारियों ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे तत्काल रोकने और व्यापारी संगठनों से वार्ता करने की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि बिना पर्याप्त संवाद और व्यापारियों को उचित अवसर दिए सीलिंग की कार्रवाई से व्यापारियों में भय और असंतोष का माहौल है। यदि किसी प्रकार की अनियमितता है तो उसका समाधान बातचीत और नियमानुसार किया जाना चाहिए, न कि सीधे कठोर कार्रवाई से। अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापारी समाज हमेशा कानून का सम्मान करता है, लेकिन प्रशासन को भी वर्षों से संचालित व्यापारिक प्रतिष्ठानों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक और न्यायसंगत निर्णय लेने चाहिए। व्यापारी नेता नितिन जैन ने कहा कि एकतरफा कार्रवाई से हजारों व्यापारियों और उनके कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से व्यापारी संगठनों के साथ बैठक कर ऐसा समाधान निकालने की मांग की, जिससे विकास कार्य भी प्रभावित न हों और व्यापारियों का उत्पीड़न भी न हो। अरविंद पाठक ने कहा कि बिना पूर्व सूचना और पर्याप्त समय दिए सीलिंग की कार्रवाई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल व्यापारियों के वैध अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा और आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन भी किया जाएगा। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने सर्वसम्मति से मांग की कि एलडीए और आवास विकास परिषद व्यापारी संगठनों के साथ वार्ता कर व्यावहारिक समाधान निकाले तथा अनावश्यक सीलिंग कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाए। बैठक में गोपाल अग्रवाल, मनीष वर्मा, पवन अग्रवाल, हिमांशु भट्ट, बिक्की देहलयानी, निखिल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक हों व्यापारी

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल की ओर से शनिवार को लाटूश रोड स्थित कार्यालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में होटल, रेस्टोरेंट और विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जुड़े व्यापारियों को आग से बचाव के उपायों और अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का लाइव डेमो देकर प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) अंकुश मित्तल और अग्निशमन विभाग के पुष्पेंद्र यादव ने व्यापारियों को आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों, अग्निशमन उपकरणों के सही इस्तेमाल और आपातकालीन प्रतिक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय रहते सतर्कता और सुरक्षा मानकों का पालन कर बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों, कर्मचारियों और संपत्ति की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए व्यापारियों को पर्याप्त समय और सहयोग देने की मांग की।

- दुर्घटनाओं से बचाव के लिए हुआ लाइव डेमो

इस पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल ने आश्वस्त किया कि अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन में व्यापारियों को पूरा सहयोग दिया जाएगा, ताकि सभी प्रतिष्ठान सुरक्षित वातावरण में संचालित हो सकें। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन प्रत्येक व्यापारी की जिम्मेदारी है और नियमित प्रशिक्षण से दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम की जा सकती है। वहीं राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच और उनके उपयोग का अभ्यास करने पर जोर दिया। अनिल विरमानी ने कहा कि प्रशासन और व्यापारी संगठनों के बेहतर समन्वय से ही सुरक्षित व्यापारिक माहौल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, पदाधिकारी और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने लखनऊ के कलाकारों, साहित्यकारों व बुद्धिजीवियों से की भेंट

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने लखनऊ प्रवास के दौरान पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह जी के आवास पर शहर के कलाकारों, साहित्यकारों, संस्कृति कर्मियों एवं बुद्धिजीवियों से आत्मीय भेंट की। साथ में राष्ट्रीय महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नीरज सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहें। इस अवसर पर देश की सांस्कृतिक विरासत, साहित्य, कला और समाज के विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में जनकल्याण, विकास, सांस्कृतिक संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। संवाद के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए तथा समाज और संस्कृति के क्षेत्र में सकारात्मक सहभागिता को लेकर सुझाव दिए। भेंट में प्रमुख रूप से विजय कुमार, डॉ. ए.एन. सिंह, आत्म प्रकाश सिंह, मालिनी अवस्थी, डॉ. सूर्यकांत, विजय कुमार, माड़वी सिंह, पूर्णिमा पांडेय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

डिमांड बिजली खर्च के हिसाब से बढ़ता है बिल में भी दिखेगा

लखनऊ। बिजली विभाग उपभोक्ताओ को बिना बताये लोड को बढ़ाने का आरोप लग रहा है। जबकि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिजली बिल पर स्वीकृत लोड और वर्तमान लोड साफ तौर पर लिखकर आता है। ऐसे में यह आरोप लगाना गलत है कि विभाग के बिना बताये ही लोड बढ़ा दिया। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता रामकुमार ने बताया कि वर्तमान में डिमांड ज्यादा आ रहा है उसी के हिसाब से ही साफ्टवेर में अपने आप डिमांड बढ़ जाता है। लाखो बिजली उपभोक्ताओ का एक साथ डिमांड बढ़ाने से उपभोक्ता सोच में पड़ गये है कि आखिर अचानक लोड़ क्यो बढ़ा दिया गया है। ऐसे में पावर कार्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि बिल पर पहले ही बता दिया जाता है कि आपका वर्तमान लोड़ और पीछला लोड़ कितना है उसी के अधार पर लोड़ घटाया और बढ़ाया जाता है। हालाकि पावर कार्पोरेशन ने बिजली उपभोक्ता को यह भी आप्सन दिया है कि वह आनलाईन भी अपना लोड़ अपने हिसाब से बढ़ा सकता है। लोड बढाने पर प्रतिकिलोवाट के हिसाब से सिक्योरिटी डिपॉजिट सुरक्षा निधि के रुप में पैसा विभाग लेता है। न्यूनतम एक हजार से 15 सौ के बीच रहता है।

प्रदेश में जीएसटी संग्रह ने भरी नयी उड़ान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश लगातार आर्थिक मोर्चे पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जीएसटी राजस्व संग्रह में प्रदेश ने जून 2026 में 19 फीसदी की प्रभावशाली बढ़ोतरी दर्ज करते हुए 9165 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ यूपी ने पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में 14 फीसदी वृद्धि, केरल में 11 फीसदी और कर्नाटक में 10 फीसदी वृद्धि हुई। वहीं तमिलनाडु में 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इन सभी राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश ने 19 फीसदी की सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज कर अपनी मजबूत आर्थिक स्थिति का परिचय दिया है। यूपी ने मई 2026 में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए 8728 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व प्राप्त किया था, जो मई 2025 के 7732 करोड़ रुपये की तुलना में 13 फीसदी अधिक रहा। लगातार दो महीनों तक दोहरे अंकों में वृद्धि ने यह संकेत दिया है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था निरंतर गति पकड़ रही है। इससे पहले मई 2025 में 7732 करोड़ रुपए, जून 2025 में 7675 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि जून 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर 9165 करोड़ रुपये पहुंच गया।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का महापौर ने किया अभिनंदन

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के शनिवार को लखनऊ आगमन पर कार्यकताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका भव्य स्वागत किया। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। हवाईअड्डे से भाजपा प्रदेश कार्यालय के लिए रवाना होने के दौरान एयरपोर्ट के बाहर पर्वतीय समाज और पाल समाज की ओर से भी स्वागत समारोह आयोजित किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने दोनों मंचों से राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समाज के लोग मौजूद रहे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का लखनऊ आगमन संगठन के कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायी अवसर है। उनके नेतृत्व और संगठन कौशल से कार्यकताओं को नई ऊर्जा मिलेगी तथा संगठन और अधिक मजबूत होगा। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया।

नवजात पोषण को सुदृढ़ करने के लिए एलएमयू प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

लखनऊ। नवजात शिशुओं के पोषण एवं स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार की अभिनव पहल के तहत फैसिलिटी बेस्ड लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट (एलएमयू) विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय छह दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केजीएमयू और यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित किया गया। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित घोष ने कहा कि मां का दूध नवजात शिशु का पहला और सबसे अमूल्य अधिकार है। जन्म के पहले घंटे में स्तनपान की शुरूआत और पहले छह माह तक केवल मां का दूध ही शिशु के स्वस्थ जीवन की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण देकर प्रत्येक मां और नवजात तक गुणवत्तापूर्ण स्तनपान सहायता पहुंचाई जाएगी, जिससे हर बच्चे को जीवन की सर्वोत्तम शुरूआत मिल सके। महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. पवन कुमार अरुण ने कहा कि यह पहल केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि नवजात मृत्यु दर और संक्रमण के जोखिम को कम करने तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी कदम है। केजीएमयू की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि 12 बेड वाले एसएनसीयू के साथ लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट (एलएमयू) स्थापित की जा रही है।

47 लाख विद्युत उपभोक्ता में 25 प्रतिशत गरीब उपभोक्ता का लोड बढ़ाना गलत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा बिना पूर्व सूचना लगभग 46.79 लाख (लगभग 47 लाख) विद्युत उपभोक्ताओं का स्वीकृत विद्युत भार (लोड) बढ़ाए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई है।

परिषद का कहना है कि अब पूरे प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को संदेश भेजकर यह बताया जा रहा है कि उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने स्वीकृत लोड से अधिक भार का उपयोग किया, इसलिए उनका स्वीकृत लोड 1 किलोवाट से 2 किलोवाट अथवा अन्य श्रेणी में बढ़ा दिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई विद्युत नियामक आयोग के टैरिफ आदेश की भावना के विपरीत है। टैरिफ आदेश में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी उपभोक्ता का लोड निर्धारित अवधि तक अधिक पाया जाता है तो उसे नियमानुसार पूर्व सूचना देकर स्थिति से अवगत कराया जाना चाहिए। यदि लगातार तीन माह तक अधिक भार का उपयोग हुआ, तो उसकी जानकारी समय रहते उपभोक्ता को दी जानी चाहिए थी, बिना पूर्व सूचना सीधे स्वीकृत भार बढ़ाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि सबसे गंभीर पहलू यह है कि जिन लगभग 46.79 लाख उपभोक्ताओं का भार बढ़ाया गया है, उनमें लगभग 50 प्रतिशत स्मार्ट मीटर उपभोक्ता हैं तथा लगभग 25 प्रतिशत ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्हें सरकार की सब्सिडी योजना के अंतर्गत लाइफलाइन विद्युत उपभोक्ता के नाते रियायती दरों पर बिजली उपलब्ध होती है। ऐसे लाखों गरीब उपभोक्ताओं का भार 1 किलोवाट से 2 किलोवाट किए जाने के कारण उन्हें मिलने वाली सब्सिडी का लाभ स्वतः समाप्त हो रहा है। परिषद के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र का गरीब घरेलू उपभोक्ता, जो पहले 1 किलोवाट पर 50 फिक्स्ड चार्ज तथा निर्धारित खपत पर लगभग 300 का भुगतान करता था, अब 2 किलोवाट होने पर उसे 180 फिक्स्ड चार्ज के साथ अधिक ऊर्जा शुल्क देना पड़ेगा। इससे ऐसे उपभोक्ताओं पर औसतन लगभग 165 प्रतिमाह का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसी प्रकार शहरी गरीब घरेलू उपभोक्ताओं पर भी भारी वित्तीय भार पड़ेगा। जो उपभोक्ता पहले 1 किलोवाट श्रेणी में कम फिक्स्ड चार्ज और रियायती दरों का लाभ प्राप्त कर रहे थे, उनका भार 2 किलोवाट होने पर फिक्स्ड चार्ज एवं ऊर्जा शुल्क दोनों में वृद्धि होगी, जिससे उन पर लगभग 435 प्रतिमाह का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

राजस्व न्याय व्यवस्था होगी पूरी तरह डिजिटल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राजस्व न्याय प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश ने न्यायालयी कार्यवाही में अब मूल अभिलेखों के स्थान पर प्रमाणित स्कैन प्रतियों के उपयोग का निर्णय लागू कर दिया है। यह व्यवस्था राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। नई व्यवस्था के तहत अब राजस्व न्यायालयों में मामलों की सुनवाई और निर्णय प्रमाणित पूर्ण स्कैन दस्तावेजों के आधार पर होंगे। इन स्कैन फाइलों में आदेश पत्रक, नोटशीट, मानचित्र सहित सभी आवश्यक अभिलेख क्रमवार और स्पष्ट रूप से शामिल रहेंगे। साथ ही संबंधित रिकॉर्ड कीपर द्वारा प्रमाण पत्र भी अनिवार्य किया गया है, जिससे दस्तावेजों की विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके। इस बदलाव से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि मूल अभिलेखों को बार-बार स्थानांतरित करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे उनके गुम होने, क्षतिग्रस्त होने या देरी से उपलब्ध होने जैसी समस्याओं में कमी आएगी। केवल विशेष परिस्थितियों में ही न्यायालय के निर्देश पर मूल अभिलेख प्रस्तुत किए जाएंगे।

नेक्स्ट-जेनरेशन एग्रीकल्चर से ही खाद्य, पोषण और पर्यावरण सुरक्षा संभव : डॉ. हिमांशु

लखनऊ। सीएसआईआरझराष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई), लखनऊ में शनिवार को आयोजित 9वें प्रो. के.एन. कौल स्मृति व्याख्यान में अंतर्राष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईसैट) के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि भारत को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए नेक्स्ट-जेनरेशन एग्रीकल्चर अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से ही खाद्य, पोषण, आय और पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

लोटस प्रेक्षागृह स्थित के.एन. कौल ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पाठक ने ॠफूड टू न्यूट्रिशन, इनकम एंड एनवायरनमेंट सिक्योरिटी : नेक्स्ट-जेनरेशन एग्रीकल्चर विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1950 के दशक में खाद्यान्न संकट से जूझने वाला भारत आज खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर और कई कृषि उत्पादों का निर्यातक देश बन चुका है। पिछले सात दशकों में देश का खाद्य उत्पादन सात गुना बढ़ा है, जबकि कृषि योग्य भूमि में बहुत अधिक वृद्धि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण और बढ़ती जनसंख्या जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और अत्याधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग आवश्यक है। जीनोम एडिटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, रोबोटिक्स, रिमोट सेंसिंग, बिग डेटा एनालिटिक्स और प्रिसिजन एग्रीकल्चर जैसी तकनीकें भविष्य की टिकाऊ और लाभकारी कृषि व्यवस्था की आधारशिला बनेंगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक डॉ. ए.के. शासनी ने कहा कि प्रो. के.एन. कौल स्मृति व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य महान वनस्पतिविद् प्रो. कौल की वैज्ञानिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

विधानसभा का उपयोग लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने में करें विधायक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/कोलकाता। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा का उपयोग केवल चर्चा के मंच के रूप में नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने तथा अपने सार्वजनिक जीवन की विश्वसनीयता और जनस्वीकार्यता को बढ़ाने के सशक्त माध्यम के रूप में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जितना अधिक जनता का विश्वास अर्जित करेगा, उतनी ही सहजता और प्रभावशीलता से वह अपने क्षेत्र तथा प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर सकेगा।

सतीश महाना पश्चिम बंगाल विधानसभा में लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों के दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधायक का दायित्व है कि वह संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप कार्य करे। संविधान केवल अधिकारों का दस्तावेज नहीं, बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन की भी प्रेरणा देता है। जनप्रतिनिधियों को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी समुचित ज्ञान होना चाहिए।

विधानसभा समितियों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए महाना ने कहा कि सदन की विभिन्न समितियां जनहित के अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरतापूर्वक कार्य करती हैं। यदि विधायक इन समितियों का प्रभावी उपयोग करें तो जनता की समस्याओं का समाधान अधिक परिणामकारी ढंग से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सदन में सक्रिय, सकारात्मक और सार्थक सहभागिता ही किसी विधायक की वास्तविक पहचान बनाती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था एक कुर्सी के चार पायों के समान है। यदि इनमें से एक भी पाया कमजोर हो जाए तो पूरी व्यवस्था असंतुलित हो जाती है इसलिए विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका तथा अन्य लोकतांत्रिक संस्थाओं को संविधान की मयार्दाओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में यदि कोई अनावश्यक बाधा उत्पन्न करता है तो विधायिका को विशेषाधिकार जैसी संवैधानिक व्यवस्थाएं भी प्राप्त हैं, जिनका उद्देश्य सदन की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करना है। अपने संसदीय और प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए महाना ने कहा कि मंत्री और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने सदैव प्रदेश के विकास के साथ-साथ अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास को भी समान महत्व दिया। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों से आह्वान किया कि वे जनता से सतत संवाद बनाए रखें तथा अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली जैसे प्रखर संसदीय वक्ताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों और संसदीय आचरण का अध्ययन प्रत्येक विधायक के लिए प्रेरणादायी है। उनसे संसदीय गरिमा, संवाद की मयार्दा तथा प्रभावी अभिव्यक्ति की कला सीखी जा सकती है।

सतीश महाना ने नवनिर्वाचित विधायकों को प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छे कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचानी पड़ती है, जबकि गलत कार्य बिना बताए ही लोगों तक पहुंच जाते हैं। इसलिए प्रत्येक जनप्रतिनिधि को अपने आचरण, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति सदैव सजग, पारदर्शी एवं उत्तरदायी रहना चाहिए। यही एक सफल जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी पहचान है। कार्यक्रम में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री किरण रिजीजू, राज्यसभा उपसभापति हरिवंश, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष रथीन्द्र बोस समेत विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पीठासीन अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित रहे।

नितिन नबीन का लखनऊ आगमन पर चित्रांश समाज ने किया स्वागत

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के लखनऊ आगमन पर अखिल भारतीय चित्रांश सनातन महासभा ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया और स्वागत के दौरान ॠनितिन नवीन जिंदाबादॠ के नारे लगाए।

राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सक्सेना ने बताया कि कार्यकताओं के उत्साह को देखकर नितिन नवीन ने अपना काफिला कुछ देर के लिए रोका और हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 101 किलो लड्डू का वितरण भी कराया गया। स्वागत कार्यक्रम में विनोद कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र सक्सेना, विमलेश कुमार श्रीवास्तव, राजन सक्सेना, अभिषेक खरे, गोपी किशन श्रीवास्तव, सरिता वर्मा, अमिताभ बिहारी वर्मा, रमन निगम, सतेंद्र पटेल, दिनेश खरे, संतोष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, मानु प्रताप सिंह, प्रियांशु निगम, रत्ना श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

लविवि में समय से पहले कार्यालय छोड़ने पर कटेगी लीव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में कार्यबल की कार्यकुशलता, अनुशासन और समयबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए एक अत्यंत बड़ा और कड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, कार्यालयों और छात्रावासों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा निर्धारित कार्यालय समय का अनुपालन न करने तथा लगातार हो रही लेटलतीफी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कुलसचिव कार्यालय द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। प्रायः यह देखा गया है कि कर्मचारी निर्धारित कार्यालय समय का अनुपालन न करते हुए विलम्ब से आते हैं एवं समय से पूर्व कार्यालय छोड़कर चले जाते हैं। नए आदेश के अनुसार, निर्धारित समय से 15 मिनट विलम्ब से आने अथवा निर्धारित समय से 15 मिनट पहले कार्यालय छोड़े जाने पर संबंधित कर्मचारी का एक अर्द्ध अवकाश (हाफ लीव) माना जाएगा। यदि कोई कर्मचारी एक माह में अधिकतम 02 बार कार्यालय विलम्ब से आता है अथवा समय से पहले जाता है, तो उसके विरुद्ध दंडात्मक व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक 02 बार देर से आने अथवा समय से पूर्व जाने पर संबंधित कर्मचारी के खाते से एक दिवस का आकस्मिक या अर्जित अवकाश काट लिया जाएगा। कुलपति के आदेश के अनुपालन में समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, समन्वयक, निदेशक और इंचार्ज को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सभी विभागाध्यक्षों को व्यक्तिगत रूप से स्वयं के स्तर से इसका परीक्षण कर आकस्मिक/अर्जित अवकाश का समायोजन करते हुए कुलसचिव को सूचित करना होगा।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस डॉ. राम मनोहर लोहिया उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के नवनिर्मित भवन एवं परिसर का निर्माण कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड ने बाधित परियोजना का सम्पादन अथक प्रयासों से किया है। इस भवन को अकादमी होने के कारण अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है ताकि प्रशिक्षणकर्ताओं को कहीं भी किसी प्रकार की असुविधा न हो।

- वास्तुकला और आधुनिक अवसंरचना से युक्त बना परिसर
- परियोजना को उप्र राजकीय निर्माण निगम ने किया पूर्ण

इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस परियोजना की कुल लागत 464.15 करोड़ है। परियोजना में प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन, छात्रावास ब्लाक, डॉयनिंग ब्लाक, आवासीय ब्लाक श्रेणी-3 एवं 4, आवासीय ब्लाक श्रेणी-1 एवं 2, महानिदेशक आवास, निदेशक आवास इत्यादि भवन शामिल है। परियोजना प्रशासनिक उत्कृष्टता का नया केन्द्र बनाया गया है। इसकी प्रमुख विशेषताओं की बात की जायें तो इसमें अत्याधुनिक वास्तुकला एवं आधुनिक अवसंरचना से युक्त परिसर है।

साथ ही स्मार्ट एवं हाई-टेक शिक्षण वातावरण, हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड एवं उन्नत आईटी नेटवर्क सुविधा, प्रशिक्षण, आवास, सम्मेलन एवं खेल सुविधाओं का एकीकृत परिसर, विशाल एवं हरित परिसर के साथ उत्कृष्ट लैंडस्केपिंग दी गयी है। साथ ही भविष्य की प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित अवसंरचना रखी गयी है। राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजनों की क्षमता, डिजिटल कॉन्फ्रेंसिंग एवं हाइब्रिड प्रशिक्षण व्यवस्था के लिए विभिन्न क्षमताओं के प्रशिक्षण कक्ष, स्मार्ट एवं हाई-टेक कक्षाएं, ई-लर्निंग व वर्चुअल प्रशिक्षण, अत्याधुनिक हाल, डिजिटल कॉन्फ्रेंस हाल, मल्टीपरपल हाल एवं डिजिटल ऑडियो की सुसज्जित व्यवस्था और 300 व्यक्तियों की क्षमता वाला सभागार इत्यादि सुविधायें दी गयी है।

अकादमी को बनाने में राजकीय निर्माण निगम के एमडी आरएन सिंह का अभूतपूर्व योगदान रहा। परियोजना की शुरूआत से लेकर अंतिम पड़ाव तक गहन निगरानी रखी ताकि परियोजना में कहीं भी किसी तरह की कोई कमी न हो। उसी का परिणाम रहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के नवनिर्मित भवन एवं परिसर आधुनिकता और वास्तुकला की मिसाल बनकर उभरा है।

नगर निगम के दस्ते ने 30 ठेले और छह गुमटियां हटायीं

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने शहर में अवैध अतिक्रमण और यातायात बाधाओं के खिलाफ शनिवार को व्यापक अभियान चलाते हुए विभिन्न क्षेत्रों से करीब 25 से 30 ठेले और छह गुमटियां हटाईं। अभियान के दौरान जानकीपुरम स्थित अर्जुन पार्क के पास लगने वाली सब्जी मंडी को वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए स्थल निरीक्षण भी किया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-3 में जोनल अधिकारी मनोज यादव की निगरानी में नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की। अभियान के तहत हनुमान सेतु से इंदिरा ब्रिज तक सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने में मदद मिली।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट–www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड/भवन संख्या	योजना का नाम	मृत्यु का दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी (मृतक) से सम्बन्ध
1	मीरा	भूखण्ड सं0-SS-890, सेक्टर-जी	कानपुर रोड	09.02.2021	विनोद कुमार लीना, राखी रावत, रूबि, रोमा	-- -- --	पुत्र पुत्रियां (विवाहित)
2	श्री मदन गोपाल लोहानी, श्री पूरन प्रकाश लोहानी, श्री शंकर प्रसाद लोहानी, रमा पाण्डे, पुष्पा जोशी, सविता पाण्डें, विनीता जोशी, उषा लोहानी एवं अभिषेक लोहानी (मृतक)	भूखण्ड सं0-सी-825,	महानगर	08.08.2024 06.04.2025	1. श्री पूरन प्रकाश लोहानी, पुत्र स्व0 गौरी दत्त लोहानी, 2. अभिषेक लोहानी पुत्र श्री योगेश चन्द्र लोहानी 3. श्रीमती आभा लोहानी, पत्नी स्व0 मदन गोपाल 4. श्रीमती हेमा लोहानी पत्नी स्व0 शंकर प्रसाद लोहानी	श्रीमती मधुमिता लोहानी-पुत्री एवं श्री आभास लोहानी-पुत्र स्व0 मदन गोपाल लोहानी, श्रीमती मीनाक्षी लोहानी-पुत्री एवं श्री मनी लोहानी-पुत्र स्व0 शंकर प्रसाद लोहानी	पुत्र/पत्नी, पुत्र तथा दान विलेख के आधार पर
3	स्व0 श्रीमती कृष्णा देवी (मृतक)	भूखण्ड सं0-सी-113	सेक्टर-एच, अलीगंज योजना, लखनऊ	20.06.2011	श्री मारूती शर्मा श्रीमती नीलम चौबे	-- --	पुत्र पुत्री
4	श्री नौमी लाल कनौजिया	भवन संख्या-ई-3/354, सेक्टर-एच	कानपुर रोड	07.01.1999	श्रीमती शकुन्तला देवी	श्री आशीष कुमार कनौजिया श्री अमित कुमार कनौजिया श्री सचिन कुमार कनौजिया श्रीमती निशि कनौजिया	मृतक के पुत्रगण मृतक की विवाहित पुत्री
5	स्व0 गोपाल वर्मा	भवन सं0-1/347	सेक्टर-जे, जानकी पुरम योजना, आश्रयहीन भवन	07.01.2026	श्री सोनू वर्मा	1. श्री भूपेन्द्र वर्मा	पुत्र 38 वर्ष पुत्र 45 वर्ष

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

बच्चे की पिटाई से मौत, हिरासत में युवक

- फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में हुआ पोस्टमार्टम
- मां बोली बाथरूम में गिरकर हुआ था घायल
- सिर और शरीर पर मिले चोट के निशान पुलिस मामले को दबाने में जुटी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मड़ियांव क्षेत्र में साढ़े चार साल के बच्चे की मौत पिटाई से हुई थी। मां के अनुसार शुक्रवार शाम करीब छह बजे बच्चा बाथरूम में नहा रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया, जिससे सिर में गंभीर चोट आई। वह उसे इलाज के लिए डा. राम मनोहर लोहिया संस्थान लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि महिला बेटे का शव अस्पताल में छोड़कर ही चली गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, शनिवार को फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में बच्चे का पोस्टमार्टम किया गया। इसमें बच्चे के सिर में गंभीर चोट आने से मौत होने की पुष्टिद्द हुई है। इसके अलावा उसके शरीर पर कई और चोट के निशान मिले हैं। इस मामले में इंस्पेक्टर मड़ियांव का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने पर आगे की कार्रवाई होगी। हालांकि वह वीआईपी मूवमेंट में व्यस्त होने का हवाला देते रहे। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने महिला के साथ रह रहे एक युवक को भी हिरासत में लिया है।

अहम, मृतक

उन्नाव के बीघापुर निवासी दिनेश कुमार मजदूरी करते हैं। दिनेश ने बताया कि पत्नी पूनम सबसे छोटे बेटे अहम के साथ लखनऊ में रहती है। शुक्रवार रात लालगंज गांव के शिव शंकर ने आकर बताया कि बेटे की मौत हो गई है। इस पर वह परिवार के साथ लोहिया संस्थान पहुंचे। दिनेश ने बताया उनकी शादी पूनम से करीब 15 साल पहले हुई थी। दोनों के तीन बेटे प्रदीप, अभिषेक और अहम हैं। दिसंबर में पत्नी पूनम तीनों बच्चों के साथ मड़ियांव इलाके में अपनी बहन के पास आकर रहने लगी।

छोटे बेटे के साथ अकेले रह रही थी: दिनेश ने बताया कि वह कुछ दिन बाद उन्नाव वापस लौटी। बच्चों को ससुराल में ही छोड़कर खुद बंधुखेड़ा उन्नाव स्थित अपने मायके चली गई। अप्रैल में अचानक से बीघापुर थाने पहुंचीं। वहां पर बच्चों की कस्टडी की मांग की। इस पर पुलिस के सामने समझौता होने पर पूनम छोटे बेटे अहम को अपने लेकर साथ चली गई। फिर से वह लखनऊ में बेटे अहम के साथ रहने लगी। इस दौरान पूनम को उसकी बहन ने वापस जाने के लिए कह दिया। तो पूनम उनके घर से निकल गई और अलग किराए का कमरा लेकर रहने लगी। शुक्रवार रात अचानक से बेटे अहम की मौत की खबर दिनेश को मिली।

अस्पताल में शव छोड़कर जाने का आरोप: दिनेश का आरोप है कि बच्चे की मौत की जानकारी होने पर पूनम शव अस्पताल में ही छोड़कर भाग गई। अस्पताल के कर्मचारियों ने भी दिनेश को यही जानकारी दी कि महिला शव छोड़कर चली गई है। दिनेश के मुताबिक काफी देर तक संपर्क करने के बाद पूनम सुबह आई। पूनम का कहना है कि डॉक्टर ने सुबह आने के लिए कहा था, इसलिए वह रात में चली गई थी। दिनेश व परिजनों के आरोप प्रत्यारोप को देखते हुए पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिर और शरीर पर मिले चोट के निशान: मामले की गंभीरता को देखते हुए अहम के शव का पोस्टमार्टम फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में किया गया। उसके शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं। इससे लगता है कि उसकी पिटाई की गई है। यही नहीं उसके सिर पर भी वार किए गए। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत होने की बात सामने आ रही है। वहीं, पुलिस ने महिला के पास अक्सर आने वाले एक युवक को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस इस पूरे मामले को दबाने के प्रयास में जुटी हुई है।

दिव्यांग छात्रा मोबाइल टावर पर चढ़ी

- पुलिस के आश्वासन के बाद उतरी
- साथी खिलाड़ी पर लगाया रेप का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र में दर्ज दुष्कर्म के एक मामले में आरोपित की गिरफ्तारी न होने से नाराज एक दिव्यांग छात्रा शनिवार सुबह बुद्धेश्वर स्थित बजरंग बिहार इलाके में करीब 150 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब दो घंटे की मशक्कत और समझाइश के बाद कार्रवाई का लिखित आश्वासन देकर छात्रा को सुरक्षित नीचे उतार लिया। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही।

मूलरूप से जालौन निवासी छात्रा डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। वह पारा क्षेत्र में किराये के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रही है। छात्रा ने 26 अप्रैल को अपने सहपाठी राहुल कुमार वर्मा, निवासी पुरानी बस्ती वजीरगंज, के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। छात्रा का आरोप है कि दोनों के बीच पढ़ाई के दौरान नजदीकियां बढ़ीं और आरोपित ने विवाह का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाए। बाद में परिवार द्वारा दूसरी जगह शादी तय होने पर उसने विवाह से इनकार कर दिया।

छात्रा का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिससे वह लगातार थाने और चौकी के चक्कर लगाती रही। पुलिस की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या के उद्देश्य से मोबाइल टावर पर चढ़ने का कदम उठाया। मौके पर पहुंचे समाजसेवी कुलभूषण की पहल पर पुलिस ने कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद छात्रा सुरक्षित नीचे उतर आई। मोहान रोड चौकी प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि मामले में आरोपित को न्यायालय से गिरफ्तारी पर अंतरिम राहत (स्टे) प्राप्त है।

पति पर विवाहिता ने लगाया प्रताडना का आरोप

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता ने पति पर शराब के नशे में मायके पहुंच उपद्रव मचा धमकी दे भाई की कार में तोड़फोड़ करने का आरोप लगा नामजद केस दर्ज कराया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित समर विहार निवासी स्वाती त्रिवेदी के अनुसार उसका विवाह आशियाना के बंगला बाजार निवासी अमित कुमार त्रिवेदी से हुआ था। विवाह के बाद से पति मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रताड़ित करता रहा। आरोप है कि 2 जुलाई की रात पति साथी मुकुल पांडे के साथ मायके पहुंचा और गेट पीटते हुए गाली-गलौज करने के साथ उसके परिवार को धमका भाई की कार संख्या यूपी-32 एफक्यू-2034 पर पत्थर मारकर आगे-पीछे के शीशे समेत कई हिस्से क्षतिग्रस्त कर दिया।

वामा सारथी द्वारा बुक फेयर-2026 का शुभारंभ

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन स्थित संगोष्ठी सभागार में वामा सारथी (यूपी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) द्वारा 'बुक फेयर-2026' व 'रीडिंग रूम' का शुभारंभ हुआ। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों में अध्ययन की संस्कृति को बढ़ावा देना, पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करना तथा ज्ञान एवं बौद्धिक विकास के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ वामा सारथी की अध्यक्षा मीनाक्षी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, सकारात्मक सोच एवं जीवन मूल्यों के विकास का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रख्यात लेखक हिमांशु बाजपेयी, कनक रेखा चौहान, इतिहासकार रवि भट्ट, शिक्षाविद् दिव्या भारद्वाज भट्टाचार्या, लेखक चन्द्रशेखर वर्मा, रेडियो जॉकी एवं डिजिटल कंटेंट क्रिएटर प्रतीक भारद्वाज तथा यूनिवर्सल बुक स्टोर के चन्द्र प्रकाश सहित गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

बंद पड़ी है अल्ट्रासाउंड मशीन व एक्सरे मशीन

लखनऊ। लखनऊ की विकास खंड माल में रोगियों की सुविधा के लिए अल्ट्रा साऊंड मशीन स्थापित है लेकिन बीते डेढ़ वर्ष से बंद पड़ी है। वहीं एक्सरे मशीन लगभग बीते छह माह से किसी न किसी कमी के चलते मरीजों को सुविधा नहीं सुलभ करा पा रही है। वर्तमान में जब एक्सरे हो भी जाते हैं तो मरीजों को फिल्म और रिपोर्ट नहीं मिल रही है। जिससे उनके मोबाइलों पर फिल्म और रुड़ी की कापी मुहैया कराकर काम चलाया जा रहा है। सबसे आश्चर्य की बात कि सरकार और सूबे के स्वास्थ्य मंत्री का दावा है कि जच्चा बच्चा से लेकर किसी को कोई भी जांच और दवा बाहर से नहीं लेनी पड़ेगी। अल्ट्रा साउंड और एक्सरे बाहर से ही करना मजबूरी है। सूत्रों की माने की अस्पतालों के लिए विशेष प्रकार का कोष जिसे रोगी कल्याण कोष (निधि) बीते दो वर्षों से भी अधिक समय से इन अस्पतालों को सरकार द्वारा नहीं मुहैया कराई गई है और तो और बीते डेढ़ वर्ष से प्रसूताओं को मिलने वाली छह हजार वाली धन राशि भी नहीं मिल रही है।

अपार्टमेंट की पार्किंग को लेकर विवाद रेजिडेंट ने किया हंगामा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित अर्बन वुड अपार्टमेंट के दो बिल्डरों की लड़ाई में अपार्टमेंट की पार्किंग का विवाद अब और बढ़ता जा रहा है। अपार्टमेंट के निर्माण के समय बिल्डर आशीष अग्रवाल और शशांक गुप्ता में अच्छी दोस्ती थी लेकिन आपस कुछ विवाद के कारण बिल्डर शशांक गुप्ता अर्बन वुड्स अपार्टमेंट्स फेज 1 तथा आशीष अग्रवाल अपार्टमेंट फेज 2 में अपना अपना कार्य अलग कर लिए, लेकिन पार्किंग दोनों अपार्टमेंट की एक ही रही। एलडीए द्वारा अप्रूव नक्शे में एक गेट से एंट्री और दूसरे गेट से निकासी का रास्ता रखा गया था। बिल्डरों की विवाद के कारण अब एक ही गेट से पेज वन के फ्लैटियर आना-जाना करते हैं यही हाल पेज टू अपार्टमेंट के लोगों का है। आरोप है कि पार्किंग में फेज वन के बिल्डर शशांक गुप्ता गाड़ी फेस 2 के लोगो की गाड़ियां खड़ी होने से रोकते हैं। जिसको लेकर बीच में एक दीवार भी बनाई गई थी लेकिन कुछ समय पहले पार्किंग में आने-जाने की दिक्कतों को लेकर वहां रहने वाले लोगों ने दीवार को हटा दिया। जिसे आना-जाना सुगम हो सके। शनिवार को एक बार फिर दोनों बिल्डरों के बीच बेसमेंट की पार्किंग के विवाद फिर बढ़ गया। इसके बाद वहां रहने वाले लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।

दहेज हत्या में पति समेत चार पर मुकदमा

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र के हंसखेड़ा में विवाहिता की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतका के भाई की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और हत्या के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

अनौरा अमौसी निवासी नागेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 32 वर्षीय बहन रेशम यादव का विवाह वर्ष 2019 में हंसखेड़ा निवासी राजवीर यादव के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, सास, ससुर और बड़ी ननद कम दहेज लाने को लेकर रेशम का मानसिक और उत्पीड़न करते थे।

इसके बाद मृतका के भाई ने थाना पारा में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पति राजवीर यादव, सास सावेर सूरी, ससुर दिनेश यादव और बड़ी ननद शालिनी यादव के विरुद्ध दहेज हत्या सहित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

लखनऊ। सुशांत गोल सिटी इलाके में शुक्रवार की रात अपनी ड्यूटी खत्म करके बाइक से घर वापस जा रहे एक सुपरवाइजर की बाइक में किसी कर ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास से गुजरने वाले लोगों ने घटना की जानकारी सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए ट्राम 2 भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बलिया स्थित मौलानपार गांव के रहने वाले मृत्युंजय कुमार भारती (27) इंदिरा नगर स्थित हरिहर नगर में किराए के मकान में रहकर लुलु मॉल में सुपरवाइजर थे। भाई अभिषेक ने बताया कि उनके भाई मृत्युंजय शुक्रवार देर रात ड्यूटी के बाद मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहे थे रास्ते में सुशांत गोल्फ सिटी फीनिक्स प्लासियो माल के सामने एक तेज रफ्तार कार चालक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

वही कार चालक मौके से कार लेकर भाग निकला उसे मरणासन्न हालत में पड़ा देखा लोगों ने पड़ा देखा तो घटना की पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें इलाज के लिए ट्रामा 2 ले गई एवं मोबाइल से घर वालों को घटना की सूचना दी। घर वाले जब ट्रामा 2 पहुचे तो मृत्युंजय की मौत हो चुकी थी।

फांसी लगाकर युवक ने दी जान

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शुक्रवार रात युवक ने पंखे में फंदा डालकर जान दे दी। परिजनों को जब घटना का पता चला तो उसे उतार कर सिविल अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अर्जुनगंज बाजार में रहने वाले संजय दुबे (30) ने पंखे के सहारे लटक कर जान दे दी। घटना के कुछ देर बाद भाई अजय दुबे को जानकारी हुई तो उसे उतार कर सिविल अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घर में घुसकर चोरी चोर कैमरे में कैद

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके स्थित जयपुरिया स्कूल निकट पंडित खेड़ा में एक किचन सेन्टर व्यवसाई के मकान मे बेखौफ तीन चोरों ने घुस चोरी की घटना को अंजाम दे दिया और मौके से फरार हो गए घटना के समय व्यापारी मकान की छत पर सो रहा था। मूलरूप से नवाबगंज प्रयागराज निवासी अमित कुमार के अनुसार वह कृष्णा नगर क्षेत्र के पंडित खेड़ा जयपुरिया स्कूल के निकट रहकर पंडित खेड़ा में ही किचन सेंटर के नाम से दुकान संचालित करते है।

धारदार हथियार से हमलाकर ने की थी हत्या

लखनऊ। पीजीआई पुलिस ने धारदार घातक हथियार से युवक की हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को पुष्पा रावत उर्फ क्षवि पत्नी स्व. विनोद कुमार रावत पता ग्राम जगत खेड़ा मजरा कल्ली पश्चिम थाना पी0जी0आई0 ने अखिलेश रावत पुत्र रामलोटन, अमन रावत निवासीगण ग्राम ईश्वरीखेड़ा थाना पीजीआई, राधे सरकार उर्फ अभिषेक, अरून रावत, अपिन लोधी, सचिन रावत निवासीगण ग्राम सरथुवा थाना पीजीआई, शिवम चटियार निवासी नरपतगंज, राजू उर्फ रज्जा व अन्य अज्ञात हमलावरों द्वारा उसके बेटे अभिषेक रावत को ग्राम सरथुवा में बुलाकर धारदार हथियार, लाठी-डण्डों व लोहे की करछुला (बड़ा पलटा) से हमला कर घायल कर दिया गया, जिसकी ईलाज के दौरान मौत हो गयी थी। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गयीं थी, जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया घटनास्थल पर पूछताछ की गयी। पूछताछ के दौरान सूचना मिलने पर घटनास्थल से घायल अवस्था मे भागा मुख्य आरोपी अखिलेश रावत पुत्र रामलोटन निवासी-ईश्वरी खेड़ा थाना पीजीआई को केजीएमयू ट्रामा सेन्टर से डिस्चार्ज होने के बाद गिरफ्तार किया गया।

गाली गलौज कर मारा पीटा, मुकदमा

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के कुरौनी स्थित गुलाब खेड़ा निवासी सूरज ने मोहल्ले के ही अंकेश, आयुष और अयोध्या प्रसाद पर गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। सूरज का कहना है कि 10 जून 2026 की रात करीब 11 बजे वह घर से लघु शंका के लिए बाहर निकला तो वहां लगी सार्वजनिक रोड लाइट बंद मिली। इस दौरान उसने रोड लाइट बंद होने पर विरोध जताया। आरोप है कि विरोध करने पर पड़ोसी अंकेश, उसके रिश्तेदार आयुष और अयोध्या प्रसाद उससे गाली गलौज करने लगे। जिससे सूरज के सिर में चोटें आईं। तब एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचा कर इलाज कराया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना सं.: 13-DYCEGA-2026
उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :-
क्रम सं.-1, कार्य का नामः गोरखपुर में-प्र.मु. परि.प्र., प्र.मु.वा.प्र. एवं प्र.मु.इं., कार्यालय के नवीनीकरण का प्रस्ताव। अनुमानित लागत (रू.में.): ₹ 3,66,41,195.36, बयाने की राशि (रू.में.): ₹ 7,32,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.): 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समयः 08 माह। क्रम सं.-2, कार्य का नामः गोरखपुर में- (1)-उप मुइं/गो.क्षे. के कार्यक्षेत्र में पुराने जीर्ण-शीर्ण आवासों के बदले 20 यूनिट टाइप-II आवासों के निर्माण का प्रस्ताव। (2)-उप मुइं/गो.क्षे. के कार्यक्षेत्र में बौलिया रेलवे कालोनी में पुराने जीर्ण-शीर्ण आवासों के बदले 20 यूनिट टाइप-II आवासों का निर्माण। अनुमानित लागत (रू.में.): ₹ 8,25,39,188.55, बयाने की राशि (रू.में.): ₹ 16,50,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.): 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समयः 12 माह। क्रम सं.-3, कार्य का नामः गोरखपुर में- (1)- वरूणा रेस्ट हाउस के नवीनीकरण का कार्य। (2)- रेलवे अधिकारी क्लब के पीछे पार्क के उत्थान का कार्य। अनुमानित लागत (रू.में.): ₹ 1,83,09,581.19, बयाने की राशि (रू.में.): ₹ 3,66,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.): 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि /समयः 06 माह।
कुल योगः ₹ 13,74,89,965.10
(1) ई-निविदा के खुलने की तिथिः दिनांक 27-07-2026 को 11:00 बजे, • ई-निविदा की बिडिंग तिथिः दिनांक 13-07-2026 से 27-07-2026 को 10:59 बजे तक। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (3) यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे., गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू-219
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पड़ोसियों पर गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र में पड़ोसी परिवार द्वारा लगातार गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चुन्नू खेड़ा, हंसखेड़ा चौकी क्षेत्र निवासी सत्ताक्षी यादव ने पारा थाने में दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने वाले एक परिवार के सदस्य लंबे समय से उससे और उसके परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। आरोप है कि परिवार के पुरुष और महिला सदस्य अक्सर गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं, जिससे उसे शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि 28 जून को दोबारा विवाद होने पर पीड़िता ने डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम के सामने भी आरोपित पक्ष द्वारा हंगामा, गाली-गलौज और मारपीट करने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया गया। इसके बाद मामले की सूचना पारा थाने को दी गई, जहां स्थानीय पुलिस के पहुंचने पर भी विवाद शांत नहीं हुआ। प्रकरण की जांच के बाद पुलिस आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के लखनऊ आगमन के चलते यातायात व्यवस्था चरमरायी

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के लखनऊ आगमन और प्रस्तावित मेगा रोड शो के चलते शनिवार को सरोजनी नगर में कानपुर रोड पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सुबह करीब 11 बजे नादरगंज तिराहे के पास कानपुर से लखनऊ आने वाले वाहनों को रोक दिए जाने से भीषण जाम की स्थिति पैदा हो गई। हालात यह रहे कि कानपुर रोड पर नादरगंज तिराहे से लेकर सरोजनी नगर थाने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

जाम का असर केवल कानपुर रोड पर ही नहीं सीमित रहा, बल्कि अमौसी रेलवे स्टेशन और औद्योगिक क्षेत्र से आने वाला यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। यहाँ करीब डेढ़ घंटे तक नादरगंज तिराहे से अमौसी रेलवे स्टेशन रोड पर गिंदनखेड़ा तक और औद्योगिक क्षेत्र के अंदर सीपेट तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। भीषण गर्मी और तेज धूप में जाम में फंसे लोग काफी परेशान नजर आए।

खासकर बाइक और साइकिल सवारों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम के दौरान नादरगंज तिराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों और राहगीरों के बीच कई बार तीखी नोकझोंक भी हुई। लोगों ने यातायात व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। हालाकि नितिन नवीन के एयरपोर्ट से निकल जाने के काफी देर बाद दोपहर ट्रैफिक बहाल किया गया, लेकिन इसके बाद भी स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। बल्कि जल्दी निकलने के चक्कर में वाहन सवार तेजी से इधर-उधर भागने लगे।

हालांकि बाद में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ ही नादरगंज पुलिस चौकी प्रभारी ने भी कमान संभाली, तब कड़ी मशक्कत के बाद यहां यातायात सही हो सका। लेकिन इसके बाद भी एयरपोर्ट तिराहे से लेकर सरोजनीनगर थाने तक और नादरगंज से गिंदनखेड़ा व सीपेट मार्ग तक वाहन रेंगते नजर आए। जाम से बचने के लिए कई लोग आसपास की गलियों से निकलने को मजबूर हुए।

बहू से रेप के आरोप में ससुर गिरफ्तार

लखनऊ। बेटे की पत्नी के साथ जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाने के मामले में वांछित अभियुक्त ससुर को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पति समेत अन्य की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि स्थानीय डाक पैड से प्राप्त प्रार्थना पत्र के अनुसार आरोपीगण ने वादिनी को प्रताड़ित करने, मारने पीटने, जान से मारने की धमकी देने तथा ससुर द्वारा गलत काम करने व दहेज की मांग करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी थी।

इस मामले में जांन के बाद पुलिस ने मामला पीड़िता के पति अभिषेक तिवारी, ससुर मुकेश कुमार तिवारी, मोनिका उर्फ मोना (ननद), श्रुति तिवारी उर्फ सोना (ननद) के विरूद्ध पंजीकृत किया था। साक्ष्य संकलन के आधार पर उनके विरूद्ध 376 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी। शनिवार को मड़ियांव पुलिस टीम सूचना पर आरोपित ससुर मुकेश कुमार तिवारी पुत्र स्व. जगदीप तिवारी निवासी सी-77 सेक्टर ए महानगर थाना महानगर केरिज रिपेयर वर्कशाप के सामने आलमबाग से दबोचा गया।

सूचना
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट कहीं खो गई है। अमित कुमार भारती पुत्र महेन्द्र, नि.- साकिन विन्टोला थाना बेलीदार जिला गोरखपुर।

सदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
एच0 सी0 जे0 फार्म नं0 33 पार्ट नं0 – 7
अपील– 3534/2025
ता0 पेशी– 07/7/2026
न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी सदर जिला – ASDM (सदर) सुलतानपुर U.P.
Revenue Code
वादी संख्या– अपील U/S 207 U.P.
Revenue Code
माधुरी उर्फ पूजा आदि
बनाम
रामप्रकाश मिश्र
बनाम – रामप्रकाश मिश्र पुत्र रामलक्षन मिश्र निवासी– ग्राम– तारनपुर मजरे जगदीशपुर पर मीरानपुर तह0 सदर जिला–सुलतानपुर–रेस्पान्डेन्ट
चूंकि उपरिनामांकित अपीलान्ट ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अपील U/S 207 U.P. Revenue Code अतः एवं आपकी एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 2026 के 07/7/26 के दिवस को पूर्वाह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 29/6/2026 के दिवस को निकाली गयी।
आज्ञा से
अपर उप जिलाधिकारी सदर
सुलतानपुर

119 की गिरफ्तारी के बाद मास्टरमाइंड अंडरग्राउंड, अमेरिकियों से ठगे 2.5 अरब

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समिट बिल्डिंग में कॉल सेंटर खोलकर अमेरिकन से ढाई अरब से ज्यादा की रकम ठगने के मामले में ठगी का मास्टरमाइंड विनीत पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। विनीत की आखिरी लोकेशन कोलकाता मिली है। अब उसका मोबाइल नंबर बंद चल रहा है। इस मामले में अभी तक पुलिस 119 लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

विनीत को लेकर लोकेशन के आधार पर कोलकाता पुलिस से संपर्क किया गया है। उधर, चार्ल्स के बारे में अभी तक पुलिस को कुछ जानकारी नहीं मिल सकी है। साइबर थाने ने दोनों के संबंध में गुजरात पुलिस से भी मदद मांगी है। दोनों की डिटेल गुजरात की सूरत, अहमदाबाद और अन्य जनपदों की पुलिस को भेजी गई है। साइबर थाने ने अमेरिकी नागरिकों से ठगी के मामले में जेल भेजे गए 119 जालसाजों के नाम और पते की डिटेल बैंकों को भेजी है। पुलिस ने बैंकों से इन नामों से संचालक खातों की डिटेल और उसकी ट्रांजेक्शन हिस्ट्री मांगी है। पुलिस इनके खातों से हुए रुपयों के लेनदेन के बारे में जानकारी मांग रही है। इसके साथ ही उन खातों में रकम कब और कहां से आयी और कहां भेजी गई। इसकी भी कड़ियां जोड़ रहे है। पुलिस को कॉल सेंटर से प्रोग्राम मैनेजर ललित खैराजानी, विक्रम सिंह परमार के अलावा जेल भेजे गए 117 जालसाजों में से किसी का आधार कार्ड अथवा पहचानपत्र नहीं मिला है। पुलिस ने जालसाजों के द्वारा बताए गए उनके पते अपने पास नोट किए हैं। अब पुलिस उन पतों को भी तस्दीक कर रही है।

पुलिस को गिरफ्तार जालसाजों से पूछताछ में और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर पता चला कि गिरोह का मास्टरमाइंड चार्ल्स है। हालांकि चार्ल्स के बारे में अब तक कोई अन्य दस्तावेज नहीं मिला है। पुलिस ने उसके नंबर पर एक बात फोन किया तो फोन रिसीव करने वाले हिंदी में बात की। पुलिस को शक है कि चार्ल्स अपना नाम और पहचान बदलकर जालसाजी कर रहा है।

अपर पुलिस उपायुक्त अपराध किरन यादव के मुताबिक जेल भेजे गए काल सेंटर के प्रोग्राम मैनेजर ललित खैराजानी और विक्रम परमार को पुलिस टीम रिमांड पर लेगी, क्योंकि दोनों ही सेंटर का पूरा काम देखते थे। दोनों से अभी गिरोह के सरगना और नेटवर्क के अलावा कई अन्य बिंदुओं पर पूछताछ की जानी है। विवेचक साइबर थाने के प्रभारी ब्रजेश यादव दोनों को पीसीआर पर लेने के लिए कोर्ट में रिमांड अर्जी देंगे।

शातिर चोर गिरफ्तार, दो घटनाओं का खुलासा

लखनऊ। बिजनौर पुलिस शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये गये सोने-चांदी के आभूषण व 1320 रुपए नगद बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि 25 मई को पीड़िता शिवांगिनी पाण्डेय पत्नी निकुंज पाण्डेय निवासी अ-02 रॉयल नगर औरंगाबाद जागीर ने तहरीर देकर घर में 24 मई की रात 10 हजार रुपए व कुछ आभूषण चोरी होने की सूचना दर्ज कराई थी। इसी तरह एक अन्य मामले में राजू राय पुत्र शंकर राय निवासी मकान संख्या अ-9 लक्ष्मी इन्क्लेव रायल सिटी थाना बिजनौर ने तहरीर देकर घर में घुस कर ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण व 17 हजार रुपए चोरी होने के संबध में मामला दर्ज कराया था। दोनों घटनाओं का अनावरण व चोर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में दो टीमें गठित की गयीं थी, जिनके द्वारा लगभग 400-500 सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त अमित कुमार रस्तोगी (40) पुत्र अशोक कुमार रस्तोगी निवासी प्लाट नं0-18 कौशलपुरी छोटा भरवारा थाना गोमतीनगर विस्तार, हालपता ग्राम चक सिकन्दर थाना हाजीपुर जिला वैशाली (विहार) को गिरफ्तार किया गया।

दो शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों के जेवर बरामद: सैरपुर सैरपुर पुलिस ने बन्द मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से विभिन्न मकानों में से चोरी के सोने व चांदी के आभूषण बरामद किये हैं। पुलिस का कहना है कि शनिवार को पुलिस टीम चौकी क्षेत्र छठामील में ग्राम पल्हरी मोड़ मुखविरखास द्वारा बताये गये व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों मो. वैश खान व सलमान बताया।

चोरी के आरोप में बाल अपचारी समेत दो गिरफ्तार: महिगवां पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है। उसके कब्जे से कीमती जेवर व 50 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गयी है। पुलिस का कहना है कि 01 जुलाई को शिव मोहन मिश्रा पुत्र स्व. श्री त्रिवेणी प्रसाद मिश्रा निवासी बाके नगर चौराहा मोहम्मदपुर सरैंया थाना महिगंवा ने अपने मकान से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी एवं पूजा घर में रखी चांदी की मूर्तियां चोरी हो जाने के संबंध में थाना महिगवां पर अभियोग दर्ज कराया था। पूछताछ में अभियुक्तों ने चोरी के बाद समस्त सामान को अभियुक्त सौरभ गुप्ता के मामा की कपड़े की दुकान की टाण्ड पर छिपाकर रखा गया था। दोनों चोरी की नगदी एवं जेवरात को आपस में बांटने तथा जेवरात बेचकर धनराशि प्राप्त करने की योजना बना रहे थे।

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.
(ISO 9001: 2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow
E-Tender Notice

SI No.	CODE No.	NAME OF ZONE	NAME OF WORK	TENDER COST (Rs.)	Date of Pre-bid Meeting	Date of Technical bid Opening
1	Bly-6/26	Bareilly Zone	Construction of Type 3 (03 Nos) 1 block Residence Building at I.T.I Afzalgarh Kalluwala, Bijnor.	2,44,44,000	16.07.2026	23.07.2026
2	VAR-36/26	Varanasi Zone	Construction of Tourism Development & Beautification of Sati Mata Mandir at Village Bargadaha, Bhadohi.	1,10,11,000	07.07.2026	13.07.2026
3	VAR-37/26	-do-	Construction of Tourism Development & Beautification of Mata Vindhyavashini Swaroop Devi Mandir at Chunar in Mirzapur.	61,13,000	07.07.2026	13.07.2026
4	VAR-38/26	-do-	Construction of Type-B 19 Nag Awas at Thana Rabertsganj Sonbhadra. U.P	5,54,56,000	14.07.2026	24.07.2026
5	DDN/15/26	North Zone	Construction of International Faculty Center at C.C.S. University, Meerut.	3,51,31,740	08.07.2026	24.07.2026
6	DDN/16/26	-do-	Construction of 1 st and 2nd floor of Sociology, English & Seed Science Block at C.C.S. University, Meerut.	1,57,08,293	08.07.2026	24.07.2026
7	DDN/17/26	-do--	Supply and Installation of Furniture Equipment and other Misel item at Sports College Behat Distt. Sharanpur.	4,76,73,000	10.07.2026	16.07.2026
8	E-IV/28/26	Electrical Zone-4	Construction of Street Light Work Around Kalinjer Fort, Distt. Banda.	219,82,000	-	16.7.2026
9	E-IV/29/26	-do-	Construction and Tourism Development of (Wall Illumination Work) at Kalinjer Fort Naraini, Distt. Banda	262,02.000	-	16.7.2026
10	Agra-38/26	Agra Zone	Construction of 50 Bedded Critical Care Hospital Block Under (PM-ABHIM) in District Hospital Lalitpur.	13,70,19,000	15.07.2026	23.07.2026
11	Agra-39/26	-do-	Construction Work of New Convention Centre at CSJMU Campus, Kanpur. (U.P)	39,17,64,000	15.07.2026	23.07.2026
12	GKP-38/26	Gorakhpur Zone	Construction of Centre of Excellence of government Polytechnic Siddharth Nagar (u.p)	5,47,48,000	-	09.07.2026

पिछले 20 साल से हर माह जाता हूं वैष्णो देवी मंदिर : अंश मनुजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कलर्स के चर्चित फैमिली कॉमेडी-ड्रामा शो बरेली के बच्चन में अंश मनुजा सतलुज उर्फ एंग्री बच्चन के किरदार में नजर आ रहे हैं। अपने बागी स्वभाव और अलग सोच की वजह से सतलुज शो के सबसे दिलचस्प किरदारों में से एक है। खास बातचीत में अंश मनुजा ने शो, अपने किरदार की खासियत, बरेली में शूटिंग के अनुभव, शो मिलने की खुशी, सह-कलाकारों के साथ अपनी बॉन्डिंग, सेट के पारिवारिक माहौल और दर्शकों के लिए अपने संदेश पर खुलकर बात की।

बरेली के बच्चन में अपने किरदार के बारे में कुछ बताइए ?

मेरा किरदार काफी बागी है. मेरा मानना है कि हर परिवार में एक ऐसा बच्चा जरूर होता है जो थोड़ा विद्रोही स्वभाव का होता है. बचपन से ही उसे हर बात पर अपनी राय रखनी होती है, क्योंकि उसे लगता है कि उसका नजरिया बिल्कुल सही है. मेरा किरदार भी कुछ ऐसा ही है. वह एक ग्रे जोन में रहता है, जहां उसे बागी भी बनना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद वह अपने भाइयों से बहुत प्यार करता है. बस उसे अपना प्यार जताना नहीं आता।

आपके किरदार की सोच को क्या चीज सबसे ज्यादा प्रभावित करती है ?

मां के निधन के बाद उसके जीवन में काफी बदलाव आए हैं. घर के हालात ठीक नहीं हैं और वह हर चीज को बहुत व्यावहारिक तरीके से देखता है. उसे लगता है कि जब हमारा खुद का घर मुश्किलों से गुजर रहा है, तो किसी और की जिंदगी को उसमें लाकर क्यों परेशान किया जाए. इसलिए वह परिवार को एक रियलिटी चेक देने की कोशिश करता है. यही बात मुझे अपने किरदार में सबसे ज्यादा पसंद है।

शो मिलने के बाद आपका पहला रिएक्शन क्या था ?

मैं पिछले 20 सालों से हर महीने वैष्णो देवी जाता रहा हूं. मुझे अंदाजा था कि मुझे यह शो मिलने वाला है. जैसे ही मैंने कॉन्ट्रैक्ट साइन किया, मैंने अपने पिता से कहा कि मैं वैष्णो देवी जाऊंगा. इस बार मैं पहली बार अकेले वहां गया और माता रानी का आशीर्वाद लिया. सबसे पहले मैंने अपने पिता को फोन किया और फिर अपने दोस्तों और माँ को फिर परिवार वालों को यह खुशखबरी दी।

यह पल आपके लिए कितना खास था ?

यह सिर्फ मेरा सपना पूरा होने का पल नहीं था, बल्कि उन सभी लोगों की मेहनत और विश्वास का नतीजा था जो पिछले तीन-चार सालों से मेरे साथ खड़े रहे. इसलिए यह खुशी सिर्फ मेरी नहीं थी, उन सभी की थी जिन्होंने मेरे संघर्ष में मेरा साथ दिया।

शो की कास्ट के साथ आपकी बॉन्डिंग कैसी है ?

ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से भी ज्यादा मजबूत हमारी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री है. हम साथ में खाना खाते हैं, समय बिताते हैं, खूब बातें करते हैं और एक-दूसरे के साथ हर छोटी-बड़ी चीज शेयर करते हैं. धीरे-धीरे हम सभी के बीच इतना अच्छा रिश्ता बन गया है कि अब हम सिर्फ सह-कलाकार नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह महसूस करते हैं।

शूटिंग के दौरान सेट का माहौल कैसा था ?

मैं शो के निमार्ताओं, निर्देशकों और पूरी टीम का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा. उन्होंने सेट पर ऐसा पारिवारिक माहौल बनाया कि कभी महसूस ही नहीं होता कि हम काम कर रहे हैं. सेट पर आकर बिल्कुल घर जैसा एहसास होता है।

बरेली में शूटिंग का सबसे यादगार अनुभव क्या रहा ?

मेरे लिए सबसे खास बात यह थी कि मेरे जन्मदिन के दिन ही मेरी शूटिंग शुरू हुई थी. मेरा बर्थडे बरेली में मनाया गया और उसी दिन मेरा पहला शूट था. इससे बेहतर याद मेरे लिए क्या हो सकती है. मैं उत्तर प्रदेश से हूं, इसलिए वहां के लोगों की गर्मजोशी और अपनापन मुझे बहुत करीब से महसूस हुआ. वहां का खाना भी मुझे बेहद पसंद आया।

दर्शकों को आप क्या मैसेज देना चाहेंगे ?

मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि बरेली के बच्चन में आपको अपने घर, अपने पड़ोस या अपने रिश्तेदारों की झलक दिखाई देगी. यह कोई भारी-भरकम ड्रामा नहीं है, बल्कि जिंदगी के बेहद करीब एक कहानी है. हर उम्र का व्यक्ति इससे जुड़ाव महसूस कर सकता है. यह एक ऐसा शो है जो आपको हंसाएगा, भावुक करेगा और खूब मनोरंजन करेगा।

ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में 200 ने प्रतिभाग किया

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ, संस्कृति विभाग, उ.प्र. द्वारा डिवाइन ग्लोरी पब्लिक स्कूल, पपनामऊ, चिनहट, लखनऊ के तत्वावधान में आज ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के अंतर्गत बोधि-पथ कार्यशाला डिवाइन ग्लोरी पब्लिक स्कूल, चिनहट, लखनऊ में शुरू की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान उत्तरधौना, संदीप सिंह (रिंकू) उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ साथ ही मुख्य अतिथि को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित यह कार्यशाला प्रदेश के युवाओं एवं छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने की एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। कार्यशाला में बौद्ध दर्शन और पर्यावरण के गहरे संबंध को अत्यंत सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत किया गया तथा भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा, सह-अस्तित्व और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जैसे सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। यह आयोजन न केवल पर्यावरणीय चेतना को सुदृढ़ करने का माध्यम बना, बल्कि युवाओं को प्रकृति के साथ संतुलित एवं उत्तरदायी जीवन जीने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। कार्यक्रम के पहले दिन शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं सहित लगभग 200 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया ।

गुरु पूर्णिमा 29 को, शहर में जगह-जगह होंगे विविध कार्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। यह न केवल एक पर्व है, बल्कि अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा भाव से कृतज्ञता व्यक्त करने का सर्वश्रेष्ठ अवसर है। शास्त्रों में इस पावन तिथि को आषाढ़ पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा और वेद व्यास जयंती के नाम से भी जाना जाता है। कहते हैं कि, आषाढ़ पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था, जिन्होंने मानव जीवन को दिशा देने वाले चारों वेदों का ज्ञान व्यवस्थित रूप से दुनिया को दिया है। इसलिए उन्हीं के सम्मान में गुरु पूर्णिमा का खास पर्व देशभर में मनाया जाता है। साथ ही सभी शैक्षणिक संस्थानों में पूजा-पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 28 जुलाई 2026 को शाम 6 बजकर 18 मिनट पर होगी। पूर्णिमा तिथि का समापन 29 जुलाई 2026 को रात 8 बजकर 5 मिनट पर माना जा रहा है। उदया तिथि के अनुसार, 29 जुलाई 2026 को ही गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा।

गुरु पूर्णिमा के दिन क्या करें: गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करें। अपने गुरु या शिक्षक को सम्मान दें, उनका आशीर्वाद भी लें। इस शुभ अवसर पर ॐ गुरवे नमः का जाप करें। गुरु पूर्णिमा पर जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र व धन का दान करें। बच्चों में पुस्तकें या शिक्षा से जुड़ी चीजों का दान करें। आध्यात्मिक ग्रंथों का पाठ करें।

गुरु पूर्णिमा का महत्व : गुरु पूर्णिमा, एक प्रिय परंपरा है, जिसकी उत्पत्ति विभिन्न आध्यात्मिक शिक्षाओं में पाई जाने वाली अनेक कथाओं से हुई है। एक मान्यता के अनुसार, भगवान शिव इस दिन उन्होंने अपना ज्ञान लोगों के साथ साझा किया, जिससे वे पहले शिक्षक बन गए। एक अन्य कथा वेद व्यास के जन्म की है, जिन्होंने गुरु पूर्णिमा के दिन अपने चार शिष्यों को वेदों की शिक्षाएं दीं। बौद्ध धर्म में कहा जाता है कि बुद्ध ने सारनाथ में इसी दिन अपने अनुयायियों को अपना पहला उपदेश दिया था।

इसी प्रकार, जैन धर्म गुरु पूर्णिमा को उस दिन के रूप में मनाता है जब पूजनीय व्यक्तित्व महावीर को उनका पहला अनुयायी मिला था। गुरु पूर्णिमा का सार उन शिक्षकों का सम्मान करना है जो व्यक्तियों को अज्ञान से ज्ञान की ओर मार्गदर्शन करते हैं, और आध्यात्मिक विकास में ज्ञान और बुद्धि के महत्व को उजागर करते हैं। यह हमें सीखने की शक्ति की याद दिलाता है और विकास के साधन के रूप में ज्ञान साझा करने को प्रोत्साहित करता है। गुरु पूर्णिमा का महत्व केवल एक धार्मिक या आध्यात्मिक आयोजन तक ही सीमित नहीं है। यह एक सांस्कृतिक उत्सव बन गया है जो सामाजिक और धार्मिक सीमाओं से परे है। इस दिन, हम सामूहिक सम्मान का एक सुंदर प्रदर्शन देखते हैं जहाँ दुनिया भर के लोग अपने गुरुओं और मार्गदर्शकों को सम्मान देने के लिए एकजुट होते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षक, अपनी विभिन्न भूमिकाओं में, हमारे जीवन पर कितना गहरा प्रभाव डालते हैं। गुरु पूर्णिमा का दिन शिक्षकों की उस मूलभूत भूमिका को स्वीकार करने के लिए समर्पित है जो न केवल व्यक्तियों बल्कि समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण होती है।

चाहे वह मंदिर दर्शन हो, आश्रमों में आशीर्वाद लेना हो या केवल हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना हो, गुरु पूर्णिमा उन लोगों के प्रति हमारे ऋण को सामूहिक रूप से स्वीकार करने का अवसर प्रदान करती है जिन्होंने हमारे मन और भावनाओं को प्रकाशित किया है। यह उत्सव गुरु पूर्णिमा के महत्व को उजागर करता है, जो हमारे शिक्षकों, मार्गदर्शकों और सलाहकारों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का समय है, जो निस्वार्थ भाव से ज्ञान और बुद्धि प्रदान करते हैं और हमारे जीवन पथ और भाग्य को आकार देते हैं।

गुरु पूर्णिमा की पूजा विधि: दिन की शुरूआत स्नान करके और साफ कपड़े पहनकर करें। व्रत के लिए एक साफ-सुथरी वेदी या पवित्र स्थान तैयार करें। वेदी पर अपने गुरु का चित्र या मूर्ति रखें। एक दीपक और अगरबत्ती जलाएं। गुरु को फूल, फल, मिठाई और अन्य शुभ वस्तुएं अर्पित करें। नीचे दिए गए गुरु मंत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ करें। गुरु की स्तुति में भजन गाते हुए आरती (जलते हुए दीपक के साथ परिक्रमा) करें। गुरु से आशीर्वाद, मार्गदर्शन और ज्ञान की प्रार्थना के साथ व्रत का समापन करें। परिवार के सदस्यों और भक्तों को प्रसाद (पवित्र भोजन) वितरित करें।

27 अगस्त को लगेगा साल का दूसरा चंद्र ग्रहण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। साल 2026 का दूसरा चंद्र ग्रहण अगस्त में लगेगा। यह खगोलीय घटना दुनिया के कई देशों में दिखाई देगी, लेकिन भारत में इसे देखा नहीं जा सकेगा। खास बात यह है कि यह बेहद गहरा आंशिक चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें चंद्रमा का लगभग 96 फीसदी हिस्सा पृथ्वी की छाया से ढक जाएगा। इसी वजह से कई जगहों पर चंद्रमा लाल-नारंगी रंग का नजर आ सकता है। खगोलीय गणनाओं के अनुसार साल 2026 का दूसरा चंद्र ग्रहण 27-28 अगस्त को लगेगा। भारतीय समय के अनुसार यह घटना 28 अगस्त की सुबह होगी। यह एक गहरा आंशिक चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें चंद्रमा का बड़ा हिस्सा पृथ्वी की गहरी छाया (अम्ब्रा) में रहेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। ग्रहण के समय भारत में चंद्रमा क्षितिज के नीचे रहेगा। यही वजह है कि देश में इसे प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा जा सकेगा।

किन देशों में दिखेगा ग्रहण: यह चंद्र ग्रहण उत्तर और दक्षिण अमेरिका के अधिकांश हिस्सों, यूरोप और अफ्रीका के कई देशों में देखा जा सकेगा। इन क्षेत्रों में लोग चंद्रमा को पृथ्वी की छाया में जाते हुए देख पाएंगे।

क्या भारत में सूतक काल मान्य होगा: धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जिस स्थान पर ग्रहण दिखाई नहीं देता, वहां सामान्य तौर पर सूतक काल नहीं माना जाता। चूंकि यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए अधिकांश पंचांगों के अनुसार यहां सूतक प्रभाव लागू नहीं होगा।

यह चंद्र ग्रहण क्यों है खास: इस ग्रहण में चंद्रमा का लगभग 96 प्रतिशत हिस्सा पृथ्वी की गहरी छाया में रहेगा। इसी कारण चंद्रमा का रंग लाल या तांबे जैसा दिखाई दे सकता है। खगोलविद इसे हाल के वर्षों के सबसे गहरे आंशिक चंद्र ग्रहणों में से एक मान रहे हैं।

चंद्र ग्रहण कैसे लगता है: जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है, तब चंद्र ग्रहण होता है। यदि पूरा चंद्रमा छाया में आ जाए तो पूर्ण चंद्र ग्रहण और केवल कुछ हिस्सा छाया में आए तो आंशिक चंद्र ग्रहण कहा जाता है।

कहानी से मिली सीख, सूझबूझ ही सच्ची ताकत

लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला दादी-नानी की कहानी का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ग्रामीण महिला एवं बाल कल्याण सोसाइटी द्वारा बाराबंकी जनपद के मंजीठा गांव में संचालित 'जागो री जागो' अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र में शनिवार को बच्चों के लिए प्रेरक कहानी सत्र का आयोजन किया गया। लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला दादी-नानी की कहानी जीतेश की जुबानी के अंतर्गत स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने बच्चों को नाई और सरपंच की प्रेरक कहानी सुनाई। इस अवसर पर बच्चों में कापी और पेंसिल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोरंजक खेलों तथा कठिन वाक्यों के उच्चारण अभ्यास से हुआ। कहानी सुनाने के दौरान जीतेश श्रीवास्तव ने कहा कि मुसीबत के समय डरने या घबराने के बजाय धैर्य और सूझबूझ से समस्या से बाहर निकलने का रास्ता तलाशना चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहानी से जुड़े प्रश्न भी पूछे जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। इस अवसर पर श्रीमती अर्चना गुप्ता ने जिसने सूरज-चाँद बनाया कविता का सस्वर पाठ किया। बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ कविता को दोहराया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी खुशीराम वर्मा, लोक संस्कृति शोध संस्थान की संरक्षक आभा शुक्ला, सचिव डा. सुधा द्विवेदी, डा. एस.के.गोपाल, केन्द्र के व्यवस्थापक चन्द्रप्रकाश वर्मा, श्रीमती शोभा तथा सना सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

भजन-कीर्तन संग विविध कार्यक्रमों से सजेगा जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव

65वां श्री माधव मंदिर वार्षिकोत्सव व जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव की तैयारी बैठक संपन्न

लखनऊ। डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर में 65वां श्री माधव मंदिर वार्षिकोत्सव एवं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव 2026 को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए तैयारी बैठक डालीगंज स्थित मन्दिर कार्यालय आयोजित की गई। बैठक में पांच दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जायसवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, राकेश साहू एवं श्याम जी साहू, अनुराग साहू उपस्थित रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि 65वें श्री माधव मंदिर वार्षिकोत्सव एवं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के अंतर्गत 13 जुलाई से 17 जुलाई तक पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 13 जुलाई को वृक्षारोपण से होगा। 14 जुलाई को श्री सुंदरकांड पाठ, 15 जुलाई को हवन-पूजन, 16 जुलाई को भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 17 जुलाई को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन लईया मंडी में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 जुलाई को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर से प्रारंभ होकर नजीरगंज, शंकरनगर, रामकृष्ण मठ के सामने, अयोध्या रोड स्थित रामाधीन सिंह लॉन, डॉ. पन्ना लाल चौराहा एवं डालीगंज पुल से होकर निकलेगी। इसके बाद रथ यात्रा डालीगंज पुल से मुड़कर हसनगंज कोतवाली, डालीगंज बाजार होते हुए पुनः श्री माधव मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। बैठक में रथ यात्रा मार्ग की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता, सजावट, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की।

राज्यपाल ने साथी हाथ बढ़ाना पुस्तक का किया विमोचन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन (जनभवन) में सुनील कुमार यादव, चीफ फार्मेसिस्ट, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनर द्वारा लिखित पुस्तक साथी हाथ बढ़ाना का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर दिया गया बेसिक लाइफ सपोर्ट किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। उन्होंने लेखक सुनील कुमार यादव को इस महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी पुस्तक के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक स्वास्थ्यकर्मियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए समान रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में पुस्तक के प्रकाशक अक्षय जैन, आयुष विभाग के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश द्विवेदी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. महेश नाथ सिंह, अंकुर यादव एवं रविन्द्र यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनभवन की लाइब्रेरी के लिए प्रकाशक द्वारा पुस्तक की 10 प्रतियाँ भेंट की गईं। साथ ही राज्यपाल महोदया के विशेष कार्याधिकारी अन्य अधिकारियों को भी पुस्तक की प्रतियाँ सादर भेंट की गईं। उल्लेखनीय है कि साथी हाथ बढ़ाना पुस्तक का उद्देश्य बेसिक लाइफ सपोर्ट, आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं जीवनरक्षक कौशल को सरल, वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रूप में जन-जन तक पहुँचाना है, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक से अधिक लोगों का जीवन बचाया जा सके।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 17वां (वि./या.) वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांकः 1560/02CBW(अयोध्या) 17E/M/2026-27 **दिनांकः 01.07.2026**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, 17वाँ (वि./याँ.) वृत लो.नि.वि., लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो बिड पद्धति के अन्तर्गत प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा http://etender-up-nic-in के माध्यम से दिनांक 08.07.2026 से दिनांक 22.07.2026 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 22.07.2026 सायं 03.30 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में)	निविदा की पात्रता
1	2	3	4	5	6	7
1	चन्दौकी शाहगढ़ गरथोलिया जंगल टिकरी (अ.जि. मार्ग) के किमी.1 से 4 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (विद्युत यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य)	20.00+ अतिरिक्त G.S.T.	0.20	3 Month	854.00	लो.नि.वि. में विद्युत कार्यों हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार जो विद्युत सुरक्षा निदेशालय से 'क' श्रेणी में अनुमोदित हो एवं समान प्रकृति के कार्यों का अनुभव प्राप्त हो।

शासनादेश संख्या-1/2018/3070/78-2-2018/42आई.टी./2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी ।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदाओं से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender-up-nic-in पर उपलब्ध है।

(अखिलेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
वि./यां. खण्ड लो.नि.वि.,
अयोध्या

(आर.एम. श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियन्ता
17वाँ (वि./याँ.) वृत्त, लो.नि.वि.,
लखनऊ

UPID-253339 Date: 06.07.2026 Website : www.upgov.nic.in

गुण मिले तो गुरु बनाओ, चित्त मिले तो चेला : विनोदानंद शास्त्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 4 से 12 जुलाई तक गोमती नगर वास्तु खंड तीन के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पार्क परिसर में किया जा रहा है। इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास, नैमिष चक्र तीर्थ धाम वाले विनोदानंद शास्त्री जी महाराज है जबकि मुख्य यजमान स्वयं हनुमान जी महाराज और स्वागतकांक्षी शान्ति देवी जी है।

इसके प्रथम दिन शनिवार चार जुलाई को विनोदानंद शास्त्री जी महाराज ने संदेश दिया कि गुण मिले तो गुरु बनाओ, चित मिले तो चेला। मन मिले तो मित्र बनाओ, वरना रहो अकेला।। उनके अनुसार इस दोहे में जीवन के संबंधों की गहरी कसौटी बताई गई है कि यदि किसी व्यक्ति में श्रेष्ठ गुण, ज्ञान, अनुभव और सदाचार दिखाई दें तो उसे गुरु बनाना चाहिए, क्योंकि गुरु वही होता है जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर जीवन का मार्ग प्रशस्त करे। यदि किसी का चित्त, अर्थात विचार और लक्ष्य हमारे अनुरूप हों, तो वह शिष्य बनने योग्य है, क्योंकि शिक्षा और संस्कार तभी सफल होते हैं जब गुरु और शिष्य के विचारों में सामंजस्य हो। इसी प्रकार यदि किसी व्यक्ति का मन हमारे मन से मिलता हो, जिसमें प्रेम, विश्वास, सहयोग और सद्भाव हो, तो उसे मित्र बनाना चाहिए। मित्रता केवल परिचय का नाम नहीं है, बल्कि हृदयों के मिलन का नाम है। किन्तु यदि न गुण मिलें, न विचार मिलें और न ही मन का मेल हो, तो ऐसे संबंधों को केवल निभाने के लिए ढोने से बेहतर है कि व्यक्ति अकेला रहे।

अकेलापन कभी-कभी गलत संगति से कहीं अधिक कल्याणकारी होता है। विनोदानंद शास्त्री जी महाराज ने भागवत कथा के प्रथम दिन, नैमिषारण्य में एकत्रित ऋषियों और सूतजी महाराज के संवाद का प्रभावी वर्णन किया गया। समस्त ऋषियों ने सूतजी के भीतर ज्ञान, विनम्रता और शास्त्रों का अद्भुत गुण देखा, इसलिए उन्हें अपना गुरु और मार्गदर्शक स्वीकार किया। यही इस दोहे का प्रथम संदेश है कि गुण मिले तो गुरु बनाओ। दूसरी ओर, ऋषिगण अत्यंत श्रद्धा और एकाग्र चित्त के साथ कथा श्रवण के लिए उपस्थित हुए। उनका चित्त भगवान की कथा और लोक कल्याण के उद्देश्य से जुड़ा था, इसलिए वे आदर्श शिष्य बने। यह चित मिले तो चेला का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके अतिरिक्त, नैमिषारण्य में उपस्थित सभी ऋषियों के मन एक ही उद्देश्य से जुड़े थे– कलियुग के प्राणियों का कल्याण और भगवान की भक्ति का प्रसार। मनों की इसी एकता ने उन्हें सच्चा मित्र और सहयात्री बनाया। इस प्रकार भागवत कथा का प्रथम दिवस इस दोहे की सम्पूर्ण भावना को चरितार्थ करता है। इस प्रकार भागवत हमें सिखाती है कि जीवन में गुरु का चयन गुणों से, शिष्य का चयन विचारों से और मित्र का चयन मन के मेल से करना चाहिए। ऐसे संबंध ही जीवन को सार्थक बनाते हैं और अंततः हमें भगवान की भक्ति तथा आत्म कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं। इस अवसर पर आगंतुक भक्तों ने सरस भजनों का भी आनंद लिया।

करिश्मा कक्कड़ का भोजपुरी गीत 'गमछिया से हाक दी' रिलीज

लखनऊ। भोजपुरी म्यूजिक लवर्स के लिए मशहूर सिंगर करिश्मा कक्कड़ का नया रिलीज गाना गमछिया से हाक दी रिलीज के साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से वायरल हो रहा है। करिश्मा का यह खूबसूरत गाना कान्हा फिल्म्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है और दर्शकों को खूब पसंद भी आ रहा है। यह गाना अपने देसी अंदाज, मनोरंजक बोल और धमाकेदार संगीत की वजह से यह गीत श्रोताओं के बीच खासा लोकप्रिय हो रहा है। गाना 'गमछिया से हाक दी' में करिश्मा कक्कड़ की दमदार और मधुर आवाज ने श्रोताओं को आकर्षित किया है। वहीं वीडियो में अप्सरा और उड़नबाज राजा की शानदार केमिस्ट्री और ऊजार्वान प्रस्तुति दर्शकों का ध्यान खींच रही है। गीत का फिल्मांकन रंगीन और आकर्षक लोकेशन पर किया गया है, जिससे वीडियो का मनोरंजन स्तर और बढ़ गया है। रिलीज के बाद से ही दर्शक गीत के बोल और संगीत की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, गाने गमछिया से हाक दी को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स पर खुशी जताते हुए करिश्मा कक्कड़ ने कहा कि यह गीत पूरी तरह से देसी अंदाज और मस्ती को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, 'गमछिया से हाक दी एक ऐसा गीत है, जिससे हर वर्ग के श्रोता खुद को जोड़ पाएंगे। गर्मी के दिनों में गमछा हमारे जीवन का अहम हिस्सा होता है और उसी भाव को मनोरंजक अंदाज में गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

संक्षेप

शिकायतों को लेकर न मिले नकारात्मक फीडबैक

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा विभागवार शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष निस्तारण आख्या को भी पढ़कर सुनाया तथा निस्तारण के संबंध में आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अधिकारी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में नकारात्मक फीडबैक प्राप्त नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम विभाग एवं पंचायती राज विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आईजीआरएस के प्रकरणों में शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ठ सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कई थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

जौनपुर। जनपद की कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कई थानों के प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जारी तबादला सूची के अनुसार कई महत्वपूर्ण थानों में नए थानाध्यक्षों की तैनाती की गई है। तबादले के तहत लक्ष्मण विक्रम सिंह को बक्सा से स्थानांतरित कर खुटहन का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं प्रशांत कुमार सिंह को जलालपुर से स्थानांतरित कर बक्सा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यजुवेंद्र सिंह को सरपतहां थाने से हटाकर एसओजी में भेजा गया है, जबकि राम आसरे को एसओजी से सरपतहां का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। सतेंद्र विक्रम सिंह को पुलिस अधीक्षक के पीआरओ पद से जलालपुर का थानाध्यक्ष तथा रमेश कुमार को एसओजी से रामपुर थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से स्थानांतरण की विस्तृत सूची उपलब्ध नहीं हो सकी। पीआरओ सेल से संपर्क करने पर भी सभी तबादलों और हटाए गए थानाध्यक्षों का पूरा विवरण नहीं मिल सका। शकरमंडी चौकी के प्रभारी कंचन पांडेय चार वर्षों से एक ही चौकी पर तैनात हैं। उनकी लंबी तैनाती को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं। चर्चा यह भी है कि जहां सामान्यतः सिपाहियों को लंबे समय तक एक ही स्थान पर रहने संभव नहीं होता, वहीं एक चौकी प्रभारी की वर्षों तक एक ही स्थान पर तैनाती को लेकर लोग अलग-अलग तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

रक्तदान एक पुनीत और जीवनरक्षक कार्य

जौनपुर। लायन्स क्लब द्वारा ब्लड बैंक निकट कुत्तुपुर तिराहा पर आयोजित रक्तदान शिविर में किया गया। इसका शुभारंभ प्रयागराज से आयें डिस्ट्रिक्ट ब्लड डोनेशन चेयरमैन पंकज महेश्वरी ने किया। जिसका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना, लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना और आम जनता के बीच रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना है। महेश्वरी ने अपील की कि अधिक से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित करें, क्योंकि रक्तदान एक पुनीत और जीवनरक्षक कार्य है, आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवन का अनमोल उपहार बन सकता है। उन्होंने यह भी प्रेरणा दी कि रक्तदान न केवल दूसरों के जीवन को बचाता है बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। चीफ सेक्रेटरी से मो मुस्तफा ने बताया कि हांगकांग में लायन्स इंटरनेशनल अधिवेशन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर उदय चंदानी जी प्रशिक्षण के बाद शपथग्रहण कर रहे हैं, इस उपलक्ष्य में ये रक्तदान शिविर आयोजित कर लोगों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संस्थाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान न केवल मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। सचिव रितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मौर्य, अली अहमद, अजय गुप्ता, लियो अध्यक्ष रिशी श्रीवास्तव, योगेश साहू, रश्मि, हेमलता, महेंद्र कुमार, दानिश अली, विकास शर्मा, उदय शंकर, राज केसरी आदि उपस्थित रहे।

अवैध हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सरायमीर थाना पुलिस ने शनिवार को एक शातिर तस्कर को 50 पुड़िया अवैध हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया।

बरामद हेरोइन का कुल वजन 4.80 ग्राम बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उपनिरीक्षक हरिकेश शर्मा अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बीनापारा पुलिया के पास एक व्यक्ति हेरोइन लेकर किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी फूलपुर किरणपाल सिंह को अवगत कराते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान वीरु सोनकर पुत्र महेन्द्र सोनकर, निवासी पूनापोखर, थाना सरायमीर के रूप में हुई। क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 50 पुड़िया अवैध हेरोइन बरामद हुई, जिसका इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन कराने पर 4.80 ग्राम पाया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना सरायमीर में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, चोरी की संपत्ति रखने तथा एनडीपीएस एक्ट समेत कुल पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

एसएसपी ने पांच निरीक्षक व उपनिरीक्षकों का किया तबादला

आजमगढ़। पुलिस विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जनहित एवं रिक्त पदों के सापेक्ष पांच निरीक्षक और उपनिरीक्षकों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार निरीक्षक शम्भू नाथ यादव, जो अब तक थाना पवई में निरीक्षक अपराध के पद पर तैनात थे, उन्हें थाना जीयनपुर में निरीक्षक अपराध बनाया गया है। वहीं निरीक्षक हीरामणि यादव को थाना देवगांव से स्थानांतरित कर थाना मेहनगर में निरीक्षक अपराध की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपनिरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सिंह को एएचटी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) थाना से स्थानांतरित कर थाना कोतवाली का वरिष्ठ उपनिरीक्षक नियुक्त किया गया है। उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्र, जो पुलिस लाइन में तैनात थे, उन्हें थाना मुबारकपुर का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक धनंजय सिंह को पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा शाखा में तैनाती दी गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी स्थानांतरित अधिकारी तत्काल अपने नए कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण कर इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराएं।

थाना परिसर में युवक की रील वायरल

जौनपुर। रामपुर थाना परिसर में एक युवक द्वारा रील बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो में युवक कथित तौर पर दबंग अंदाज में थाना परिसर के भीतर रील बनाता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो में दिखाई देने वाले युवक की पहचान मनीष यादव पुत्र अनिल यादव, निवासी मुंसईपुर, थाना रामपुर के रूप में बताई जा रही है। हालांकि, इस पहचान की आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि थाना परिसर जैसे संवेदनशील स्थान पर इस प्रकार की रील कैसे बनाई गई और सुरक्षा व्यवस्था के बीच इसकी अनुमति कैसे मिली। यदि वीडियो की सत्यता की पुष्टि होती है, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित युवक के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की जाती है या नहीं।

जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन भेट किया

जौनपुर। हुए लायन्स क्लब ने आत्मनिर्भरता की ओर अभियान के अंतर्गत अभिनव प्राथमिक विद्यालय, ककोरगहना में एक जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन एवं विद्यालय को पांच सीलिंग पंखे प्रदान किए। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की महिला को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर आत्मनिर्भर बनाना तथा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भीषण गर्मी से

राहत दिलाने हेतु बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना रहा। क्लब अध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता ने कहा कि क्लब समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। सेवा के छोटे-छोटे प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं और क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य रागिनी गुप्ता ने कहा कि विद्यालय को प्राप्त सीलिंग पंखों से बच्चों को गर्मी के मौसम में काफी राहत मिलेगी तथा पढ़ाई का वातावरण और अधिक अनुकूल बनेगा। सचिव योगेश साहू, रंजीत सिंह, रंजना सिंह, ममता सिंह, रिंकी यादव, सारिका सिंह एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नवीन मण्डी की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

जौनपुर। शीतला चैकियां स्थित सब्जी मंडी में व्याप्त समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह से मुलाकात की। सब्जी-फल व्यापार समिति के अध्यक्ष राजमणि यादव के नेतृत्व में व्यापारियों ने शनिवार कलेक्ट्रेट

परिसर में उन्हें एक पत्रक सौंपकर अपनी परेशानियों से अवगत कराया। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि मंडी में पीने के पानी, कूड़ा निस्तारण, स्ट्रीट लाइट, यातायात प्रबंधन और ट्रकों के प्रवेश से संबंधित कई गंभीर समस्याएं हैं। इन समस्याओं के कारण किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नवीन मंडी में पीने के पानी के लिए केवल दो हैंडपंप लगे हैं, जो अक्सर खराब रहते हैं। पानी की उचित व्यवस्था न होने से किसानों और व्यापारियों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, मंडी के अंदर जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा रहता है, क्योंकि डंप किए गए कूड़े को समय पर उठाया नहीं जाता। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। मंडी की स्ट्रीट लाइटें खराब होने के कारण रात में अंधेरा छाया रहता है, जिससे व्यापारियों को रात के समय व्यापार करने में कठिनाई होती है। बताया कि जौनपुर में नो-एंट्री के कारण भारत के विभिन्न कोनों से आने वाले सब्जी और फल से भरे ट्रकोंध्डीसीएम को रास्ते में रोक दिया जाता है। ट्रकों के पहियों की गर्मी से सब्जी और फल खराब हो जाते हैं, जिससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

शोक-संवेदना जताने पहुंचे पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री, पूर्व बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह शनिवार को नगर के वासलीगंज मोहल्ले में पहुंचे।

लंबे समय बाद अपनों से मिलकर जहां वह भावुक हो उठे वहीं अपने बीच उन्हें पाकर बीजेपी के पुराने कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी पुलकित हो उठे थे। बताते चलें कि पूर्व कैबिनेट मंत्री नगर के वासलीगंज निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत सिंह की माता स्वर्गीय मनोरमा सिंह के निधन पश्चात आयोजित त्रयोदशाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे थे।

बता दें कि मनोरमा सिंह पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह की साली रहीं हैं, जिनके निधन बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने अपनों के बीच बैठकर बीते दिनों की चर्चा में मशगूल देखें गये। इस दौरान बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता लालबहादुर सिंह, डाक्टर रामकृपाल सिंह, किशन सिंह, शशि प्रकाश सिंह, डाक्टर दिनेश सिंह, अमरेन्द्र सिंह, मनीष सिंह, अजय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, अमित श्रीनेत, अभिषेक केशरी 'बजरंगी' इत्यादि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे हैं।

बजबजा रही है शेखपुर मोहल्ले की गली

जौनपुर। नगर का एक ऐसा मोहल्ला आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, जहाँ के निवासियों को हर दिन नाले और नालियों के गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। रोडवेज से कचहरी मार्ग पर सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के पहले कब्रिस्तान पड़ता है। इसी के पास वाली गली से अंदर जाने वाला रास्ता शेखपुर मोहल्ले की एक गली की तरफ मुड़ता है। यहां की सड़क पिछले कई सालों से इतनी खस्ताहाल और जर्जर है, मानो यहाँ कभी सड़क बनी ही न हो। थोड़ा अंदर बढ़ने पर विकास के दावों की पोल पूरी तरह खुल जाती है। नालियों का गंदा और बजबजाता हुआ पानी सड़कों के ऊपर बह रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात हो या न हो यहां पर हमेशा नाली का पानी सड़क पर बहता है लेकिन बरसात में स्थित और खराब हो जाती है।

चारों ओर कीचड़ ही कीचड़ दिखाई देता है। बच्चों के स्कूल जाने के समय अक्सर कपड़े खराब हो जाते है। लोगों को इसी गंदे, संक्रामक पानी के बीच से पैर डुबोकर आना-जाना पड़ता है। स्थिति इतनी गंभीर है कि यहाँ कभी भी बड़ी महामारी या बीमारियाँ पैर पसार सकती हैं। हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका प्रशासन इस नरकीय जीवन से छुटकारा पाने के लिए अब प्रशासन से ठोस कदम नही उठाया है।

151 गायब मोबाइल बरामद, मालिकों को सौंपा

जौनपुर। पुलिस ने पोर्टल के माध्यम से 151 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 32 लाख रुपये बताई गई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि साइबर क्राइम थाना और जनपद के विभिन्न थानों की साइबर सेल ने यह सफलता हासिल की। बरामद मोबाइल सिर्फ जौनपुर ही नहीं, बल्कि आजमगढ़, वाराणसी, सुल्तानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, बलिया, प्रतापगढ़ और भदोही समेत कई जिलों से खोजे गए। इसके अलावा दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों से भी मोबाइल रिकवर किए गए। बरामद फोन में वनप्लस, वीवो, रेडमी, ओप्पो, रियलमी, टेक्नो, पोको, नोकिया और सैमसंग जैसी कंपनियों के स्मार्टफोन शामिल हैं। मोबाइल स्वामियों को उनके फोन सौंपते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोबाइल खोने पर सबसे पहले नजदीकी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराएं और सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत अवश्य करें। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सतर्कता है। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

ट्रेटा पैकेट देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

मड़िहान/मीरजापुर। संतनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुड्डू निषाद पुत्र पुन्नू लाल निवासी बनकी थाना सन्तनगर को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक उसके कब्जे से 40 पाउच ट्रेटा पैकेट लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सन्तनगर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई।

रजत जयंती पर हुआ विविध कार्यक्रम

आजमगढ़। एसकेडी ग्रुप आफ एजुकेशन धनहुआं, जहानागंज, आजमगढ़ ने अपने रजत जयंती वर्ष का शुभारंभ सभी शाखाओं पर विद्यार्थियों और अध्यापकों के हाथों केक काटकर उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया। इस विशेष अवसर पर संस्थान द्वारा पूरे वर्ष विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं सम्मान समारोहों के आयोजन की घोषणा की गई है। संस्थान के संस्थापक विजय बहादुर सिंह ने बताया कि संस्था ने शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्टता की अपनी गौरवशाली यात्रा के 24 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं तथा अब संस्थान अपने 25वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे एसकेडी परिवार के लिए गर्व, खुशी और नई ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि रजत जयंती वर्ष के दौरान विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि, रचनात्मकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं, प्रेरक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा तथा पिछले 24 वर्षों में संस्थान ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर प्रगति की है। यही कारण है कि आज क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं संस्थान के सभी शुभचिंतकों के विश्वास, सहयोग और समर्पण को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रजत जयंती वर्ष केवल उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने का संकल्प भी है।

सपा ने लक्खीशाह बंजारा की जयंती मनायी

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। समाजवादी पार्टी ने शनिवार को बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती मनाई। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके सामाजिक समरसता, राष्ट्रसेवा और त्यागपूर्ण जीवन को याद किया।

जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि बाबा लक्खीशाह बंजारा का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और मानवता की सेवा का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और वंचित, पिछड़े व शोषित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के बाद पार्टी की मासिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रम और जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों और पीडीए की विचारधारा को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने 1 से 7 जुलाई तक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पीडीए वृक्षारोपण अभियान को भव्य रूप से आयोजित करने के निर्देश भी दिए। पूर्व विधायक राजनारायण बिंद, लालबहादुर यादव, मोहम्मद अरशद खान सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छत पर सोने गये युवक की करंट लगने से मौत, परिवार में मचा कोहराम

मड़िहान/मीरजापुर। जिले के संतनगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय युवक की 440 वोल्ट विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, संतनगर थाना क्षेत्र के निवासी रामबालक (22) पुत्र स्वर्गीय गणेश कोल बीती को रात भोजन करने के बाद घर की छत पर सोने गया था। देर रात शौच के लिए उठने के दौरान वह छत के ऊपर से गुजर रही 440 वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन तत्काल उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही संतनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रामबालक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में शोक का माहौल है।

फरिहा रेलवे स्टेशन के विकास और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने को भेजा ज्ञापन

जिला संवाददाता

आजमगढ़। रानी की सराय विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत फरिहा के ग्राम प्रधान अबूबकर खान ने उत्तर पूर्व रेलवे वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) को ज्ञापन भेजकर फरिहा रेलवे स्टेशन के विकास और क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधाओं से जुड़ी तीन प्रमुख मांगें उठाई हैं। उन्होंने फरिहा रेलवे स्टेशन पर मेल ट्रेनों के ठहराव, समपार संख्या-41 को बहाल करने अथवा वहां अंडरपास बनाने तथा गेट संख्या-40 पर फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मऊ-शाहगंज रेलखंड पर स्थित फरिहा रेलवे स्टेशन लंबे समय से क्षेत्र की बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा कर रहा है। यह स्टेशन जौनपुर, वाराणसी, मंदुरी हवाई अड्डा और अयोध्या मार्ग से जुड़े क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। स्टेशन से करीब चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित निजामाबाद तहसील अपनी ऐतिहासिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ ओडीओपी योजना में शामिल विश्व प्रसिद्ध ब्लैक पॉटरी के लिए भी जानी जाती है। ग्राम प्रधान ने बताया कि फरिहा रेलवे स्टेशन पर मेल ट्रेनों के ठहराव से फरिहा सहित आसपास के सैकड़ों गांवों तथा लालगंज से मंदुरी तक के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे यात्रियों की सुविधा बढ़ने के साथ रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मऊ-शाहगंज रेलमार्ग पर माल ढुलाई के लिए सबसे बड़ा माल गोदाम फरिहा में स्थापित किया गया है, जिससे स्टेशन का महत्व और अधिक बढ़ गया है। ऐसे में यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए मेल ट्रेनों का ठहराव आवश्यक है। ज्ञापन में रेल संघर्ष समिति फरिहा एवं क्षेत्रीय जनता की ओर से मांग की गई है कि समपार संख्या-41 को पुनः चालू किया जाए अथवा वहां अंडरपास का निर्माण कराया जाए। साथ ही गेट संख्या-40 पर फ्लाईओवर ब्रिज बनाकर क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जनसमस्याओं का समाधान किया जाए। ग्राम प्रधान अबूबकर खान ने रेल प्रशासन से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में शनिवार सुबह तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार ग्राम प्रधान बबुरा कलां के श्वसुर गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। कंपोजिट विद्यालय बबुरा रघुनाथ सिंह के प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र कुमार शनिवार सुबह नौ बजे के करीब अपनी बोलेरो गाड़ी से विद्यालय जा रहे थे जैसे ही विद्यालय से दो सौ मीटर पहले पहुंचे तो घर से बाइक से निकल रहे बबुरा रघुनाथ सिंह गांव निवासी 65 वर्षीय विजय सिंह की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विजय सिंह बाइक से दस फीट दूर जा गिरे जिससे सिर और हाथ में गंभीर चोटें आ गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को लहुलुहान अवस्था में देख आनन फानन में उपचार हेतु ड्रमंडगंज स्थित एक क्लीनिक पर ले गए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर तथा हाथ में आई गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। परिजन उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती करवाए हैं जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

अज्ञात युवक का मंदिर के पास से शव बरामद

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर कला में गांव के बाहर मंदिर के पास एक अज्ञात युवा का शव बरामद होने पर सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार 10 बजे करीब गांव के पश्चिम बने शिव मंदिर के पास एक युवक का शव बड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंचे एस आई रामचंद्र ने शव कब्जे में लेकर मुस्लिम युवक होने की बात बताई है। मृतक के पास कोई दस्तावेज न मिलने से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। दूसरी घटना गांव मोहम्मदी सराय में सर्वेश पुत्र राधेश्याम 35 शुक्रवार की रात अचानक छत से गिर जाने पर गंभीर रूप से घायल हो गए थे इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल लाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

ट्रक से कुचलकर युवक की हालत गंभीर

जौनपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के शाहगंज पड़ाव स्थित पानी टंकी के पास शनिवार की रात तेज रफ्तार ट्रक चला रहे चालक ने एक युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शहर के मोहल्ला फिरोज शाहपुर निवासी यूसुफ (30 वर्ष), पुत्र याकूब, अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने उन्हें टक्कर मारते हुए कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने तत्काल घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया। हालांकि परिजन बाद में उसे शहर के नईगंज स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद जब लोगों ने ट्रक चालक को पुलिस पिकेट के पास घेरकर रोकने का प्रयास किया तो वह हाथ में लोहे की रॉड लेकर लोगों को धमकाने लगा। पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में ले लिया।

राष्ट्रवादी मंच के संस्थापक को भ्रातृ शोक

मीरजापुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला कार्यालय कजरहवा पोखरा पर महासभा के संरक्षक और राष्ट्रवादी मंच के संस्थापक मनोज श्रीवास्तव के छोटे भाई वैद्य अश्वनी श्रीवास्तव के आसमयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां 2 मिनट का मौन रख कर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। बताया गया कि इनके निधन से कायस्थ समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है. शोक व्यक्त करने वालों में डॉक्टर डीएल श्रीवास्तव ?, डॉक्टर अरविंद श्रीवास्तव, केबी लाल श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रतनेश श्रीवास्तव, महामंत्री सुजीत श्रीवास्तव, सतीश सिन्हा, कुलदीप श्रीवास्तव, गिर्जेश सिन्हा, अभिनव रंजन श्रीवास्तव, प्रिंश श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

महिला के आत्महत्या मामले में पति, ससुर व देवर को जेल भेजा

गोसाईगंज, सुलतानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मलवा गांव में महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि न होने के बाद पुलिस ने मुकदमे में संशोधन करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति, ससुर और देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मलवा गांव निवासी माला वर्मा पत्नी अनुराग वर्मा का शव गुरुवार सुबह घर के जीने के नीचे फंदे से लटका मिला था। घटना के बाद मृतका के पिता रामसुंदर वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने पति अनुराग वर्मा, ससुर दिनेश कुमार वर्मा और देवर राज वर्मा के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि नहीं हुई, बल्कि फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने विवेचना के आधार पर मुकदमे में संशोधन करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के तहत कार्रवाई की। शनिवार को अपराध निरीक्षक अखिलेश सिंह, कांस्टेबल राहुल चौधरी और अमित कुमार यादव की टीम ने पति अनुराग वर्मा, ससुर दिनेश कुमार वर्मा और देवर राज वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

रक्तदान से दिया मानवता की रक्षा का संकल्प

अयोध्या। स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर सिविल डिफेंस एवं सपना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के आयोजन का उद्देश्य आम जन को मानवता की रक्षा का संदेश देना था। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन अतुल कुमार सिंह एवं फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. स्वदेश मल्होत्रा ने स्वामी विवेकानंद एवं स्वर्गीय अविनाश चन्द्र मल्होत्रा के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान कोई नहीं होता। एक व्यक्ति के रक्तदान से चार व्यक्तियों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने सिविल डिफेंस कोर की ओर से रक्तदान शिविर के नियमित आयोजन पर बल दिया। डिप्टी चीफ वार्डन अनूप मल्होत्रा और डिविजनल वार्डन विवेकानंद पांडेय ने अतिथियों का बैज अलंकरण और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

लकी शाह बंजारा जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

अयोध्या। समाजवादी पार्टी जनपद फैजाबाद (अयोध्या) के जिला कार्यालय, गुलाबबाड़ी स्थित लोहिया भवन में शनिवार को 17वीं शताब्दी के महान समाज सुधारक, वीर योद्धा एवं राष्ट्रभक्त लकी शाह बंजारा जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक समरसता के लिए किए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि लकी शाह बंजारा ने विपरीत परिस्थितियों में भी समाज और देश की सेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जीवन सामाजिक न्याय, साहस और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

बारिश से मथुरा का जन-जीवन बिगड़ा

चहुंओर लगा जाम, उमस से राहत

मथुरा। जनपद में शनिवार सुबह से अलग-अलग क्षेत्रों हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत प्रदान की। कई दिनों से बादल छाए रहने के बावजूद वर्षा न होने से क्षेत्रवासी तेज गर्मी और उमस से परेशान थे। इस बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और वातावरण में ठंडक घुल गई।

शनिवार सुबह 5 बजे जोरदार बारिश के साथ तेज हवा चली और बिजली चमकती रही। आसमान में बादलों की गड़गड़ाहट भी सुनाई दी। बारिश से उमस भरी गर्मी में कमी आई। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि लगातार बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों और प्रमुख सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। सुबह हुई तेज बारिश का असर जनजीवन पर भी दिखाई दिया। मथुरा रेलवे स्टेशन पर सामान्य दिनों की तुलना में सन्नाटा नजर आया, जबकि खराब मौसम के कारण कुछ ट्रेनें भी देरी से चलीं। वहीं कई लोग घरों की छतों और बालकनियों से बारिश का आनंद लेते दिखाई दिए। शुक्रवार दोपहर हुई बारिश के बाद शनिवार सुबह की तेज बारिश को इस मानसून की पहली प्रभावी बारिश माना जा रहा है। लगातार बरसात के चलते शहर के कई निचले इलाकों और प्रमुख मार्गों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, आसमान में अभी भी बादल छाए हुए हैं और अगले कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलने के साथ-साथ किसानों को भी खेती के लिए अनुकूल मौसम मिलेगा। बारिश शुरू होते ही सड़कों और बाजारों में लोगों के चेहरों पर राहत साफदिखाई दी। सुबह की ठंडी फुहारों ने मौसम को खुशनुमा बना दिया, जिसका लोगों ने आनंद लिया। इस वर्षा के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई, जिससे जनजीवन सहज हो गया। किसानों ने इस बारिश का स्वागत किया है, लेकिन उनका कहना है कि यह वर्षा खेती के लिए अभी पर्याप्त नहीं है। खरीफ की फसलों की बुवाई और बेहतर उत्पादन के लिए आने वाले दिनों में अच्छी और लगातार बारिश की आवश्यकता है। किसानों के अनुसार, यदि समय पर पर्याप्त वर्षा होती है, तो धान, बाजरा, ज्वार सहित अन्य खरीफ फसलों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा और कृषि कार्यों में तेजी आएगी। मौसम में आए इस बदलाव से आमजन के साथ-साथ किसानों में भी अच्छी बारिश को लेकर उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि आगामी दिनों में मानसून इसी तरह सक्रिय रहता है, तो क्षेत्र में गर्मी से पूरी तरह राहत मिलेगी और कृषि कार्यों को भी नया संबल प्राप्त होगा।

जलभराव से थमी रफ्तार शहर से लेकर हाईवे तक लंबा जाम

मथुरा। कान्हा की नगरी में आज लगातार दूसरे दिन हुई बारिश ने नगर निगम की सारी अव्यवस्थायें एक बार फिर खोलकर रख दी। सुबह-सुबह हुई तेज बारिश जहां मौसम को सुहाना करने आई थी, वहीं कुछ ही देर में यह आम जनता के लिए बड़ी आफत बन गई। शायद ही शहर का कोई ऐसा कोना बचा हो, जो इस समय भारी जाम और जलभराव की चपेट में न हो। दफ्तर, स्कूल और अपने काम पर निकले लोग जगह-जगह घंटों फंसे रहे और उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह हुई जोरदार बारिश के बाद शहर के व्यस्ततम होलीगेट से छत्ता बाजार जाने वाला मुख्य मार्ग जलमग्न हो गया। अंदरूनी बाजारों और पुराने बस स्टैंड की स्थिति भी बेहद खराब रही, जहां सड़कों पर कई फीट पानी जमा हो गया। इसके अलावा शहर के नए बस स्टैंड और भूतेश्वर पुल के नीचे पानी भरने की वजह से वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। जलभराव के कारण कई गाड़ियां बीच रास्ते में ही बंद हो गईं, जिससे आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। एक तरफ शहर के अंदरूनी रास्तों का बुरा हाल था, तो दूसरी तरफ आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़े हादसे ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। हाईवे कट पर लोहे के भारी-भरकम पाइपों से लदा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर ही पलट गया। ट्रक पलटने के कारण टाउनशिप मोड़ से लेकर गोकुल रेस्टोरेंट तक कई किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया। रेंगते वाहनों के कारण हाईवे पूरी तरह ब्लॉक नजर आया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और क्रेन की टीमें मौके पर पहुंचीं। हाईवे पर बिखरे लोहे के पाइपों और पलटे हुए ट्रक को हटाने के लिए दो विशाल हाइड्रा क्रेनों को काम पर लगाया गया।

नगर आयुक्त ने संभाली कमान जलभराव इलाकों का किया दौरा

मथुरा। मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है जिसको लेकर शनिवार नगर आयुक्त जग प्रवेश ने खुद कमान संभाली और अधिकारियों की फौज के साथ शहर के विभिन्न जलभराव वाले संवेदनशील इलाकों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों और नालों की जमीनी हकीकत देखी और काम में ढिलाई बरतने वालों को सख्त चेतावनी दी। ?निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण कार्यों की कछुआ गति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने साफ कहा कि सरकारी धन और जनता के समय की बर्बादी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने कहा आमजन को बरसात के दिनों में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर निगम की टीमें लगातार मॉनिटरिंग कर रही हैं। जलभराव की शिकायत मिलते ही तुरंत रिस्पॉन्स टाइम के भीतर कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।

सर्वोच्च न्यायालय में समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 21 से 23 अगस्त तक

मथुरा। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा विकास कुमार की ओर से आमजनमानस को सूचित किया जाता है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 के अंतर्गत दिनांक 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में मथुरा जनपद से सम्बन्धित चिन्हित पत्रावलियों की सुनवाई हेतु गठित पीठों के अध्यक्ष अरविन्द कुमार, अपर जनपद न्यायाधीश मथुरा तथा सुरेन्द्र प्रसाद, अपर जनपद न्यायाधीश मथुरा की अध्यक्षता में पृथक-पृथक सुलहवार्ता हेतु बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें चिन्हित मामलो के पक्षकारगण उपस्थित हुए। सुलहवार्ता बैठकों में पीठों के अन्य सदस्यगण व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा श्रीमती अनीता सिंह उपस्थित रही। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा श्रीमती अनीता सिंह द्वारा सभी सम्बन्धित पक्षों को इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया तथा समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया गया।

कार से लाखों की विदेशी शराब बरामद ग्वालियर का तस्कर गिरफ्तार

मथुरा। थाना जैत पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एनएच-19 पर एक कार से 60 बोतल विदेशी शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को उपनिरीक्षक निशांत पायल अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कोटा-छरौरा फ्लाईओवर से करीब पचास मीटर पहले दिल्ली से आगरा की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग पर एक सफेद रंग की डिजायर कार (एमपी-07 एई-4568) संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। तलाशी लेने पर कार से पांच पेटियों में रखी कुल साठ बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब में चैबीस बोतल एंटीक्विटी ब्लू, चैबीस बोतल बैलेंटाइन्स और बारह बोतल जेम्सन शामिल हैं। पुलिस ने मौके से विकास गुर्जर (32) निवासी शिव कॉलोनी, पिंटो पार्क, थाना गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया। थाना जैत पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मु.अ.सं. 470/2026 के तहत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक संदीप कुमार कर रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद विदेशी शराब कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर सप्लाई किया जाना था।

डीएम-एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आयोजित की गई शिक्षक पात्रता (यूपीटीईटी) की परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 19 परीक्षा केन्द्रों पर बीते 2 जुलाई से प्रत्येक दिवस को पांच पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई तथा अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी की गई। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित उ०प्र० शिक्षक पात्रता की परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 8544 अभ्यर्थियों में से 7481 अभ्यर्थी उपस्थित व 1063 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

यूपीटीईटी-2026 संपन्न, 15 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई परीक्षा

मथुरा। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी)-2026 के तीसरे दिन शनिवार को जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर पहली पालियों की परीक्षा दोपहर शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। मथुरा सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे थे लेकिन बारिश के चलते कई परीक्षार्थियों लेट हो गए जिससे उन्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया।

गौरतलब हो कि शुक्रवार प्रथम पाली में कुल 6,344 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5,888 उपस्थित रहे और 456 अनुपस्थित थे। इस पाली में 92.81 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं, द्वितीय पाली में 6,719 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6,305 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 414 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 93.83 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। शनिवार को तीसरे दिन बारिश के बीच अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे आज जिले के सभी 15 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से परीक्षा कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। जूते, मोजे, महिलाओं के दुपट्टे, कान के कुंडल, चूड़ियां व अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं बाहर रखवाकर ही प्रवेश दिया गया। पहचान पत्र और प्रवेश पत्र का मिलान करने के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में भेजा गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद अधिकांश अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को सामान्य स्तर का बताया। हालांकि, कुछ अभ्यर्थियों ने सामान्य अध्ययन और शिक्षण अभिरुचि से जुड़े प्रश्नों को अपेक्षाकृत कठिन बताया। बारिश के कारण शहर के कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी, जिससे कुछ परीक्षार्थियों को आने-जाने में असुविधा हुई।

जिपं अध्यक्ष ने किया रीबॉक के नये शोरूम का उद्घाटन

मथुरा। स्पोर्ट्स फुटवियर और लाइफस्टाइल ब्रांड रीबॉक ने मथुरा के कृष्णानगर में अपने नए शोरूम का भव्य उद्घाटन किया। इस विशेष आउटलेट का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया।

उद्घाटन के पश्चात शोरूम का अवलोकन करते हुए किशन चैधरी ने कहा रीबॉक का यह नया स्टोर मथुरा ब्रजभूमि में स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली को नई ऊर्जा देगा। फिटनेस केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं, बल्कि मानसिक कल्याण का भी आधार है। मुझे विश्वास है कि यह शोरूम क्षेत्र के लोगों को अपनी फिटनेस यात्रा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाएगा।

रीबॉक का यह नया शोरूम आधुनिक डिजाइन और ब्रांड के सिग्नेचर कलेक्शंस के साथ तैयार किया गया है। यहाँ ग्राहकों के लिए रनिंग, ट्रेनिंग और वॉकिंग श्रेणियों के विशेष उत्पाद उपलब्ध हैं। हाई-परफॉरमेंस एथलेटिक जूते और स्टाइलिश एक्टिववियर की व्यापक रेंज मौजूद है। फिटनेस से जुड़ी अन्य आवश्यक वस्तुएं भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई हैं।

शोरूम संचालकों ने मुख्य अतिथि किशन चैधरी का पटुका और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। संचालकों ने बताया कि उनकी प्राथमिकता युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाले स्पोर्ट्स उपकरण और परिधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी गणमान्य अतिथियों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि शोरूम क्षेत्रवासियों को बेहतरीन उत्पाद और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगा।

एनएसबीवीएम में मना वन महोत्सव सप्ताह

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, टीचर्स एवं स्टूडेण्टस काउसिंल ने मिलकर वृक्षारोपण किया। जिसमें स्कूल की टीचर्स नीतू सिंह ने स्टूडेण्ट्स को वृक्षों के कटने से प्रकृति में होने वाले परिवर्तन के परिणाम स्वरूप जीवन में होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार से भी पर्यावरण संरक्षण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में वृक्ष लगाने से जल्दी लग जाते हैं और दूसरी बात मानव जीवन को सुखी समृद्ध व संतुलित बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण का अपना विशेष महत्व है। वैसे भी प्रारम्भ से मानव सभ्यता का उदय तथा आरम्भिक आश्रय प्रकृति अर्थात वन-वृक्ष ही रहे हैं। कहते हैं कि पेड़-पौधे, पर्वत प्रकृति संतुलन एवं वर्षा के लिए अति आवश्यक हैं।

● जीवन में होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया

वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने बच्चों को वृक्षों के महत्व को समझाते हुए बताया कि पेड़ पृथ्वी पर कार्बन-डाईऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन देते हुए पारिस्थितिक संतुलन बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़ लगाना हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। इसमें विद्यार्थियों की भी अहम्‌ भूमिका होती है। इसलिए आज हम आप सभी संकल्प लें कि एक वृक्ष अवश्य लगायेंगे सरल शब्दों में पेड़ लगाना अपने बाद आने वाले लोगों के लिए जीवन में बेहतर निवेश करने जैसा है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एएसपी ग्रामीण बने आईपीएसः बैज लगाकर एसएसपी ने किया सम्मानित

मथुरा। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत को पीपीएस (प्रांतीय पुलिस सेवा) कैडर से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) कैडर में पदोन्नत किया गया है।

इस अवसर पर शनिवार को पुलिस लाइन स्थित विमर्श सभागार में एक पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में सुरेश चंद्र रावत के कंधों पर आईपीएस का बैज लगाकर उन्हें सम्मानित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने इस अवसर पर सुरेश चंद्र रावत के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि रावत ने जनपद में अपनी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और कार्यकुशलता से पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को मजबूत किया है। श्लोक कुमार ने रावत को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जनपद के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी सुरेश चंद्र रावत को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। अधिकारियों ने उनकी पदोन्नति को पुलिस विभाग के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे आईपीएस अधिकारी के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। पीपिंग सेरेमनी के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखा गया। सभी ने सुरेश चंद्र रावत को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल और उज्ज्वल प्रशासनिक जीवन की कामना की। समारोह में पुलिस विभाग के कई राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सुरेश चंद्र रावत की आईपीएस कैडर में यह पदोन्नति जनपद पुलिस के लिए ए

गौ-सेवा आयोग के सदस्य ने किया गौशालाओं का औचक निरीक्षण

मथुरा। उत्तर प्रदेश गौ-सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने आज राल स्थित ब्रह्मऋषि श्री देवराह बाबा गो-आश्रय स्थल, मदन गोपाल गौशाला और इस्कॉन गौशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गौशालाओं में स्वच्छता, पेयजल, हरा-चारा भंडारण और गौवंश की स्वास्थ्य सेवाओं का गहन जायजा लिया। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए उन्होंने गौवंश के बचाव और शेड की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राल स्थित गौशाला में 10 एकड़ में लगी नैपियर घास का अवलोकन किया और वहां बन रहे जैविक खाद व अन्य गौ-उत्पादों (धूपबत्ती, साबुन, घी आदि) की सराहना की। उन्होंने स्पष्ट किया कि गौवंश की सेवा और संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अंत में उन्होंने व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए तथा संतोषजनक कार्य के लिए कर्मचारियों की सराहना की।

जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरणः लोक अदालत में समझौते के प्रयास

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित विशेष अनुमति याचिकाओं (एसएलपी) के संबंध में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर शनिवार को मथुरा में विशेष लोक अदालत (सुलहवार्ता) के तहत सुनवाई हुई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-11) सुरेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हिंदू पक्ष के वादी उपस्थित हुए, जबकि मुस्लिम पक्ष की ओर से कोई पक्षकार उपस्थित नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा विकास कुमार के निर्देशन में सर्वोच्च न्यायालय के समाधान समारोह-2026 के अंतर्गत यह सुलहवार्ता आयोजित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार 21, 22 और 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत से पूर्व लंबित मामलों में आपसी सहमति से समाधान की संभावनाएं तलाशने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण के हिंदू पक्षकार एवं

अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार दोनों पक्षों को समझौते की संभावना पर विचार के लिए लोक अदालत में उपस्थित होना था। उन्होंने कहा कि हिंदू पक्ष के वादी निर्धारित समय पर उपस्थित हुए और लगभग आधे घंटे तक अपना पक्ष रखा, जबकि मुस्लिम पक्ष की ओर से कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ। महेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, हिंदू पक्षकारों ने सुलहवार्ता के दौरान प्रस्ताव रखा कि यदि मुस्लिम पक्ष विवादित स्थल से अपना ढांचा हटाकर अपना दावा छोड़ देता है तो मस्जिद निर्माण के लिए अन्य उपयुक्त स्थान पर भूमि उपलब्ध कराने पर विचार किया जा सकता है। उनका कहना था कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से किसी भी ढांचे को सुरक्षित रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाना संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष ने अपने दावों के समर्थन में ऐतिहासिक तथ्यों का उल्लेख किया। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय ने हिंदू पक्ष की बात सुनी तथा आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी कराए। अब इस संबंध में आगे की प्रक्रिया न्यायालय के समक्ष चलेगी। उन्होंने कहा कि यदि मथुरा स्तर पर कोई समाधान नहीं निकलता है तो सर्वोच्च न्यायालय में 21, 22 अथवा 23 अगस्त को सूचीबद्ध तिथि पर मामले की आगे सुनवाई हो सकती है। प्रकरण के अन्य हिंदू पक्षकारों ने भी कहा कि यदि मुस्लिम पक्ष विवादित स्थल से अपना दावा और ढांचा हटा लेता है तो मस्जिद निर्माण के लिए अन्य स्थान पर भूमि उपलब्ध कराने पर विचार किया जा सकता है। उनका कहना था कि हिंदू पक्ष विवादित स्थल को भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य स्थल मानता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी जानकारी के अनुसार शनिवार को गठित पीठों के समक्ष चिन्हित मामलों में सुलहवार्ता आयोजित की गई।

बांके बिहारी कॉरिडोर भूमि खरीद की जांच की मांग कमेटी में शामिल गोस्वामियों को सौंपा ज्ञापन

मथुरा। वृन्दावन ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर परियोजना के लिए मंदिर निधि से की जा रही भूमि खरीद प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए शनिवार को मंदिर चबूतरे पर एक विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के गोस्वामी सदस्यों को ज्ञापन सौंपकर पूरी प्रक्रिया की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता दीपक पाराशर ने प्रबंधन कमेटी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉरिडोर के लिए की जा रही संपत्तियों की रजिस्ट्रियों में भारी वित्तीय गड़बड़ियां हो रही हैं। संपत्तियों का मूल्यांकन पक्षपातपूर्ण तरीके से अलग-अलग किया गया है और दबाव बनाकर विवादित संपत्तियों को खरीदा जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कमेटी में शामिल किए गए नए गोस्वामी सदस्यों को जानबूझकर भूमि खरीद से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज और अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था और ठाकुरजी की निधि की पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस मामले में सार्वजनिक हित को सर्वोपरि रखते हुए तत्काल निष्पक्ष जांच शुरू की जानी चाहिए।

संक्षेप

सड़क दे रही दुर्घटना को दावत

दुद्धी(सोनभद्र)। दुद्धी-अमवार मुख्य मार्ग पर स्थित खजुरी गांव में सड़क इस समय पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं, जिससे आए दिन यहां बड़ी दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। बारिश के मौसम में इस मार्ग की स्थिति बद से बदतर हो गई है। गड्ढों में गंदा पानी भर जाने के कारण राहगीरों को यह अंदाजा नहीं मिल पाता कि गड्ढा कितना गहरा है। आए दिन दुपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र की लाइफलाइन है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या से आंखें मूंदे बैठे हैं। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि ग्रामीण इस बदहाल और कीचड़युक्त सड़क को दिखाकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी लोक निर्माण विभाग या संबंधित प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस गड्ढायुक्त सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी अप्रिय घटना या जनहानि को रोका जा सके। नहीं तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

आनंद हत्याकांड में लापरवाही पर दारोगा व दीवान निलंबित

संतकबीरनगर। जिले के थाना बखिरा क्षेत्र में आनंद गौतम की चाकू मारकर हत्या के मामले में लापरवाही बरतने पर दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने हलका दारोगा और मुख्य आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पुलिस लाइन से संबद्ध किया है। उल्लेखनीय है कि 30 वर्षीय आनंद गौतम की हत्या 18 जून की शाम 7 बजे बभनी चौराहे पर हुई थी। जांच में सामने आया था कि मृतक आनंद के रिश्तेदार की एक लड़की और मुख्य आरोपी नासिर निवासी कुसम्हा माफी के बीच करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 6 जून को आनंद के घर के पास एक शादी में नासिर के पहुंचने पर आनंद और उसके परिजनों ने उसकी पिटाई की थी। इसी विवाद के चलते बदले को लेकर यह घटना हुई थी। घटना के बाद भीड़ आक्रोशित हो गई थी और शव उठाने से इनकार करते हुए उग्र प्रदर्शन किया था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एडीजी गोरखपुर जोन,, डीआईजी बस्ती रेंज, डीएम, एसपी, एएसपी और सीओ सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और संतकबीरनगर के साथ-साथ बस्ती और सिद्धार्थनगर से भी पुलिस बल और पीएसी तैनात करनी पड़ी।

सपा विधायक समेत पांच पर केस दर्ज

प्रयागराज। प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब राजनीतिक रंग लेता नजर आ रहा है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर समाजवादी पार्टी के विधायक हकीम लाल बिंद समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विधायक ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस के अनुसार गंगानगर जोन के हंडिया थाना क्षेत्र के बनपुरवा सरायपीठा गांव निवासी सुनील का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला था। घटना के बाद परिजनों की शिकायत पर हंडिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्थाएं होंगी और सुदृढ़

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद में संचालित सभी सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अस्पतालों में अग्निशमन सुरक्षा से संबंधित उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, कार्यशीलता एवं नियमित परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आग जैसी आकस्मिक घटनाओं से बचाव के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन किया जाए तथा जहां आवश्यक हो वहां अग्निशमन उपकरणों की स्थापना एवं व्यवस्थाओं को तत्काल सुदृढ़ किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अस्पतालों में समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित करने, विद्युत सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा आपातकालीन निकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के भी निर्देश दिए, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि को रोका जा सके। बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राम साहनी, प्रभारी अधिकारी करन सिंह यादव, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, एसीएमओ डॉ. गुलाब शंकर यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

सोनभद्र। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया।

अभियान के दौरान कटे फल, गन्ने का जूस, खुली मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने तथा प्रतिबंधित रसायनों का प्रयोग न करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में ग्राम कचनरवा, थाना कोन स्थित दो अवैध मीट दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच में बिना खाद्य पंजीकरण एवं लाइसेंस के मीट विक्रय किए जाने की पुष्टि होने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें भविष्य में बिना अनुमति कारोबार न करने की चेतावनी दी गई।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान ऐसे निरीक्षण एवं प्रवर्तन की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जा सकें।

जेम 2026 की चयनित छात्राओं से किया संवाद

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल में बालिका सशक्तिकरण अभियान जेम 2026 के अंतर्गत चयनित 20 छात्राओं से साथ कार्यकारी निदेशक (विं) किशोर कुमार होता का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने सपनों, आकांक्षाओं एवं भविष्य की योजनाओं को साझा किया। इस अवसर पर होता ने उन्हें आत्मविश्वास, समर्पण एवं दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

जेम 2026 के अंतर्गत चयनित 20 छात्राओं को शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एनटीपीसी विंध्याचल की नगर परिसर स्थित स्कूल एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। साथ ही छात्राओं को विद्यालय की ड्रेस, पाठ्यपुस्तकें, स्टेशनरी तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम में डीपीएस विंध्यनगर, स्कूल एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्यगण, रुमा डे शर्मा (मानव संसाधन प्रमुख), मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा महताब आलम, उप महाप्रबंधक (सीएसआर/आर एंड आर) उपस्थित रहे। यह पहल बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने तथा समावेशी एवं सतत सामुदायिक विकास के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

बिना एनओसी सरकारी भूमि पर निर्माण बना चर्चा का विषय

जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी(सोनभद्र) दुद्धी नगर पंचायत द्वारा नगर को सजाने-सवारने सहित सुंदरीकरण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इस कार्य में करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाए जा रहे हैं लेकिन दुद्धी नगर पंचायत द्वारा जो भी विकास कार्य कराए जा रहे हैं वह या तो स्टेट की भूमि हैं या नाला /भीठा तथा तालाब या जलाशय की भूमि हैं और नियमानुसार सरकारी भूमि पर कोई भी निर्माण से पहले एनओसी ली जानी चाहिए थी, मगर नगर पंचायत द्वारा बिना एनओसी सरकारी जमीनों पर कराए जा रहें निर्माण कार्य इन दिनों चर्चाओं में हैं।

दुद्धी नगर पंचायत में महुअरिया पोखरा एवं बढ़नीनाला जलाशय सहित कई सरकारी जमीनों पर काम चल रही हैं। जहाँ जमकर मानकों की अनदेखी की जा रही हैं। नगरवासियों का कहना हैं कि यदि सरकारी भूमि पर कोई भी निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं तो नियमानुसार सक्षम अधिकारी से परमिशन /एनओसी ली जानी चाहिए, इसके बाद ही निर्माण किया जाना चाहिए। लोगों ने कहा कि बढ़नीनाला जलाशय और महुअरिया पोखरे की जमीन की

- **तहसीलदार ने कस्बे के लेखपाल से तलब की रिपोर्ट**

पहले पैमाइस की जानी चाहिए और सीमांकन के बाद ही कोई निर्माण किया जाय, क्योंकि अधिकांश सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा होने की बात बतायी जा रही हैं जिसको लेकर कई बार आवाज भी उठायी जा चुकी हैं।

इस संबंध में तहसीलदार अंजनी गुप्ता ने बताया कि सरकारी जमीन पर निर्माण के लिए नगर पंचायत द्वारा कोई एनओसी नही ली गई हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय लेखपाल को भेजकर देखवाते हैं। बताया कि सरकारी जमीनों पर बिना परमिशन कोई भी निर्माण कार्य नही होने दी जाएगी।

सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरायी बाइक, दो युवकों की मौत

कन्नौज। ताल्ग्राम थाना क्षेत्र के निकवा गांव में बालाजी मंदिर के पास एक मोटरसाइकिल सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे दो युवकों की मौत हो गई। ताल्ग्राम पुलिस स्टेशन की थाना प्रभारी रंजना पांडे ने कहा कि सौरभ शाक्य (25) और उनके चचेरे भाई अवनीश शाक्य (23) ताल्ग्राम के गांधी नगर इलाके के निवासी हैं। शुक्रवार देर रात (लगभग 11.30 बजे) तेराजाकेट में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी सेवाएं प्रदान करने के लिए जा रहे थे। निकवा गांव में बालाजी मंदिर के पास उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है जबकि मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

बाइक एजेंसी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से कई लाख का नुकसान

पहला (सीतापुर)। थाना रामपुर कलां अंतर्गत सरैंया स्टेशन बाजार में शुक्रवार रात करीब तीन बजे एसई बाइक एजेंसी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से कई नई गाड़ियां फर्नीचर समेत इलेक्ट्रोनिक सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैंया राजा साहब स्थित सरैंया बाजार में एसई बाइक एजेंसी है। जिसमें शुक्रवार रात करीब तीन बजे एजेंसी के बाहर लगी बेल डोर बजने की आवाज सुनकर एजेंसी संचालक के पिता जो एजेंसी के ही ऊपर दूसरी मंजिल पर रहते थे। नीचे देखने आए तो उन्होंने एजेंसी के अंदर धुआं और आग की लपटे देखी। जिसकी सूचना उन्होंने घर के अन्य सदस्यों और पुलिस फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। मगर तब तक कई बाइक इलेक्ट्रॉनिक समान और फर्नीचर जल चुका था। हालांकि प्रथम द्दष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मगर पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। इस संबंध में एजेंसी संचालक इरफान ने बताया कि करीब 40 से 45 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मगर गनीमत यह रही कि समय रहते परिवार के लोग जाग गये। जो एजेंसी के ऊपर दूसरी मंजिल पर सो रहे थे जिससे जन हानि होने से बच गई।

फुटपाथ दुकानदारों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

दुद्धी(सोनभद्र)। दुद्धी कस्बे के फुटपाथ दुकानदारों ने शनिवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ जायसवाल की अगुवाई में तहसीलदार अंजनी गुप्ता से मुलाकात की और एसडीएम के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

तहसीलदार को ज्ञापन सौपते हुए मांग किया कि फुटपाथ दुकानदारों की रोजी -रोटी का ध्यान रखते हुए जब तक स्थायी समाधान नही निकलती हैं तब तक उनकी आजीविका को न छिना जाय और सप्ताहिक बाजार गुरुवार और रविवार को अस्थायी दुकान लगाने की अनुमति प्रदान किया जाय, क्योंकि हमसब लोग इसी दुकान के सहारे परिवार का भरण -पोषण करते हैं। हमलोगों के पास फुटपाथ दुकान ही आजीविका का एक मात्र साधन हैं। फुटपाथ दुकानदारों ने भावुक होकर कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ फुटपाथ दुकानदारों के पेट पर ही लात मारी जाती हैं जबकि कई इसे दुकानदार हैं जो सड़क के पटरीयों या सरकारी जमीन पर स्थायी निर्माण करके दुकान चला रहें हैं फिर उन्हें न हटाकर छोटे दुकानदारों पर भड़ास निकाली जा रही हैं। तहसीलदार अंजनी गुप्ता ने फुटपाथ दुकानदारों को समझाते हुए कहा कि हमलोग भी प्रयास कर रहें हैं कि कहीं जगह निर्धारित किया जाए ताकि सड़क की पटरियां पूरी तरह सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि तहसील के सामने एक मात्र खाली जमीन हैं जो पार्किंग स्थल के लिए प्रस्तावित हैं क्योंकि तहसील समाधान दिवस या मीटिंग आदि के दिन सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गाड़ी पार्क करना पड़ता हैं।

मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल निर्माण की डीएम ने परखी रफ्तार

जिला संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की निमार्णाधीन परियोजना का शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने पैला स्थित निर्माण स्थल पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। करीब 22.83 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस महत्वाकांक्षी विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का जायजा लेते हुए उन्होंने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की और मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। डीएम ने अवशेष शेष कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य स्वीकृत डिजाइन और तकनीकी मानकों के अनुरूप हों तथा प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि परियोजना का समय-समय पर थर्ड पार्टी असेसमेंट भी कराया जाए, ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मानकों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। परियोजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त समग्र शैक्षणिक परिसर विकसित किया जा रहा है। इसमें जी+2 मुख्य शैक्षणिक भवन, जी+1 मिड-डे मील भवन, बाल वाटिका, बहुउद्देशीय हॉल, छात्र डॉरमेट्री, स्टाफ एवं प्रधानाचार्य आवास, गार्ड रूम, बाउंड्री वॉल, सोलर सिस्टम, सीसीटीवी, डीजी सेट, अग्निशमन व्यवस्था, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, जलापूर्ति, विद्युत कनेक्शन और बागवानी सहित सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। डीएम ने कहा कि शासन की मंशानुरूप विद्यार्थियों को आधुनिक, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कार्यदाई संस्था की जवाबदेही तय की जाएगी।

निरीक्षण के अंत में डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना की सतत निगरानी करते हुए सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं, ताकि निर्धारित अवधि में जिले को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक आदर्श मॉडल कम्पोजिट विद्यालय उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान प्रभारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नंदलाल, खंड शिक्षा अधिकारी बेहजम देवेश राय मौजूद रहे।

हरदोई में यूपीटीईटी के दौरान पकड़ा गया संदिग्ध परीक्षार्थी

हरदोई। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी 2026) के दौरान हरदोई में फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है। शनिवार को परीक्षा के अंतिम दिन शहर के आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने पहुंचे एक अभ्यर्थी की बायोमैट्रिक केवाईसी के दौरान पहचान संदिग्ध मिली।

जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि युवक ने न सिर्फ अपनी जन्मतिथि बदली, बल्कि नाम और पिता का नाम तक बदलकर नए दस्तावेज तैयार करा लिए थे। इसके लिए उसने दो बार हाईस्कूल की परीक्षा दी और नयी हाईस्कूल की परीक्षा के दस्तावेजों के सहारे वह यूपी-टीईटी परीक्षा देने पहुंचा था लेकिन बायोमेट्रिक केवाईसी के दौरान उसकी दोनों मार्कशीट सामने आ गयी जिसके बाद परीक्षा खत्म होने के बाद उसे हिरासत में लिया गया है। मामला सामने आने के बाद केंद्र व्यवस्थापिका की तहरीर पर कोतवाली शहर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

आर्यकन्या इंटर कालेज में यूपीटेट की केंद्र व्यवस्थापिका एवं प्रधानाचार्या मंजू तिवारी के मुताबिक कन्नौज जिले के विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बखारी निवासी युवक परीक्षा देने आया था। जांच में सामने आया कि उसका पहला नाम अमित कुमार यादव पुत्र कमलेश यादव था। आरोप है कि उसने पहली बार मेरठ से हाईस्कूल परीक्षा पास की थी, जिसमें उसकी जन्मतिथि 15 जून 1995 दर्ज थी। इसके बाद उसने कथित तौर पर जन्मतिथि बदलकर 4 अप्रैल 2002 करा ली और नाम बदलकर आकाश कुमार यादव पुत्र कैलाश चंद्र यादव कर लिया। फिर दूसरी बार कन्नौज से हाईस्कूल परीक्षा पास की। इसी कन्नौज वाली उम्र के आधार पर वो परीक्षा देने पहुंचा था।

परीक्षा केंद्र पर जब सुरक्षा एजेंसी ने बायोमैट्रिक केवाईसी कराई तो उसका सत्यापन नहीं हो सका। बायोमैट्रिक मिसमैच होने के बाद अभ्यर्थी के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई, जिसमें नाम, पिता के नाम और जन्मतिथि में गंभीर विसंगतियां सामने आईं। आरोप है कि युवक इन्हीं बदले हुए दस्तावेजों के सहारे शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने पहुंचा था।

करंट लगने से दंपति की मौत

हरदोई। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के पाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात पैडस्टल फैन लगाते समय पंखा एक महिला के ऊपर गिर गया जिसको बिजली का करंट लगने से तड़पता देखकर पति और बेटी बचाने पहुँच गए तो पति भी करंट की चपेट में आ गया और उसकी भी मौत हो गयी। हादसे के दौरान मां-बाप को बचाने दौड़ी बेटी भी करंट की चपेट में आंशिक रूप से आ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली थाने के सहजनपुर गांव निवासी राम मोहन उर्फ बुद्धूलाल (50) की पत्नी सरस्वती (44) घर में टेबल फैन लगा रही थीं। इसी दौरान अचानक पंखे में उतरे तेज करंट की चपेट में आकर वह गिर गईं। पत्नी को तड़पता देख पति राम मोहन उन्हें बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। करंट इतना जोरदार था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। माता-पिता को करंट से छटपटाता देख उनकी बेटी भी उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़ी। इस दौरान वह भी करंट की चपेट में आंशिक रूप से आ गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के पड़ोसी मौके पर पहुंचे और किसी तरह बिजली की सप्लाई बंद की। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम द्दष्टया मामला घरेलू उपकरण में करंट उतरने का लग रहा है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

सोनभद्र में मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लागू

सोनभद्र, जनपद में मछलियों के प्रजनन काल को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट चर्चित गौड़ ने 1 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक सभी नदियों, तालाबों एवं जलाशयों में मत्स्य आखेट (मछली पकड़ने) पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया है। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी करते हुए संबंधित विभागों एवं ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंध अवधि में किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रजननशील मछलियों को पकड़ना, मारना, बेचना अथवा पकड़ने का प्रयास करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा साथ ही विस्फोटक पदार्थों, विषैले रसायनों अथवा अन्य अवैध साधनों से मछली पकड़ने पर भी सख्त रोक रहेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि रिहंद, धंधरौल, कड़ियाताल, पुरखासताल, जीवारताल सहित सभी संबंधित जलाशयों के ठेकेदार 30 जून की मध्यरात्रि से अपनी नाव एवं जाल जलाशयों से बाहर कराना सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय मत्स्य प्रभारियों को प्रतिबंध अवधि में जलाशयों में मत्स्य आखेट पूर्णतः बंद कराने तथा नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जलधाराओं के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करने के लिए किसी प्रकार का अवरोध खड़ा करना तथा मत्स्य बीज, अंगुलिका अथवा मछलियों को पकड़ना या नष्ट करना प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में अवैध सामग्री एवं पकड़ी गई मछलियां जब्त की जाएंगी तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम, 1948 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी योजनाओं की प्रामाणिक जानकारी अब सूचना प्रवाह यूट्यूब चैनल पर

सोनभद्र। अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की प्रामाणिक एवं अद्यतन जानकारी आमजन तक सरल, सुलभ एवं प्रभावी ढंग से पहुँचाने के उद्देश्य से विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह यूट्यूब चैनल के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश जारी किया गया हैं। इसके साथ ही प्रत्येक जनपद में संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं, नवाचारों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उल्लेखनीय उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण तैयार कर निदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। इन जानकारियों का प्रसारण सूचना प्रवाह यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रदेश के विकास कार्यों को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके। शासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे चैनल के प्रचार-प्रसार को अभियान के रूप में संचालित करते हुए नियमित रूप से की गई कार्रवाई की प्रगति से निदेशालय को अवगत कराते रहें।

पिकअप की बिजली के पोल से जोरदार टक्कर पोल क्षतिग्रस्त, बिजली आपूर्ति बाधित

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के कलवारी खुर्द-कलवारी लालगंज मार्ग पर शनिवार को एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का पोल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए। वहीं पिकअप वाहन भी दुर्घटना में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल लाइनमैन नागेंद्र उर्फ बुल्लू पाल को सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए मरम्मत कार्य शुरू कराया। बिजली का पोल क्षतिग्रस्त होने से गुरुदेव नगर विद्युत फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा जल्द से जल्द पोल बदलकर आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से शीघ्र मरम्मत कार्य पूरा कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर तैनात पीएसी जवान की कार्बाइन से गोली चली, तीन घायल

वाराणसी। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर द्वार संख्या चार के पास शनिवार को ड्यूटी पर तैनात पीएसी के एक जवान की कार्बाइन से दुर्घटनावश गोली चलने से तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि गोली चलने से गोदौलिया से लेकर विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार तक अफरातफरी की स्थिति बन गई। पुलिस उपायुक्त गौरव बांसवाल ने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर के द्वार संख्या चार पर तैनात प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) के जवान के हाथ से कार्बाइन छूट गई जिसके कारण उससे दो चक्र गोली चल गयी। उन्होंने बताया कि दोनों फायर जमीन पर हुए थे लेकिन वहां फूल-माला बेचने वाले तीन लोगों को गोली के छर्रे लग गए। उन्होंने कहा कि घायलों की पहचान निक्की गुप्ता, रामबाबू और विकास यादव के रूप में हुई है। एक व्यक्ति के हाथ में, दूसरे की कमर में और तीसरे के पैर में छर्रे लगे हैं। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है।

ट्रेन की चपेट में आकर किशोरी की मौत

नोएडा। नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के चिपियाना बुजुर्ग रेलवे स्टेशन के पास 16 साल की एक किशोरी ट्रेन की चपेट में आ गई। इस घटना में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की पहचान प्रियांशी (16) के तौर पर हुयी है। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार की रात को ट्रेन की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना बिसरख पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सीतापुर में हॉस्टल संचालक का शव मिला

सीतापुर। जिले के थाना महमूदाबाद अंतर्गत कस्बे में हॉस्टल को संचालित करने वाले एक व्यक्ति का शव शनिवार सुबह हॉस्टल से 200 मीटर दूर झाड़ियों में पड़ा मिला। पुलिस सूत्रों ने घटना के संबंध में बताया कि मृतक मनोज शुक्ला निवासी रमकुंडा कल अपने हॉस्टल रात में व्यवस्था देखने गए थे, देर रात तक नहीं लौटने पर परिजनों ने खोज दिन शुरू की, लेकिन उनका पता नहीं चल पाया। आज सुबह हॉस्टल से 200 मीटर दूर झाड़ियां में उनका शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, फॉरेंसिक टीम और उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य संकलन किया एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संक्षेप

कीचड़ और जलभराव से परेशान मोहल्लावासी

ललितपुर। नगर के नेहरू नगर वार्ड संख्या-3 की एक गली लंबे समय से कच्ची और जर्जर अवस्था में होने के कारण स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। हल्की बारिश होते ही पूरी गली कीचड़ और जलभराव से भर जाती है, जिससे लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं और सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को उठानी पड़ रही है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि गली की बदहाल स्थिति के कारण दैनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों दोनों को जोखिम उठाना पड़ता है। कई बार स्कूली बच्चों और बुजुर्गों का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गली के पक्कीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जनहित को देखते हुए सड़क निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराने की मांग की है।

जिला बार एसोसिएशन चुनाव, नामांकन प्रक्रिया संपन्न, अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के वार्षिक चुनाव 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। अंतिम दिन विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। अब नामांकन के बाद चुनावी गतिविधियां

● वार्षिक चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मियां, विभिन्न पदों के लिए कुल 39 नामांकन पत्र दाखिल

और तेज हो गई हैं तथा प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में सक्रिय हो गए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी विपिन बिहारी सक्सेना द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए पांच नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिससे इस पद पर मुकाबला रोचक होने की संभावना है। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (दो पद) के लिए दो तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष (एक पद) के लिए पांच नामांकन दाखिल किए गए हैं। इसी प्रकार महामंत्री पद के लिए पांच, कोषाध्यक्ष पद के लिए दो, सहमंत्री (प्रशासन), सहमंत्री (पुस्तकालय) तथा सहमंत्री (प्रकाशन -महिला) के लिए एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ है। इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के छह पदों के लिए छह तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के छह पदों के लिए नौ नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया अब तक शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न कराने में एल्डर्स कमेटी के सदस्यों तथा सहायक चुनाव अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अब नामांकन पत्रों की जांच और आगे की चुनावी प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। चुनाव परिणाम के बाद नए पदाधिकारी वर्ष 2026-27 के लिए जिला बार एसोसिएशन का कार्यभार संभालेंगे।

कॉलेज छात्रा को कथित तौर पर कार में ले जाने का आरोप

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर कार में ले जाने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ले के ही एक युवक के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना जारी है। एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री जो कि एक छात्रा है, को मोहल्ले का अंशू रजा पुत्र इरशाद रजा पिछले कुछ समय से कथित रूप से परेशान कर रहा था और आते-जाते उसका पीछा करता था। 27 जून 2026 को कॉलेज से घर लौटते समय आरोपी ने छात्रा को रास्ते में रोक लिया और कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपनी कार में बैठा लिया। आरोप है कि वह छात्रा को राजघाट की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान छात्रा की एक सहेली ने उसे कार में जाते हुए देखा और तत्काल इसकी सूचना छात्रा की मां को दी। सूचना मिलते ही परिजन मोटरसाइकिल से आरोपी की कार के पीछे निकल पड़े। शिकायत के अनुसार, सिलगन रेलवे फाटक के पास पीछा होते देख आरोपी छात्रा को सड़क पर छोड़कर कार सहित मौके से फरार हो गया।

मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन 11 तक दे सकेंगे सुझाव और आपत्तियां

बाराबंकी। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 266-कुर्सी, 267-रामनगर, 268-बाराबंकी, 269-जैदपुर (अ.जा.), 270-दरियाबाद एवं 272-हैदरगढ़ (अ.जा.) के मतदेय स्थलों की सूचियों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा मतदेय स्थलों की शत-प्रतिशत जांच उपरांत निर्धारित प्रारूप में सूचियां तैयार कराई गई हैं। उक्त आलेख्य सूचियां 4 जुलाई से 11 जुलाई 2026 तक जनसामान्य के निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों की आलेख्य सूचियां संबंधित उपजिलाधिकारी कार्यालयों, तहसील कार्यालयों एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसके अतिरिक्त यह सूचियां जनपद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची के संबंध में कोई सुझाव अथवा आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह 11 जुलाई 2026 तक संबंधित तहसील अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में लिखित रूप से अपना अभिमत प्रस्तुत कर सकता है। प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों का नियमानुसार परीक्षण किया जाएगा।

मानकों का उल्लंघन करती मिली 2 स्कूली वैन सहित 7 वाहन पीटीओ ने की सीज

बाराबंकी। ओवरलोडिंग, बिना परमिट, फिटनेस, सहित मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन सख्ती से सघन चेकिंग अभियान चला रहा है। इस दौरान प्रवर्तन टीमों द्वारा बिना वैध दस्तावेजों, बिना परमिट, ओवरलोडिंग के चल रहे वाहनों की गहन जांच की जा रही है। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने बताया कि मानकों की अनदेखी कर फर्राटा भरने वाले वाहनों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आज शनिवार को यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विभिन्न मार्गों पर चेकिंग के दौरान मानकों का उल्लंघन करने वाली 2 स्कूली वैन, बिना पंजीकृत के 2 टैक्टर, 1 डिलीवरी वैन में सवारी ढोते एवं 2 ओवरलोड वाहनों को थानो में निरुद्ध किया गया। इसके साथ ही दर्जनों की संख्या में अन्य अभियोगो में चालान भी किये गये।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पूराकलां पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना पूराकलां पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम धमना निवासी शिवम अहिरवार (21 वर्ष) पुत्र श्यामलाल अहिरवार को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना पूराकलां में पंजीकृत मुकदमें में वांछित था। उसके विरुद्ध धारा 65(1), 351(3) बीएनएस तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय में पेश किया गया।

ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौके पर मौत

जिला संवाददाता

ललितपुर। जनपद के पाली तहसील अंतर्गत नाराहट थाना क्षेत्र में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों

● पाली तहसील के नटयाना गांव के निवासी थे दोनों युवक, चालक ट्रक समेत फरारय पुलिस जांच में जुटी

युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नाराहट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम नटयाना निवासी दो युवक मोटरसाइकिल से किसी कार्य से ललितपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नाराहट थाना क्षेत्र में रास्ते में सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतकों में एक युवक की उम्र करीब 40 वर्ष, जबकि दूसरे की उम्र लगभग 25-26 वर्ष थी, जो चाचा-भतीजे बताये जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना पर थाना प्रभारी दया शंकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ट्रक एवं उसके चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। ट्रक चालक की पहचान होने के बाद उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत, केस दर्ज

ललितपुर। अमरपुर मंडी में ट्रक को बैक करते समय हुए दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम अण्डेला निवासी पहाड़ सिंह पुत्र घूमन सिंह अमरपुर मंडी में मजदूरी का कार्य करने गया था। 30 जून 2026 की सुबह करीब 10रू45 बजे मंडी परिसर में खड़े ट्रक संख्या यूपी 94 टी 1414 का चालक वाहन को कथित रूप से लापरवाही से बैक कर रहा था। इसी दौरान पीछे कार्य कर रहे पहाड़ सिंह ट्रक की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मंडी में मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के पिता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125(बी) एवं 106 के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

खेत की बुआई को लेकर खूनी संघर्ष, दबंगों के हमले में वृद्ध दंपति के हाथ टूटे

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम दैलवारा में खेत की बुआई को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि खेत बोने पहुंचे एक परिवार पर गांव के ही तीन लोगों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में वृद्ध दंपति के हाथों की हड्डियां टूट गईं, जबकि उनके बेटे के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दैलवारा निवासी राजेश कुशवाहा पुत्र रामदास कुशवाहा 29 जून की दोपहर अपने पिता रामदास और माँ पार्वती के साथ खेत में बुआई करने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के राजाराम, उसके पुत्र अर्जुन और अनुज वहां पहुंचे और खेत बोने से रोकने लगे। विरोध करने पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते लाठी-डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में राजेश के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। चिकित्सीय परीक्षण में उनके हाथ पर सात टांके लगाए गए, जबकि उनके पिता रामदास और मां पार्वती के एक-एक हाथ की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई है। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोप है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और पूर्व में भी विवाद एवं मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। हमले के बाद आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2) एवं 351(3) के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

उ.प्र. राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने की सार्वजनिक सुनवाई

जिला संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक पिछड़ेपन के समकालीन एवं अनुभवजन्य अध्ययन के उद्देश्य से सार्वजनिक सुनवाई उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने की। सुनवाई के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों,

● स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व, पिछड़ेपन पर आमजन और विभिन्न पक्षों के सुने सुझाव

जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं संबंधित पक्षों ने स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं राजनीतिक पिछड़ेपन से संबंधित अपने सुझाव, अभिमत एवं तथ्य आयोग के समक्ष प्रस्तुत किये।

जिसको आयोग सदस्यो द्वारा सभी पक्षों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्राप्त सुझावों एवं तथ्यों का परीक्षण कर उन्हें अपनी संस्तुतियों में समुचित रूप से सम्मिलित किए जाने का आश्वासन दिया। आयोग अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गठित आयोग का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक पिछड़ेपन का निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं अनुभवजन्य अध्ययन करना है।

इसी उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न मंडलों में सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जा रही है, ताकि सभी संबंधित पक्षों के विचारों, सुझावों एवं तथ्यों के आधार पर आयोग अपनी संस्तुतियां तैयार कर सके। सार्वजनिक सुनवाई के बाद आयोग अध्यक्ष द्वारा प्रेस वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को सुनवाई की कार्यवाही, आयोग के अध्ययन तथा आगामी कार्ययोजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

बैठक मे आयोग सदस्य सेवानिवृत्त डीएनजे बृजेश कुमार, सेवानिवृत्त एडीजे संतोष कुमार विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस डॉ0 अरविन्द कुमार चैरसिया, सेवानिवृत्त आईएएस एस0पी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

निराश्रित गाय की बचायी जान, गौप्रेमियों ने की सराहना

ललितपुर। गौवंश की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी निभानी चाहिए। सरकार करोड़ों रूपयों की योजनाएं निराश्रित गौवंशों के पालन पोषण के लिए खर्च कर रही है, लेकिन जागरूकता एवं जिम्मेदारी के अभाव के कारण गौवंश आवारा घूम रहे हैं, और बीमारियों व दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि गौवंश का संरक्षण करें। यह बात उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर डा0 संदीप मौर्या ने कही।

हुआ यूं कि कुछ गौप्रेमी एक निराश्रित दर्द से कराह रही गाय को पशु चिकित्सालय लेकर आये, जांच के दौरान पाया गया कि गाय के गर्भ में ही उसके बच्चे की मौत हो गई है, जिससे गाय का जीवन भी संकटग्रस्त बना हुआ था, डा0 संदीप द्वारा बगैर समय गंवाए गाय की जान बचाने के लिए उसके प्रसव हेतु काफी प्रयास किया गया, लेकिन देरी हो जाने के कारण उसका प्रसव नहीं हो सका। गंभीर स्थिति को देखते हुये उसका सीजेरियन ऑपरेशन करते हुये गर्भ में ही मर चुके मृत बच्चे को बाहर निकाला, और गाय का उपचार किया। इस कार्य की गौप्रेमियों द्वारा सराहना की गई। टीम में पशुधन प्रसार अधिकारी योगेश तिवारी, गौसेवक प्रशांत शुक्ला, पैरावेट सालिकराम यादव, भरत यादव, नीतेश, राजपाल का योगदान रहा।

निवेश के नाम पर 65 लाख की कथित ठगी, मुंबई की कंपनी संचालिका समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। व्यापार में निवेश के नाम पर 65 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बम्हौरी कलां निवासी एक युवक की शिकायत पर मुंबई की एक कंपनी की संचालिका सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बम्हौरी कलां निवासी मुकेश रजक उर्फ कोरी पुत्र जमूरे रजक ने शिकायत में बताया कि व्यापारिक गतिविधियों के दौरान उसकी मुलाकात मुंबई के कांदिवली निवासी चेतन शाह और हिमांशु शाह से हुई थी। बातचीत के बाद उसने 28 जून 2024 को उनकी कंपनी देव एलीट एलएलपी की संचालिका रेवती शाह को व्यापार में निवेश के उद्देश्य से 65 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि रकम प्राप्त करने के बाद आरोपियों ने एक लिखित अनुबंध (एग्रीमेंट) किया और सुरक्षा के तौर पर 72.50 लाख रुपये के चेक सौंपे। जब इन चेकों को बैंक में प्रस्तुत किया गया तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण वे अनादृत (बाउंस) हो गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि इसके बाद उसने कई बार अपनी रकम वापस मांगी, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। आरोप है कि हाल में रकम मांगने पर आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया, जातिसूचक टिप्पणी की तथा जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने चेतन शाह, हिमांशु शाह और रेवती शाह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 316(2), 352 एवं 351(3) के तहत मामला पंजीकृत किया है।

हड़ियाकोल आश्रम में मनायी गयी युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि

जिला संवाददाता

बाराबंकी। श्रीराम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम संस्थापक स्वामी रामदास व स्वामी रामज्ञान दास को मानव सेवा करने के लिये प्रेरित करने वाले युग पुरूष स्वामी विवेकानन्द की 124वीं पुण्यतिथि पर स्वामी रामज्ञान दास महाराज निःशुल्क ओ0पी0डी0 सेन्टर स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राम कृष्ण मिशन बेलूर मठ हावड़ा, कोलकाता द्वारा संचालित 1 से 8 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा व स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए चल रहे गदाधर अभ्युदय प्रकल्प के बच्चों ने रामकृष्ण व स्वामी विवेकानन्द के मंत्रों से कार्यक्रम की शुरूवात की। इस सम्बन्ध मे आश्रम सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि आश्रम पर ट्रस्ट द्वारा संचालित भगवान श्रीराम विद्या मन्दिर

● गदाधर अभ्युदय प्रकल्प के बच्चों ने मंत्रों से की कार्यक्रम की शुरूवात

उ0मा0वि0 के बच्चों ने मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। आज ही वीतराग संत स्वामी रामदास की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्ण लाल गुप्ता, उप प्रधानाचार्य

जयराम पाण्डेय, प्रेम वर्मा, संजय यादव पलिया, लक्ष्मन वर्मा, सुबोध, अरविन्द, अजय, अंशू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन युवाओं के लिए है प्रेरणा का स्रोतः डॉ. यादव

जिला संवाददाता

ललितपुर। स्वामी विवेकानंद स्मृति दिवस के अवसर पर संगोष्ठी एवं प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास, आध्यात्मिक चेतना

● स्वामी विवेकानंद स्मृति दिवस पर संगोष्ठी एवं प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन

तथा सेवा भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव एवं पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त एवं विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आग्रह किया। प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सर्वोत्तम साधन माना है। उनके विचार आज भी युवाओं को सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से चरित्रवान, आत्मनिर्भर एवं संस्कारित नागरिक बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके दर्शन तथा युवाओं के लिए उनके संदेश पर विचार प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके शिकागो धर्म संसद के ऐतिहासिक संबोधन, भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा मानव सेवा के प्रति उनके समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते हुए असि० प्रो० संदीप यादव ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचारों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रसेवा, मानवता, नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

अंत में असि० प्रो० संदीप यादव ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पूर्वांचल के कलाकारों के लिए देवरिया में खुला नया सांस्कृतिक मंच

देवरिया। पूर्वांचल के कलाकारों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देवरिया से 15 किलोमीटर दूर बरपार गांव में विमला रामकृष्ण बजाज एम्फीथिएटर मंच शनिवार को क्षेत्र के कलाकारों, विद्यार्थियों और सांस्कृतिक संस्थाओं के लिए समर्पित किया गया।

जागृति के अध्यक्ष शरत बंसल ने आज यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 465 वर्ग फुट में बना यह एम्फीथिएटर कमल कुंड के ऊपर पिलर पर आधारित है। इसके सामने लगभग 500 लोगों की क्षमता वाली सीढ़ीनुमा दर्शक दीर्घा बनाई गई है। शाम को प्रकाश व्यवस्था और बरगद की लटकती जटाएं इस स्थल को अनूठा स्वरूप देती हैं।

ग्राम प्रधान की पत्नी का बाथरूम में अधजला शव मिला

कुशीनगर। जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के बेदुपार मुस्तकील गांव में ग्राम प्रधान की पत्नी का अधजला शव बाथरूम में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका के भाई ने घटना पर संदेह जताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार, बेदुपार मुस्तकील के ग्राम प्रधान अवनीश कुशवाहा की पत्नी मंजू देवी (40) का शनिवार सुबह करीब 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में बाथरूम में जला हुआ शव मिला। घर से धुआं उठता देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

संक्षेप

ई20 पेट्रोल वाहनों के लिए पूरी तरह सुरक्षित : उद्योग

नयी दिल्ली। उद्योग जगत के दिग्गजों ने शनिवार को 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के इस्तेमाल को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इस ईंधन का कड़ा वैज्ञानिक परीक्षण किया गया है, यह नए और पुराने दोनों तरह के वाहनों के लिए पूरी तरह सुरक्षित है, और कच्चे तेल के आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) की पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वर्तिका शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2030 के लक्ष्य से पहले, दोपहिया और चौपहिया वाहनों पर व्यापक परीक्षण के बाद ई20 ईंधन को चरणबद्ध तरीके से देश भर में लागू किया गया था। उन्होंने कहा यह कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

बीएलएस ने लगाये 10,000 से अधिक माइक्रो एटीएम

नयी दिल्ली। डिजिटल सेवाएं देने वाली बीएलएस ई-सर्विसेज ने वित्त वर्ष 2025-26 में देशभर में 10,493 माइक्रो एटीएम लगाये जाने की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इससे दूरदराज के गांवों और कस्बों में लोगों को बैंक शाखा में गए बिना बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करने में मदद मिल रही है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से 69.75 लाख लेन-देन किए जा चुके हैं, जिनका कुल मूल्य 5,217 करोड़ रुपये से अधिक रहा है। बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स (बीसी) यानी बैंक प्रतिनिधि के माध्यम से संचालित ये माइक्रो एटीएम अंतिम छोर तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम बन गए हैं। इनके जरिए नकद निकासी, नकद जमा, बैलेंस जांच, मिनी स्टेटमेंट, धन हस्तांतरण और पिन जनरेशन जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां बैंकिंग सुविधाएं सीमित हैं।

भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को 4 साल की कैद

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को बिहार से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को 2018 में हर्ष फायरिंग में एक महिला की मौत के मामले में चार साल की साधारण कैद की सजा सुनाई। फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने कहा कि कानून के शासन से चलने वाले राज्य में हमें न तो सिंघम की जरूरत है और न ही पुष्पा की। विशेष न्यायाधीश ने विशाल गोगने ने बिहार के साहेबगंज के विधायक पर 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। विधायक को 31 दिसंबर 2018 की रात फतेहपुर बेरी के एक फार्महाउस में नए साल के जश्न के दौरान अर्चना गुप्ता नाम की मेहमान की मौत के मामले में दोषी ठहराया गया था। यह रकम मुआवजे के तौर पर दी जाएगी। अदालत ने 34 पन्नों के फैसले में कोई नरमी बरतने से इनकार कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि सिंह साफ तौर पर सत्ता के नशे में चूर थे और गोली चलाकर अपना रुतबा दिखाना चाहते थे। अदालत ने कहा कि ऐसी हरकतें अवैध हथियारों के चलन को बढ़ावा देती हैं और इन्हीं की वजह से राजनीति में बाहुबलियों का दखल बढ़ा है। न्यायाधीश ने कहा, कानून के राज वाले राज्य में हमें न तो सिंघम की जरूरत है और न ही पुष्पा की।

अकासा एयर में बेड़े में 40वां विमान शामिल

नयी दिल्ली। एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने अपने बेड़े में 40वां विमान शामिल कर लिया है। अकासा एयर अपने नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रही है। कंपनी ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि उसे 40वें विमान के रूप में बोइंग 737 मैक्स 8-200 की डिलीवरी मिल गई है, जिसका पंजीकरण नंबर वीटी-वाईबीक्यू है। बयान के मुताबिक, इस विमान की डिलीवरी उड़ान का पहला चरण अमेरिका के सिएटल से आइसलैंड के रेकजाविक तक था, जबकि अंतिम चरण मिस्र के काहिरा से बेंगलुरु तक की उड़ान के साथ संपन्न हुआ।

भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के नियम अधिसूचित

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) के तहत सामान की उत्पत्ति का पता लगाने के नियम जारी किए हैं। ये नियम 15 जुलाई से लागू होंगे। इस संदर्भ में जारी अधिसूचना से यह जानकारी मिली।

भागीदार देशों के साथ भारत के व्यापार समझौते के तहत शुल्क लाभ पाने के लिए निर्यात को लेकर उत्पत्ति प्रमाणपत्र एक जरूरी दस्तावेज है। उत्पादों के मूल स्रोत का पता लगाना इसलिए जरूरी है ताकि कोई तीसरा देश दोनों देशों के बीच हुए व्यापार समझौते और शुल्क छूट का गलत फायदा न उठा सके। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में कहा कि दोनों देशों द्वारा अधिकृत संस्थानों को अपने-अपने देशों में ये प्रमाणपत्र जारी करने की अनुमति है। इसमें कहा गया है, इन नियमों को सीमा शुल्क (भारत और यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन तथा उत्तरी आयरलैंड के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते के तहत वस्तु की उत्पत्ति का निर्धारण) नियम, 2026 कहा जा सकता है। ये नियम 15 जुलाई, 2026 से लागू होंगे। सीईटीए ब्रिटेन को भारत के 99 प्रतिशत निर्यात के लिए शुल्क मुक्त पहुंच देता है। इससे कपड़ा, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, फुटवियर, खेल के सामान, खिलौने और रत्न तथा आभूषण जैसे श्रम गहन उद्योगों के साथ-साथ इंजीनियरिंग के सामान, वाहन कल-पुर्जे और जैविक रसायन जैसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों के लिए नए मौके खुलेंगे। भारत और ब्रिटेन के बीच वित्त वर्ष 2025-26 में द्विपक्षीय व्यापार 8.62 प्रतिशत बढ़कर 25.12 अरब डॉलर रहा। इसमें निर्यात 13.44 अरब डॉलर जबकि आयात 11.68 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में भारत का व्यापार अधिशेष 1.76 अरब डॉलर रहा। इस बारे में एएमआरजी ग्लोबल के प्रबंध भागीदार रजत मोहन ने कहा कि सीईटीए के तहत उत्पत्ति के नियम तय करने वाली यह अधिसूचना, समझौते को पारदर्शी और प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा, हालांकि इस समझौते से शुल्क में काफी फायदा मिलता है, लेकिन ये फायदे अब सिर्फ उन्हीं सामानों को मिलेंगे जो तय उत्पत्ति के मानदंडों को सही मायने में पूरा करते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, नियमों की यह रूपरेखा समझौते को पारदर्शी और प्रभावी बनाएगी। हालांकि, यह भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ी जिम्मेदारी भी लाती है। टैक्स रियायतों का लाभ उठाने के लिए उत्पादों को कड़े मूल मानकों पर खरा उतरना होगा।

गुजरात में मानसून सक्रिय, भारी बारिश का अनुमान

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात में मॉनसून सक्रिय है और जूनागढ़ में बहुत अधिक बारिश होने से कुछ इलाकों में जलभराव हो गया है तथा मछुआरों को आठ जुलाई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग ने रविवार को राज्य के कई जिलों में और अधिक बारिश का अनुमान लगाया है। आईएमडी ने अपनी दोपहर की भविष्यवाणी में कहा, 'गुजरात क्षेत्र और सौराष्ट्र-कच्छ में मानसून सक्रिय रहा। पिछले 24 घंटों में सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के जिलों (खासकर जूनागढ़) में कुछ जगहों पर बहुत अधिक बारिश हुई। इसमें कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के उत्तरी अरब सागर और गुजरात के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं। बुलेटिन में कहा गया, रविवार सुबह 8:30 बजे से दक्षिण गुजरात क्षेत्र के जिलों (सूरत, तापी, डांग, नवसारी, वलसाड और दमन, दादरा और नगर हवेली) तथा सौराष्ट्र के जिलों (भावनगर, अमरेली, गिर सोमनाथ और दीव) में भारी से बहुत भारी बारिश और कहीं-कहीं बहुत अधिक बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा है कि आठ जुलाई की सुबह 8:30 बजे तक दक्षिण गुजरात क्षेत्र के जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश और कहीं-कहीं बहुत अधिक भारी बारिश होने का अनुमान है। इसमें कहा गया है कि मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे शनिवार से आठ जुलाई तक (पांच दिन) गुजरात के अलग-अलग तटों से दूर समुद्र में न जाएं। वलसाड के कपराडा में शनिवार को सुबह छह बजे से अपराह्न दो बजे के बीच 21 मिलीमीटर बारिश हुई, इसके बाद छोटाउदेपुर के कवांट (15 मिमी.) और आणंद के अंकलाव (14 मिमी.) में बारिश दर्ज की गई। जूनागढ़ के मेंडारदा में शनिवार को 13 मिमी. बारिश हुई, लेकिन पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश के कारण जिले के कई इलाकों में जलभराव हो गया।

कॉजपा के प्रदर्शन में शामिल होगा एसकेएम का प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र के अब निरस्त किये जा चुके कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में चल रहे धरने को अपना समर्थन दिया है। उसने घोषणा की है कि उसका एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को जंतर-मंतर पर हो रहे इस आंदोलन में शामिल होगा। कॉजपा अध्यक्ष अभिजीत दीपके को लिखे एक पत्र में एसकेएम ने रविवार को कहा कि वह शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन और इसमें शामिल होने वाले छात्रों, युवाओं और उनके परिवारों के साथ पूरी तरह एकजुट है। किसान संगठन ने कहा कि उसका एक प्रतिनिधिमंडल रविवार सुबह 11 बजे विरोध-प्रदर्शन वाली जगह पर जाएगा। वे प्रदर्शन कर रहे छात्रों और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का समर्थन करेंगे। वांगचुक कई छात्रों के साथ मिलकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। एसकेएम ने उन छात्रों और परिवारों के प्रति भी गहरी संवेदनौ व्यक्त की, जो मोदी सरकार की लगातार पेपर लीक और परीक्षा के कुप्रबंधन से प्रभावित हुए हैं।

अदाणी को अमेरिकी अदालत से मिली राहत

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) ने भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और सात अन्य के खिलाफ आपराधिक मामला बंद करने के अपने फैसले का संघीय अदालत में पुरजोर बचाव किया है।

विभाग ने एक संघीय न्यायाधीश से कहा कि यह मुकदमा कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण, राजनयिक रूप से प्रतिकूल और ट्रंप प्रशासन की प्रवर्तन प्राथमिकताओं के विपरीत था। एक तीखे लहजे वाले 10 पन्नों के हलफनामे में न्याय विभाग ने कहा कि इस मामले को एक साल पहले ही हटा दिया जाना चाहिए था या इसे कभी शुरू ही नहीं किया जाना चाहिए था। विभाग ने तर्क दिया कि आरोपों को पूरी तरह खारिज करने के फैसले की समीक्षा करने में अदालत की भूमिका बेहद सीमित है। यह हलफनामा अमेरिकी जिला न्यायाधीश निकोलस गराउफिस के उस आदेश के बाद आया है, जिसमें उन्होंने विभाग से यह बताने को कहा था कि वह इस आरोपपत्र को स्थायी रूप से क्यों खारिज करना चाहता है। न्यायाधीश ने विभाग के पिछले आवेदन को संक्षिप्त, नीरस और निष्कर्षहीन बताया था।

उल्लेखनीय है कि साल 2024 में बाइडन प्रशासन के तहत न्याय विभाग ने अदाणी और अन्य पर भारतीय सरकारी अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने की योजना में शामिल होने और निवेशकों से अरबों डॉलर जुटाने के लिए झूठ बोलने का आरोप लगाया था।

इस कथित योजना के दौरान अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने अमेरिकी निवेशकों से कम से कम 17.5 करोड़ डॉलर जुटाए थे। न्याय विभाग ने कहा कि यदि अभियोजकों को मामले वापस लेने के फैसलों को सार्वजनिक रूप से सही ठहराने के लिए मजबूर किया जाएगा, तो इससे भविष्य में मामलों को खारिज करने की प्रक्रिया हतोत्साहित होगी।

भारत-इजराइल द्विपक्षीय निवेश समझौता प्रभावी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और इजराइल के बीच द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआईए) शनिवार से प्रभावी हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच निवेश के लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल सुनिश्चित होगा और द्विपक्षीय आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआईए) एक तरफ जहां निवेश और निवेशकों को पूरी सुरक्षा देता है, वहीं दूसरी तरफ देश के हितों से जुड़े फैसलों के लिए सरकार को जरूरी नीतिगत छूट भी प्रदान करता है। यह समझौता अंतरराष्ट्रीय निवेश कानून के आधुनिक नियमों और बदलते कानूनी दृष्टिकोण के बिल्कुल अनुकूल है।

बयान में कहा गया कहा कि भारत और इजराइल ने आठ सितंबर, 2025 को नयी दिल्ली में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जो चार जुलाई, 2026 से प्रभावी हो गया है। समझौते के तहत भारत ने इजराइली निवेशकों के लिए स्थानीय कानूनी उपायों (लोकल रेमेडीज) अपनाने की अनिवार्य अवधि को घटाकर तीन वर्ष कर दिया है।

मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठायें उद्योग : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को घरेलू खिलौना उद्योग से कहा कि वे विभिन्न देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाएं, टिकाऊ विनिर्माण के तौर-तरीके अपनाएं और अगले छह साल में वैश्विक खिलौना बाजार में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखें।

गोयल ने यहां 17वीं टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उद्योग जगत को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य मुश्किल नहीं है और उद्योग को वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की क्षमता बढ़ाने के लिए गुणवत्ता और आधुनिक विनिर्माण के तरीकों पर ध्यान देना चाहिए। वैश्विक खिलौना उद्योग लगभग 120 अरब डॉलर का होने का अनुमान है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी सिर्फ 0.3 प्रतिशत है। भारत का घरेलू खिलौना बाजार लगभग 18,000 करोड़ रुपये का है, जिसमें आयातित खिलौनों की हिस्सेदारी केवल 2,500-3,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा पांच प्रतिशत का लक्ष्य मुश्किल नहीं है, हम इसे हासिल कर सकते हैं। इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। गोयल ने यह भी कहा कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते इस क्षेत्र के लिए निर्यात का एक बड़ा बाजार खोलेंगे।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि उद्योग आने वाले वर्षों में अपने निर्यात को दस गुना बढ़ाए। वर्ष 2024 में भारत का खिलौना निर्यात 34 करोड़ डॉलर रहा था। मंत्री ने उद्योग को भरोसा दिलाया कि सरकार देश भर में खिलौना बनाने वाले संकुल में आधुनिक परीक्षण सुविधाएं स्थापित करेगी। यह काम भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राष्ट्रीय परीक्षण शाला और अन्य सरकारी तथा अर्द्ध-सरकारी परीक्षण सुविधाओं के जरिए किया जाएगा।

एयर कंडीशनर पैदा कर रहा है जलवायु असमानता

एजेंसी

रीडिंग (ब्रिटेन)। ब्रिटेन में लोगों की दशकों तक यह धारणा रही कि एयर कंडीशनर (एसी) ऐसी सुविधा है, जिसकी जरूरत कहीं और होती है। वे इसे अपने घरों के बजाय कार्यालयों, होटलों और अधिक गर्म जलवायु वाले देशों से जोड़कर देखते थे। लेकिन उष्णलहर और बढ़ती गर्मी के कारण यह स्थिति अब बदलने लगी है। मेरे सहयोगियों और मैंने लगभग 16,000 परिवारों के राष्ट्रीय स्तर पर आधारित इंग्लिश हाउसिंग सर्वे के आंकड़ों का विश्लेषण किया। इससे पता चलता है कि एयर कंडीशनिंग का उपयोग अभी भी अपेक्षाकृत कम है।

गर्मियों के दौरान केवल 4.3 प्रतिशत परिवार ही इसका इस्तेमाल करते हैं। अमेरिका में लगभग 90 प्रतिशत परिवारों में एयर कंडीशनिंग का उपयोग होता है और ऑस्ट्रेलिया में यह आंकड़ा लगभग 75 प्रतिशत है। हालांकि, इस मामूली राष्ट्रीय औसत के पीछे कहीं अधिक महत्वपूर्ण तस्वीर छिपी हुई है।

समाज के सभी वर्गों में एयर कंडीशनिंग का प्रसार समान रूप से नहीं हो रहा है। इसके बजाय, इंग्लैंड में अब कूलिंग डिवाइड (शीतलन असमानता) उभरने लगी है, जहां भीषण गर्मी से बचाव के साधनों तक लोगों की पहुंच लगातार इस बात पर निर्भर करती जा रही है कि वे कहां रहते हैं, उनकी आय कितनी है और वे किस प्रकार के मकान में रहते हैं।

ब्रिटेन में एसी का उपयोग करने वाले लोगों से किए गए साक्षात्कारों के दौरान हमने पाया कि वे इसे शायद ही कभी विलासिता की वस्तु बताते थे। इसके बजाय, उन्होंने बताया कि वे गर्म रातों में आराम से सो पाने, अगले दिन काम के दौरान अपनी उत्पादकता बनाए रखने या शिशुओं तथा बुजुर्ग परिजनों को खतरनाक रूप से अधिक तापमान से बचाने के लिए एसी का इस्तेमाल करते हैं। इस उभरती हुई असमानता का भौगोलिक स्वरूप साफ दिखाई देता है।

लंदन और इंग्लैंड के पूर्वी हिस्से में घरों में एसी का उपयोग सबसे अधिक है। इसके बाद ईस्ट मिडलैंड्स और दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड का स्थान आता है। वहीं, उत्तरी क्षेत्रों में लोग अभी भी शीतलन (कूलिंग) के साधनों का इस्तेमाल अपेक्षाकृत बहुत कम करते हैं। ये रुझान कोई हैरानी की बात नहीं हैं। लंदन में गर्मियां अपेक्षाकृत अधिक गर्म होती हैं और वहां अर्बन हीट आइलैंड (शहरी ऊष्मा द्वीप) प्रभाव भी अधिक देखने को मिलता है, जहां कंक्रीट की बहुलता और हरियाली की कमी के कारण शहरी क्षेत्र अपने आसपास के ग्रामीण इलाकों की तुलना में काफी अधिक गर्म हो जाते हैं।

पेज एक का शेष

बेसिक शिक्षा

बल्कि उन्हें व्यापक सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करेगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े प्रत्येक पात्र कार्मिक को आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के साथ मजबूत वित्तीय सुरक्षा मिले, जिससे उनका भविष्य अधिक सुरक्षित और सशक्त बन सके। एसबीआई के सैलरी पैकेज के अंतर्गत पात्र स्थायी कार्मिकों को 10 लाख रुपए का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस, 1 करोड़ रुपए का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस, ?1 करोड़ का स्थायी दिव्यांगता बीमा कवर तथा 1.60 करोड़ रुपए तक का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर मिलेगा। इसके साथ ही किसी अनहोनी की स्थिति में कार्मिकों के बच्चों की शिक्षा और पुत्रियों के विवाह के लिए भी एड-ऑन कवर उपलब्ध कराया जाएगा। एमओयू के अंतर्गत 10 हजार रुपए से अधिक नेट मासिक वेतन पाने वाले संविदा कार्मिकों को 30 लाख रुपए तक का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर मिलेगा। स्थायी विकलांगता की स्थिति में 30 लाख रुपए तथा आंशिक विकलांगता की स्थिति में 15 लाख रुपए का इंश्योरेंस कवर प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा एयर एक्सीडेंट की स्थिति में 30 लाख रुपए का इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा। किसी अनहोनी की स्थिति में कार्मिकों के बच्चों की शिक्षा तथा पुत्रियों के विवाह के लिए भी एड-ऑन कवर उपलब्ध कराया जाएगा। 10 हजार रुपए से कम नेट मासिक वेतन पाने वाले कार्मिकों को जीरो बैलेंस खाते एवं रुपे डेबिट कार्ड के आधार पर 1 लाख रुपए का इंश्योरेंस कवर प्रदान किया जाएगा। एमओयू लागू होने के बाद जिन कार्मिकों के वेतन खाते पहले से भारतीय स्टेट बैंक में हैं, उन्हें एसबीआई के सैलरी पैकेज में परिवर्तित किया जाएगा। जिन कार्मिकों के वेतन खाते भारतीय स्टेट बैंक में नहीं हैं, उन्हें एसबीआई में वेतन खाता खोलने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे भी एमओयू के अंतर्गत उपलब्ध सभी लाभों का लाभ प्राप्त कर सकें।

शासकीय भूमि

भूमि विवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा राजस्व न्याय प्रणाली को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने पर विशेष बल देते रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई व्यवस्था लागू की गयी है। इसका उद्देश्य इन संवेदनशील मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता, न्यायिक गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित करना है। यह व्यवस्था तत्काल लागू कर दी गई है, जिसके तहत लखनऊ एवं प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद न्यायालयों में इन श्रेणी के सभी लंबित और नए वाद अब विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। नई व्यवस्था के अनुसार आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से जुड़े मामलों की सुनवाई अब परिषद की एकल पीठ अथवा सर्किट कोर्ट द्वारा नहीं की जाएगी। इन मामलों पर विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ सामूहिक रूप से विचार करेगी। इससे महत्वपूर्ण मामलों में विभिन्न न्यायिक दृष्टिकोणों का समावेश होगा और निर्णय प्रक्रिया अधिक मजबूत, निष्पक्ष तथा न्यायसंगत बन सकेगी। परिषद की अध्यक्ष ने बताया कि राजस्व परिषद ने लखनऊ और प्रयागराज दोनों न्यायालयों के लिए अलग-अलग तीन सदस्यीय विशेष पीठों का गठन किया है। इन विशेष पीठों द्वारा प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से इन मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे सरकारी और सार्वजनिक भूमि से जुड़े संवेदनशील प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण संभव होगा, साथ ही पूरे प्रदेश में निर्णय प्रक्रिया में एकरूपता भी स्थापित होगी।

कल-पुर्जो

का अगला चरण है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत में चिप डिजाइन से लेकर फैब्रिकेशन और पैकेजिंग तक एक पूरा सेमीकंडक्टर परिवेश बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा, सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम कदम-दर-कदम, ईंट-दर-ईंट, चिप-दर-चिप तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, देश के युवा मेड इन इंडिया चिप के साथ एआई, रोबोटिक्स और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी क्रांति को आगे बढ़ाएंगे।

जोधपुर हवाई

20 लाख यात्रियों को संभालने में सक्षम है। यह आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित है ताकि यात्रियों को सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके।

इसमें कई चेक-इन काउंटर, अत्याधुनिक बैगेज हैंडलिंग प्रणाली और एयरोब्रिज जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे यात्रियों की आवाजाही अधिक सुगम होगी। राजस्थान की शाही विरासत से प्रेरित वास्तुकला के आधार पर निर्मित यह टर्मिनल मेहराब और झरोखों जैसे पारंपरिक तत्वों को समकालीन डिजाइन के साथ खूबसूरती से समाहित करता है। ऊर्जा-कुशल प्रणालियों, जल संरक्षण उपायों और हरित भवन निर्माण पद्धतियों जैसी विशेषताओं के साथ सतत विकास को लक्ष्य करके टर्मिनल भवन को डिजाइन किया गया है ताकि फाइव-स्टार जीआरआईएचए रेटिंग प्राप्त की जा सके। जोधपुर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन से क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने संशोधित उड़ान योजना की शुरुआत की जिसमें क्षेत्रीय संपर्क पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस योजना के तहत 28,840 करोड़ का आवंटन किया गया है, जिसका उद्देश्य अगले 10 वर्षों में विमानन-आधारित विकास को गति देना है। यह रणनीतिक पहल सुनिश्चित करेगी कि देश भर में व्यापक और स्थायी संपर्क सुविधा कायम हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि यह योजना विमानन क्षेत्र के माध्यम से विकास को गति देगी और अवसंरचना का विस्तार कर हवाई यात्रा को अधिक सुलभ और किफायती बनाएगी। अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 2016 में शुरू की गई उड़ान योजना के तहत अब तक 669 मार्गों का संचालन शुरू किया जा चुका है तथा 95 हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और जल निकाय से संबंधित हवाई अड्डों (वाटर एरोड्रोम) को जोड़ा गया है। इस योजना से अब तक 1.66 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ मिला है।

यूपी विधानसभा

और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने एयरपोर्ट पर दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और ब्रजेश पाठक और पूरे मंत्रिमंडल के साथ स्वागत किया। इसके बाद सीएम अध्यक्ष को लेकर पार्टी कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने भी चुनाव में संगठन की जिम्मेदारियां बताते हुए पदाधिकारियों जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन तैयार करने की सलाह दी। इससे पूर्व नितिन नवीन ने प्रदेश व जिला अध्यक्षों को संगठन मजबूत करने के निर्देश दिया। उन्होंने संगठन का काम जनता तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया और कहा कि केंद्र व यूपी सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाए। नबीन ने सभी को जिलों में प्रवास कर जनता के बीच जाने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों का व्यापक प्रचार होगा। नितिन नबीन ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करने का आह्वान करने के साथ सभी को आपसी विवाद व गिले-शिकवे भूलकर काम करने की नसीहत दी। बैठक में उन्होंने संगठन में एकजुटता और समन्वय पर विशेष जोर दिया।

विवादित पुस्तक

थीं। आदेश में कहा गया है, विभाग के संज्ञान में आया है कि इन पुस्तकों में अत्यंत अनुचित सामग्री है। यह स्पष्ट है कि उप-समिति सीरीज-4 के सदस्यों और पर्यवेक्षी अधिकारियों ने ऐसी पुस्तकों की अनुशंसा करते समय गंभीर लापरवाही, कर्तव्य में चूक और आवश्यक सावधानी बरतने में विफलता दिखाई, जिनमें अलगाववाद से संबंधित ऐसी सामग्री थी, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। आदेश में कहा गया है कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए उप-समिति के सदस्य ऐसी गंभीर चूक और लापरवाही के लिए ज़िम्मेदार लगते हैं जो सरकारी कर्मचारियों के लिए उचित नहीं है। इसमें कहा गया है कि इसलिए जम्मू-कश्मीर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1956 के नियम 31(1)(ए) के तहत स्कूल शिक्षा विभाग के आठ अधिकारियों और पर्यवेक्षी कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबित अधिकारियों की पहचान फाजिल इमरान सिद्दीकी (समन्वयक, पुस्तकालय, समग्र शिक्षा), गुरजीत सिंह (सहायक समन्वयक, समग्र शिक्षा), संजीव शर्मा (प्रधानाचार्य, जीएचएसएस, कोरे पन्नू), शाजिया कौसर (अकादमिक अधिकारी, एससीईआरटी जम्मू), इम्तियाज अहमद मीर (व्याख्याता, बीएचएसएस वाथूरा, बडगाम), निरंजन शर्मा (व्याख्याता, जीएचएसएस बधात, किश्तवाड़), रेणु मेंगी (व्याख्याता, डीआईईटी जम्मू) और राजमोहिनी (व्याख्याता, जीजीएचएसएस, पुंछ) के रूप में की गई है।

पाक में मौजूद

से भी जुड़ा है। मोहम्मद मुसद्दिक ने अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर, नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय और पानीपत में आईओसीएल रिफाइनरी की टोह लेने में अहम भूमिका निभाई थी। मसूद इलियास कश्मीरी एक पाकिस्तानी नागरिक है, जिसे मुफ्ती मसूद इलियास और अबू मोहम्मद जैसे कई नामों से जाना जाता है। वह मसूद अजहर का करीबी सहयोगी और संगठन का वह मुख्य व्यक्ति है जो कश्मीर में घुसपैठ को अंजाम दिलाता है। गृह मंत्रालय ने बताया कि इलियास पर सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को भर्ती करने, आतंकवाद के लिए पैसा जुटाने और जम्मू के सुंजवान में पीडीपी कार्यालय के नजदीक पुलिस जांच चौकी पर अप्रैल 2022 में हुए हमले की साजिश रचने का आरोप है। मुफ्ती मोहम्मद असगर खान की पहचान पीओजेके में जेईएम के अमीर और उसकी कथित सैन्य शाखा के प्रमुख के तौर पर की गई है। मंत्रालय ने कहा कि असगर नगरोटा में भारतीय सेना के शिविर पर हुए हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्ता था और वह मुजफ्फराबाद में प्रशिक्षण शिविर चलाता है।

सेवा और

जी-20 आयोजनों और राष्ट्रीय खेलों के सफल संचालन ने उत्तराखंड को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने युवाओं से आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़कर राज्य के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों का सफर उनके लिए जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने और उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी सोच के साथ वर्ष 2035 तक उत्तराखंड को विकसित और श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की 2.65 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बनकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं, किसानों, महिलाओं और सीमांत क्षेत्रों के विकास को समान महत्व देते हुए समावेशी विकास मॉडल पर कार्य कर रही है।

भाजपा राष्ट्रीय

के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नए उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिल रही है।

टी-20 : इंग्लैंड ने भारत को हराया

भारत को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की हासिल की बढ़त



एजेंसी

मैनचेस्टर। इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को यहां भारत को चार विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 190 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 19 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड की ओर से जैकब बेथल ने सर्वाधिक नाबाद 76 रन बनाए। कप्तान हैरी ब्रुक ने 15 गेंदों में 39 रन, जबकि टॉम बैंटन ने 32 गेंदों में 39 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए। श्रृंखला का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

मैनचेस्टर में वैभव अपनी पहली पारी में 10 गेंदों पर 14 रन ही बना पाए। उन्होंने 2 छक्के भी लगाए। उन्हें इंग्लैंड के डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज जोश टंग ने आउट किया। भारत की ओर से ईशान किशन ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में 43 रन की तेज पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 37 रन बनाए। आखिरी में तिलक वर्मा 11 बॉल में 24 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए सैम करन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर, विल जैक्स और लियम डॉसन को एक-एक विकेट मिले। आखिरी ओवर में तिलक वर्मा ने जोफ्रा आर्चर की पहली दो गेंदों पर लगातार दो छक्के जड़ दिए। तीसरी गेंद पर चौका भी लगाया और ओवर से कुल 17 रन बटोर लिए। हालांकि आखिरी गेंद पर हर्षित राणा तेज बाउंसर पर विकेटकीपर बटलर के हाथों कैच आउट हो गए। भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 190 रन बनाए। तिलक वर्मा 11 गेंदों में 24 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 1 चौका और 2 छक्के लगाए। इंग्लैंड की ओर से सैम करन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट लिए। भारत ने अक्षर पटेल का विकेट रनआउट के रूप में गंवा दिया। टंग की शॉर्ट गेंद पर अक्षर बड़ा शॉट लगाने से चूक गए, लेकिन इसके बावजूद रन के लिए दौड़ पड़े। विकेटकीपर जॉस बटलर ने पहले थ्रो गलत छोर पर मारा, हालांकि बल्लेबाज क्रीज से काफी बाहर थे। गेंद वापस मिलने पर बटलर ने आसानी से गिल्लियां बिखेर दीं और अक्षर रनआउट हो गए। अक्षर 4 गेंदों में 3 रन बनाकर लौटे। 18वें ओवर में ईशान किशन ने सैम करन की पहली गेंद पर चौका लगाया और अर्धशतक के करीब पहुंच गए। हालांकि अगली ही गेंद पर करन ने उन्हें पवेलियन भेज दिया। फुल लेंथ गेंद पर ईशान ने एक बार फिर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर हवा में चली गई। लियम डॉसन ने एक्स्ट्रा कवर पर आसान कैच लपक लिया। 16वें ओवर में सैम करन ने सिर्फ 2 रन दिए और शिवम दुबे का विकेट भी लिया। ओवर की आखिरी गेंद पर ऑफ स्टंप के बाहर लेंथ बॉल पर दुबे ने शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर डीप एक्स्ट्रा कवर पर टॉम बैंटन के हाथों में चली गई। 13वें ओवर में लियम डॉसन ने श्रेयस अय्यर को आउट किया।

ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गेंद पर श्रेयस क्रीज छोड़कर इनसाइड-आउट शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन डीप एक्स्ट्रा कवर पर टॉम बैंटन ने आसान कैच लपक लिया। श्रेयस ने 22 गेंदों में 37 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टंग की गेंद श्रेयस अय्यर के ग्लव्स पर जा लगी। गेंद लगने के बाद श्रेयस दर्द में नजर आए, जिसके चलते तुरंत फिजियो को मैदान पर बुलाना पड़ा।

सूर्यवंशी ने किया पदार्पण, तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड

एजेंसी

मैनचेस्टर। पंद्रह साल के वैभव सूर्यवंशी का बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय पदार्पण उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन तिलक वर्मा की आखिरी ओवर में खेली गई विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पारी के अंतिम ओवरों में तिलक वर्मा ने 11 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाये। उन्होंने आखिरी ओवर में जोफ्रा आर्चर के खिलाफ 17 रन बटोरे और भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

बादलों से घिरे और तेज हवा वाले मौसम में बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। इस मुकाबले में सभी की निगाहें 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर थीं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर लगभग 37 वर्ष पुराना सचिन तेंदुलकर का सबसे कम उम्र में भारत के लिए खेलने का रिकॉर्ड तोड़ा। उनकी पहली पारी हालांकि ज्यादा लंबी नहीं चली। उन्होंने 10 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 14 रन बनाए, लेकिन ऑफ स्पिनर विल जैक्स की गेंद पर आगे बढ़कर खेलने के प्रयास में जोस बटलर ने उन्हें स्टंप कर दिया। सूर्यवंशी को शुरुआत में अतिरिक्त उछाल से जूझना पड़ा, लेकिन उन्होंने जोफ्रा आर्चर की तेज गेंद पर शानदार व्हिप-स्कूप लगाकर छह रन बटोरे। इसके बाद जोश टंग की गेंद पर भी उन्होंने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से आकर्षक छक्का लगाया। हालांकि इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने समय रहते विल जैक्स को गेंदबाजी पर लगाया और उनकी धीमी, हवा में लहराती ऑफ ब्रेक पर सूर्यवंशी चकमा खा गए। अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में 43 रन, कप्तान श्रेयस अय्यर ने 22 गेंदों में 37 रन और इशान किशन ने 43 गेंदों में 49 रन बनाए, लेकिन तीनों बल्लेबाज पूरी तरह सहज नहीं दिखे। किशन ने इस दौरान तेजी से रन बनाने में सबसे ज्यादा संघर्ष किया। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने परिस्थितियों का शानदार उपयोग किया। जोफ्रा आर्चर की रफ्तार और अतिरिक्त उछाल ने शुरुआती ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया, जबकि सैम कुरन ने गति में लगातार बदलाव और धीमी गेंदों के दम पर मध्य ओवरों में दबाव बनाए रखा।

कुरन ने चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट लिए। विल जैक्स ने तीन ओवर में 22 रन देकर एक विकेट हासिल किया, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने तीन ओवर में 27 रन देकर एक सफलता हासिल की। अनुभवी लेग स्पिनर आदिल रशीद ने दो ओवर में 21 रन दिए। अभिषेक शर्मा शुरुआत में काफी संघर्ष करते दिखे और अपनी पहली 12 गेंदों में लगभग 10 बार चूक गए। उन्होंने हालांकि बाद में कम गति वाले गेंदबाजों के खिलाफ लय हासिल की और शानदार स्ट्रोक लगाए। वह कुरन की फुलटॉस गेंद को मिडविकेट पर खड़े टॉम बैंटन के हाथों में खेल गये। अय्यर और किशन ने तीसरे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला।

एएआई की रिकर्व टीम के मुख्य कोच बन सकते हैं पार्क चाए-सून

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने रिकर्व टीम के नए मुख्य कोच के पद के लिए दक्षिण कोरिया के दिग्गज कोच पार्क चाए-सून से शनिवार को गहन बातचीत की।

अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो कई ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को कोचिंग दे चुके पार्क चाए-सून लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक की तैयारियों में भारतीय रिकर्व टीम की कमान संभाल सकते हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब दक्षिण कोरिया के ही प्रसिद्ध कोच किसिक ली के साथ वित्तीय मतभेदों के कारण भारतीय खेल प्राधिकरण की बातचीत सफल नहीं हो सकी।

उलटफेर का शिकार हुई स्वियातेक और रायबकिना

एजेंसी

लंदन। इगा स्वियातेक का विम्बलडन खिताब बचाने का अभियान शनिवार को तीसरे दौर में 21 वर्षीय अलेक्जेंडर एला 7-6 (9), 6-2 से हराकर समाप्त हो गया।

एला इस जीत के साथ ग्रैंड स्लैम एकल प्रतियोगिता के चौथे दौर में पहुंचने वाली फिलीपींस की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले फिलीपींस का कोई भी (पुरुष या महिला) खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम एकल स्पर्धा के चौथे दौर तक नहीं पहुंच सका था। मैच प्वाइंट पर शानदार फोरहैंड विनर लगाने के बाद बाएं हाथ की एला भावुक हो गईं। वह सेंटर कोर्ट पर घुटनों के बल बैठ गईं और फिर खुशी से पीठ के बल लेट गईं। कोर्ट पर दिए गए साक्षात्कार में स्टैंड में लहराते फिलीपींस के झंडों की ओर देखते हुए इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, अपने देशवासियों को मेरा उत्साह बढ़ाते देखना अविश्वसनीय है। यह अहसास कि हम सभी इस सफर में साथ हैं, मेरे लिए बेहद खास है। यह जीत मेरे देशवासियों, मेरे परिवार और उन सभी छोटी लड़कियों के नाम है, जो बड़े सपने देखती हैं। यह मेरे लिए पूरी दुनिया के बराबर है। एला ने पहले सेट के टाईब्रेक में दो सेट प्वाइंट बचाकर शानदार वापसी की और अंततः मुकाबला अपने नाम किया। स्वियातेक ने पिछले वर्ष विम्बलडन महिला एकल का खिताब जीता था। फाइनल में उन्होंने अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराकर पहली बार विंबलडन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। एलिना रायबकिना का विम्बलडन अभियान भी तीसरे दौर में समाप्त हो गया। वर्ष 2022 की चैंपियन रायबाकिना को एलिस मर्टेन्स ने 7-6, 6- । से हराकर दिन का दूसरा बड़ा बड़ा उलटफेर किया। महिला एकल में दूसरी वरीयता प्राप्त रायबाकिना टूर्नामेंट से बाहर होने वाली अब तक की सर्वोच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। उनकी हार के साथ ही आर्यना सबालेंका का टूर्नामेंट के बाद भी विश्व नंबर एक बने रहना तय हो गया। बेल्जियम की 25वीं वरीयता प्राप्त मर्टेन्स अब चौथे दौर में नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी। यह मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। मर्टेन्स विंबलडन में दो बार महिला युगल का खिताब भी जीत चुकी हैं और इस जीत के साथ उन्होंने महिला एकल में भी अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है। दिग्गज अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने दाएं घुटने में चोट के कारण अपनी बहन विनस विलियम्स

10 सितंबर को दिल्ली में एक दिवसीय प्रतियोगिता

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के लिए चयनित होने वाले सभी भारतीय ट्रैक एंव फील्ड एथलीट 10 सितंबर को दिल्ली में होने वाले एक दिवसीय मुकाबले में हिस्सा लेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स सीरीज के अंतिम चरण के रूप में आयोजित की जाएगी। एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में किया जाएगा जबकि भारतीय टीम की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। एएफआई के अनुसार अंतिम चरण के लिए खिलाड़ियों का चयन उनकी रैंकिंग के आधार पर आमंत्रण के जरिए किया जाएगा। पहले यह प्रतियोगिता 12 सितंबर को होनी थी, लेकिन अब इसे 10 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा, जापान एशियाई खेलों के लिए चयनित सभी खिलाड़ी भी इस अंतिम चरण में हिस्सा लेंगे। भारतीय एथलेटिक्स सीरीज के बाकी चरणों की तारीखों में भी बदलाव किया गया है, हालांकि प्रतियोगिताओं के स्थान वही रहेंगे।

संक्षेप

जिम्नास्टिक्स टीम ग्लास्गो के लिए रवाना

नयी दिल्ली। भारत की कलात्मक जिम्नास्टिक्स टीम आगामी राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों के तहत लंदन में तीन सप्ताह का प्रशिक्षण शिविर पूरा करने के बाद 20 जुलाई को ग्लास्गो के लिए रवाना होगी। यह प्रशिक्षण शिविर 29 जून से शुरू हुआ जिसके लिए कोषभारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत दिया गया था। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए महिला टीम में ओलंपियन प्रणति नायक, निश्का अग्रवाल, ईशिता रेवाले और प्रतिष्ठा सामंता शामिल हैं। पुरुष टीम में तपन मोहंती, तपेश्वरनाथ दास, स्वातिश केपी और योगेश्वर सिंह को जगह मिली है।

रणनीति से चले तो किसी भी टीम को हरा सकते हैं : हॉकी कोच

नयी दिल्ली। भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि अपनी रणनीति पर अमल करने पर भारत दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकता है। भारत ने एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक अभियान के आखिरी दौर में बेहतर प्रदर्शन किया। भारत ने यूरोप चरण में विश्व चैम्पियन जर्मनी और 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड को हराया। वहीं दुनिया की तीसरे नंबर की टीम इंग्लैंड को कड़ी चुनौती दी। भारत नौ टीमों में आठवें स्थान पर पाकिस्तान से ऊपर रहा और 16 मैचों में 19 अंक हासिल किये। फुल्टन ने कहा, इस प्रो लीग की सबसे सकारात्मक बात यह रही कि टीम का आत्मविश्वास बढा है। जर्मनी और नीदरलैंड पर मिली जीत और इंग्लैंड के खिलाफ करीबी मुकाबले से साबित हो गया है।

अनुष ने सीडीआई 1 हेगन प्रतियोगिता में जीता रजत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के स्टार घुड़सवार खिलाड़ी अनुष अग्रवाला ने जर्मनी के हेगन में आयोजित कैवालिएरो ड्रेसेज डेज प्रतियोगिता के सीडीआई। प्री सेंट जॉर्ज वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। स्ट्रेट हॉर्स फ्लोरियाना पर सवार अनुष ने 70.147 प्रतिशत अंक हासिल किए और 22 प्रतिभागियों के बीच दूसरे स्थान पर रहे। अनुष और फ्लोरियाना के बीच बेहतरीन तालमेल तथा सटीक प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने प्रतिष्ठित 70 प्रतिशत का आंकड़ा पार किया जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी निरंतरता को दर्शाता है। इस स्पर्धा में जर्मनी की चार्लोट-मारिया शूर्मन 72.304 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर रहीं। यह उपलब्धि ऐसे समय में आई है, जब 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय ड्रेसेज टीम के चयन को लेकर अनुष विवाद के केंद्र में हैं।

उन्हें चार सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया बल्कि रिजर्व खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले ड्रेसेज राइडर और इस स्पर्धा में एशियाई खेलों में व्यक्तिगत पदक जीतने वाले देश के एकमात्र खिलाड़ी होने के बावजूद, भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) की तदर्थ चयन समिति ने उन्हें मुख्य टीम से बाहर रखा। इसके बाद उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अनुष अग्रवाला और सुदीप्ति हाजेला द्वारा एशियाई ड्रेसेज टीम से बाहर किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। छब्बीस वर्षीय अनुष अग्रवाला ने 2022 हांगझोऊएशियाई खेलों में इतिहास रचते हुए टीम स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

यूरोप के हेलसिंकी कप व गोथिया कप में खेलेगी मिनर्वा अकादमी

नयी दिल्ली। पंजाब की मिनर्वा अकादमी एफसी इस महीने यूरोप के दो सबसे प्रतिष्ठित युवा फुटबॉल टूर्नामेंट हेलसिंकी कप (फिनलैंड) और गोथिया कप (स्वीडन) में हिस्सा लेगी।

टीम लगातार दूसरे वर्ष स्कैंडिनेविया का दौरा कर रही एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। हर वर्ष आयोजित होने वाले इन दोनों प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में दुनिया भर से हजारों युवा फुटबॉलर भाग लेते हैं और अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने के लिए मुकाबला करते हैं। पिछले वर्ष हेलसिंकी कप के अंडर-12 (बी12) वर्ग में मिनर्वा अकादमी खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गई थी। फाइनल मुकाबले में उसे हार का सामना करना पड़ा और टीम उपविजेता रही।

भारत ए ने आठ विकेट पर 541 रन का विशाल स्कोर

एजेंसी

गॉल। भारत ए ने साई सुदर्शन की 168 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान की बदौलत दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को यहां श्रीलंका ए के खिलाफ आठ विकेट पर 541 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया। बारिश से प्रभावित तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ए ने 175 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। मुकाबले का एक दिन का खेल अभी बाकी है।

सुदर्शन ने तीसरे दिन 104 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपनी शानदार बल्लेबाजी जारी रखते हुए 267 गेंद में 22 चौकों की मदद से 168 रन बनाए। हालांकि दूसरे छोर पर देवदत्त पडिक्कल अपने रात के स्कोर 94 रन में एक भी रन का इजाफा किए बिना ही आउट हो गए। दिन की पहली ही गेंद पर पडिक्कल के आउट होने से भारत ए का स्कोर दो विकेट पर 248 रन हो गया। इसके बाद सुदर्शन को कप्तान ध्रुव जुरेल (53 रन, 88 गेंद) का अच्छा साथ मिला। सुदर्शन और जुरेल की साझेदारी से पहले हालांकि भारत ए को एक बड़ा झटका लगा जब रुतुराज गायकवाड़ (13) को तेज गेंदबाज असांका मनोज की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद चोटिल होकर मैदान छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। सुदर्शन और जुरेल ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को संभाला। अब देखना होगा कि गायकवाड़ रविवार को बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरते हैं या नहीं। सुदर्शन और जुरेल ने तीसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी कर मेजबान टीम को कोई और सफलता नहीं मिलने दी और भारत ए की पकड़ मजबूत कर दी। सुदर्शन दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर दिलुम सुदीरा ने उन्हें पगबाधा आउट कर उनकी शानदार पारी का अंत किया। इसके बाद

सुदर्शन के 168 रन

जुरेल भी ज्यादा देर नहीं टिक सके और सुदीरा की गेंद पर पगबाधा हो गए। फिर शेख रशीद ने 51 गेंद में 45 रन की तेज पारी खेली, लेकिन ऑफ स्पिनर केशारा नुवंथा ने उन्हें भी पगबाधा आउट कर दिया।

अब तक विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं हैरी केन : बाईचुंग भूटिया

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया का मानना है कि इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन इस बार फीफा विश्व कप में अब तक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं और अपनी इंटीम की जीत में उनका योगदान अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी और फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे से अधिक है। इंग्लैंड ग्रुप एल में दो जीत औरएक ड्रॉ के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद कांगो को 2-1 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। केन ने इंग्लैंड के आठ में से पांच गोल किये हैं। वह इस बार टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में मेस्सी (आठ) और एमबाप्पे (सात) के बाद तीसरे स्थान पर है। भूटिया ने कहा, मेरे हिसाब से हैरी केन सबसे प्रभावी रहे हैं। उन्होंने अपने दम पर इंग्लैंड को यहां तक पहुंचाया और जरूरत के समय गोल किये।

ट्रायल में रन बनाए, दिल्ली टीम में नहीं हुआ चयन : सैमसन

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) पर लंबे समय से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के सपनों को तोड़ने का आरोप लगता रहा है और संजू सैमसन के साथ भी कुछ ऐसा ही होने वाला था, लेकिन उनके पिता और दिल्ली पुलिस के पूर्व कर्मचारी विश्वनाथ सैमसन ने अपने गृह राज्य केरल लौटने का फैसला किया जिसने उनके बेटे के क्रिकेट करियर की दिशा बदल दी। इसके बाद की कहानी इतिहास बन गई। अपनी शानदार बल्लेबाजी और लगातार सीमित ओवरों के क्रिकेट में बनाए गए रनों के दम पर संजू सैमसन भारतीय टी20 टीम तक पहुंचे और इसी वर्ष भारत की टी20 विश्व कप जीत के अहम नायकों में से एक रहे। सैमसन ने बताया कि दिल्ली में मिली निराशा उनके और उनके परिवार के लिए एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। उन्होंने जियोस्टार से कहा, स्कूल के दिनों में मैं अपने दोस्तों को डीडीसीए की जैकेट पहने और दिल्ली की राज्य क्रिकेट टीम के लिए खेलने की बातें करते देखता था। इससे मुझे भी प्रेरणा मिलती थी। उन्होंने कहा, मैं भी दिल्ली का प्रतिनिधित्व करना चाहता था। मैंने ट्रायल दिए, राज्य स्तरीय शिविर में हिस्सा लिया और खूब रन बनाए। दो-तीन बार मेरा चयन शिविर तक हुआ, लेकिन राज्य टीम में जगह नहीं मिल सकी। प्रतिस्पर्धा बहुत कड़ी थी। इसके बाद उनके पिता विश्वनाथ ने एक ऐसा फैसला लिया जिसने पूरे परिवार की जिंदगी बदल दी।

सैमसन ने याद करते हुए कहा, एक दिन ट्रायल खत्म होने के बाद टीम की सूची घोषित हुई। उसमें मेरा नाम नहीं था। हम चुपचाप घर लौट आए। जैसे ही हम घर पहुंचे, मेरे पिता ने मेरी मां से कहा, हमें केरल जाना होगा। हम वहीं शिफ्ट हो रहे हैं। उन्होंने बताया, मेरी मां ने कहा, बच्चे अभी केवल छठी कक्षा में हैं। उन्हें कम से कम दसवीं तक पढ़ लेने दीजिए। लेकिन मेरे पिता ने कहा, नहीं, हमें अभी जाना होगा। सामान पैक करो। मैं तीन दिन में टिकट बुक कर रहा हूं। उन्होंने यह फैसला तुरंत ले लिया।

भारतीय बधिर महिला क्रिकेट टीम पहली बार अंतरराष्ट्रीय दौरे पर श्रीलंका जायेगी

नयी दिल्ली। भारतीय बधिर महिला क्रिकेट टीम अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टी20 दौरे पर सात से 13 जुलाई तक श्रीलंका में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विकेटकीपर काजल धवन 15 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तानी करेंगी जबकि नीदा जबी शेख को उपकप्तान बनाया गया है। श्रृंखला के सभी मुकाबले श्रीलंका के मोरातुवा स्थित डी सोयसा पार्क अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने अगले वर्ष मार्च में भारत में महिला टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला आयोजित करने की भी घोषणा की है जिसमें श्रीलंका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो की टीम भी भाग लेंगी। इसके अलावा फरवरी 2028 में दिल्ली में बधिर महिला टी20 विश्व कप का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर भारत की पूर्व महिला क्रिकेट कप्तान डायना एडुल्जी ने कहा, यह भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि हमारी बधिर खिलाड़ियों को पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिला है। क्रिकेट सभी का खेल है।

उन्होंने कहा, आप यहां तक पहुंचकर ही कई बाधाओं को पार कर चुकी हैं और हम सभी को आप पर गर्व है। मैंने मुंबई में टी10 बधिर क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आपका खेल देखा था। इन महिला खिलाड़ियों की प्रतिभा और खेल भावना ने मुझे बेहद प्रभावित किया। अब समय आ गया है कि आप दुनिया को दिखाएं कि भारतीय महिला क्रिकेटर मैदान पर क्या कर सकती हैं। भारतीय टीम की कप्तान काजल धवन ने कहा, श्रीलंका का यह पहला अंतरराष्ट्रीय टी20 दौरा केवल क्रिकेट खेलने का मौका नहीं है, बल्कि यह साबित करने का भी मौका है कि सुनने में असमर्थ होना जुनून, प्रतिभा या देश का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता में कोई बाधा नहीं है।

स्वदेशी रक्षा उपकरणों पर बढ़ा भरोसा

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद मेड-इन-इंडिया रक्षा उपकरणों पर भरोसा बढ़ा है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि आज हमारा रक्षा उत्पादन 1.78 लाख करोड़ रुपये से ज़ूयादा हो गया है, जबकि लगभग 8-9 साल पहले यह करीब 46,000 करोड़ रुपये थौ। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के

ऑपरेशन सिंदूर के बाद

बाद मेड-इन-इंडिया रक्षा उपकरणों पर भरोसा बढ़ा है। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मई 2025 में भारत द्वारा की गई एक निर्णायक सैन्य कार्वाई थी।

भारत में बनी कई रक्षा प्रणालियों ने इसमें अहम भूमिका निभाई थी। सिंह ने कहा, रक्षा निर्यात भी रिकॉर्ड 38,000 करोड़ रुपये से ज़ूयादा हो गया है। यह 2013-14 में सिर्फ 686 करोड़ रुपये था और आज यह 57 गुना बढ़ गया है। मैंने पूरी रिपोर्ट तो नहीं मांगी है, लेकिन मेरा अंदाजा है कि अभी यह आंकड़ा 40,000 करोड़ रुपये के आसपास होगा। उन्होंने अपने संबोधन में पिछले 12 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत की यात्रा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की प्रगति और एआई के दौर में मानवीय संवेदनशीलता के महत्व (जिसमें पत्रकारिता का क्षेत्र भी शामिल है) पर भी बात की। सिंह ने कहा, पिछले 12 वर्षों में भारत की यात्रा अभावों से आत्मनिर्भरता की ओर, आत्मनिर्भरता से आत्मविश्वास की ओर और आत्मविश्वास से विकसित भारत के निर्माण की ओर रही है। उन्होंने कहा कि भारत तकनीकी विकास और अपनी परंपराओं को मनाने, दोनों पर जोर देता है और परंपरा एवं तकनीक का यह संगम 21वीं सदी में देश की सबसे बड़ी ताकतै है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के आज मानव जीवन के लगभग हर पहलू को प्रभावित करने का उल्लेख करते हुए उन्होंने आगाह किया कि एआई आंकड़ों को पढ़ और उनका विश्लेषण तो कर सकती है, लेकिन वह लोगों की नब्ज नहीं पहचान सकती।

उन्होंने कहा कि यहीं पर मानवीय संवेदनशीलता और मानवीय समझ की अहम भूमिका सामने आती है। सिंह ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी तकनीकी प्रगति से पत्रकारिता भी प्रभावित हुई है लेकिन ये मानवीय रचनात्मकता और बुद्धि को पीछे नहीं छोड़ पाएंगी। उन्होंने कहा, पत्रकारिता की भावी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह एआई की क्षमताओं और मानवीय सहानुभूति के बीच कितना अच्छा संतुलन और तालमेल स्थापित कर पाती है।

अमित शाह सात जुलाई को दिल्ली सरकार के पौधरोपण अभियान का उद्घाटन करेंगे : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में 70 लाख पौधारोपण के दिल्ली सरकार के अभियान का उद्घाटन करेंगे। गुप्ता ने निवासियों को ग्रीन ड्राइव पोर्टल के जरिये पंजीकरण कर इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। गुप्ता ने एक बयान में कहा कि निवासी पौधारोपण का समय बुक करने, सरकारी नर्सरी से निशुल्क पौधे लेने, वृक्ष रथ को बुलाने (जो सामुदायिक पौधारोपण अभियान में उनकी मदद करेगा) और खुद को दिल्ली ग्रीन वॉरियर्स के तौर पर पंजीकृत करने के लिए इस पोर्टल का इस्तेमाल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने दिल्ली में 70 लाख पेड़ लगाने का वादा किया था। अब इसे मिलकर पूरा करने का समय आ गया है। ग्रीन ड्राइव पोर्टल अब शुरू हो गया है। आप जगह और समय चुनकर पौधे लगाने का स्लॉट बुक कर सकते हैं, या पौधे लेने के लिए नजदीक की किसी सरकारी नर्सरी में जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवासीय समिति या संस्थागत क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान की योजना बनाने वाले निवासी पोर्टल के माध्यम से वृक्ष रथ को आमंत्रित कर सकते हैं और इससे उन्हें सहायता मिलेगी।

संक्षेप

मुंबई में बारिश की चेतावनी से स्कूल बंद

मुंबई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किए जाने के बाद बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने शनिवार को महानगर के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में दोपहर की पाली के लिए अवकाश घोषित कर दिया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक प्रवक्ता ने बताया कि अत्यधिक भारी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया। उन्होंने बताया कि शहर के कई हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच बीएमसी ने नागरिकों से जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलने की अपील की है। आईएमडी ने मुंबई के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए दिन में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी दी। मानसून के देर से पहुंचने के बावजूद देश की वित्तीय राजधानी में इस सप्ताह की शुरुआत से भारी बारिश हो रही है। मुंबई के कई हिस्सों में शनिवार सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटों के दौरान 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई। नगर निकाय के अधिकारियों के अनुसार, उपनगरीय लोकल ट्रेन सहित सार्वजनिक परिवहन सेवाएं सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं।

पश्चिम एशिया में मध्यस्थता को लेकर पाक से भारत की तुलना अनुचित : दोरईस्वामी

एजेंसी

बीजिंग। चीन में भारत के राजदूत विक्रम दोरईस्वामी ने पश्चिम एशिया संघर्ष में मध्यस्थता को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी तुलना को शनिवार को खारिज करते हुए कहा कि देशों को स्वयं तय करना चाहिए कि ऐसा करना उनके हित में है या नहीं।

दोरईस्वामी ने वैश्विक नेतृत्व में भारत की भूमिका और ईरान-अमेरिका संघर्ष में मध्यस्थता के पाकिस्तान के प्रयासों के बारे में एक चीनी पत्रकार के सवाल के जवाब में कहा, अगर मैं थोड़ा स्पष्ट रूप से कहूं तो पाकिस्तान के साथ तुलना थोड़ा अनुचित है। मेरा मानना है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं आपको बहुत कुछ बता देंगी। दोरईस्वामी ने यहां चीन के सिंघुआ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विश्व शांति मंच को संबोधित करते हुए कहा, हमें देशों को इस आधार पर देखना चाहिए कि वे वास्तव में क्या हैं और वे व्यापक वैश्विक व्यवस्था में वास्तव में क्या कर रहे हैं।

दोरईस्वामी ने कहा, दुनिया के साथ भारत का जुड़ाव उस स्तर पर है, जिसकी बराबरी अधिकतर देश नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, इसमें यूरोपीय और एशियाई देशों के साथ आर्थिक एकीकरण का विचार तथा शांति एवं सुरक्षा से जुड़े व्यापक मुद्दों में योगदान देने की हमारी इच्छा शामिल है। दोरईस्वामी ने कहा, हम यह सब करने के लिए तैयार हैं। जहां तक मध्यस्थता का सवाल है, तो प्रत्येक देश को यह तय करना है कि इससे उसकी व्यापक राष्ट्रीय स्थिति को कोई लाभ होता है या नहीं।

दिल्ली दंगा : अदालत ने साजिश मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज की

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़ी बड़ी साजिश के मामले में छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत ने कहा कि उसके पास उच्चतम न्यायालय के पांच जनवरी के आदेश का पालन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, और इसलिए यह न तो याचिकाओं पर विचार कर सकती है और न ही उन्हें कोई राहत दे सकती है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने कहा कि ये जमानत याचिकाएं सुनवाई अदालत के समक्ष विचारणीय नहीं हैं। न्यायाधीश ने कहा, इस अदालत के पास उच्चतम न्यायालय के पांच जनवरी, 2026 के उस फैसले को मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जिसके तहत दोनों याचिकाकर्ताओं की याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं।

उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय के उक्त आदेश के बाद, यह अदालत इन आवेदनों पर विचार नहीं कर सकती और न ही आवेदकों को जमानत दे सकती है। असल में, ये आवेदन सुनवाई योग्न नहीं हैं और इन्हें खारिज किया जाता है। अदालत ने कहा कि भले ही याचिकाकर्ताओं ने यह दलील दी कि सैयद इफ्तिखार अंद्राबी मामले में उच्चतम न्यायालय की खंडपीठ के फैसले के बाद न्यायिक हालात बदल गए हैं, लेकिन उस निर्णय और गुलफिशा फातिमा बनाम राज्य मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बीच राय के अंतर का मुद्दा पहले ही एक वृहद पीठ को भेजा जा चुका है। न्यायाधीश ने कहा, जब तक यह मामला सुलझ नहीं जाता, तब तक अदालत किसी भी आधार पर मौजूदा आवेदनों पर विचार नहीं कर सकती।

खालिद के वकील त्रिदीप पियास ने अदालत को बताया कि उच्चतम न्यायालय के पांच जनवरी के फैसले के बाद न्यायिक हालात बदल गए हैं। उन्होंने बाद में आए सैयद इफ्तिखार अंद्राबी के फैसले का भी हवाला दिया, जिसने लंबे समय तक जेल में रखे जाने के मामले में के.ए. नजीब मामले के सिद्धांतों को फिर से सही ठहराया था।

गोवा की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गयी : केजरीवाल

एजेंसी

पणजी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित गोवा की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के चरमरा जाने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को इस तटीय प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से पंजाब की 10 लाख रुपये वाली स्वास्थ्य बीमा योजना को अपनाने की अपील की।

केजरीवाल ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि गोवा की लगभग 90 प्रतिशत आबादी सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर है, क्योंकि ज़ूयादातर परिवारों के लिए निजी इलाज का खर्च उठाना मुमकिन नहीं है, खासकर गंभीर बीमारी के मामले में। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दावा किया कि गोवा में दीन दयाल स्वास्थ्य सेवा योजना (डीडीएसएसवाई) लोगों को फायदा पहुंचाने में नाकाम रही है, जबकि राज्य के एकमात्र सुपर-स्पेशियलिटी सरकारी अस्पताल गोवा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बहुत ज़ूयादा भीड़ है। उन्होंने कहा कि अन्य सरकारी अस्पतालों में

कर्मियों की कमी है, विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव है, बुनियादी सुविधाओं और दवाओं की कमी है। केजरीवाल ने कहा, गोवा का पूरा स्वास्थ्य तंत्र ठप हो गया है। 90 प्रतिशत लोगों को यह नहीं पता है कि परिवार के किसी सदस्य के गंभीर रूप से बीमार पड़ने पर वे कहां जाएं। डीडीएसएसवाई बीमा योजना तीन सदस्यों तक वाले परिवारों के लिए सालाना चार लाख रुपये और बड़े परिवारों के लिए छह लाख रुपये का कवर देती है जो नाकाफी है और अब क्रियाशील भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़ी बीमारियों के इलाज का खर्च उठाने के लिए यह बीमा कवर बहुत कम है और इस योजना के तहत सिर्फ़ 447 बीमारियों एवं इलाज की प्रक्रियाओं को ही शामिल किया गया है। आप नेता ने कहा कि अस्पताल अक्सर डीडीएसएसवाई कार्ड स्वीकार करने से मना कर देते हैं क्योंकि सरकार से मिलने वाले पैसे (रीइम्बर्समेंट) में कई महीनों की देरी होती है और प्रतपूर्ति की दरों में 2016 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, डीडीएसएसवाई लाभार्थियों की संख्या 2022-23 में 2.95 लाख परिवारों से घटकर 2025-26 में 1.81 लाख हो गई है, जो खुद यह दिखाता है कि लोगों को इस योजना का फ़ायदा नहीं मिल रहा है।

पंजाब में, जहां आप की सरकार है, हर परिवार बिना किसी आय की शर्त के सालाना 10 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा का हकदार है। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब की योजना में लगभग 2,350 बीमारियों और चिकित्सा प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है, जबकि गोवा की योजना में केवल 447 को ही शामिल किया गया है और दूसरी बात कि, पंजाब में अस्पतालों को 15 दिनों के भीतर भुगतान मिल जाता है।

लद्दाख में पर्यावरण संरक्षण बल में 100 पूर्व सैनिक तैनात

एजेंसी

लेह। लद्दाख के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अपनी तरह की प्रथम पहल के तहत शनिवार को 100 पूर्व सैनिकों को लद्दाख पर्यावरण संरक्षण बल में तैनात किया गया। पूर्व सैनिकों को उनके तैनाती स्थलों के लिए रवाना करने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि लद्दाख दुनिया के सबसे नाजुक उच्च हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक है और यहां कई संकटग्रस्त वन्यजीव प्रजातियां पाई जाती हैं, जिन्हें सर्वोच्च स्तर की सुरक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यटन के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईपीएफ मानव गतिविधियों और पारिस्थितिकी संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा लोगों को केंद्रशासित प्रदेश में जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी प्रेरित करेगा।

इंटरटेनमेंट...

'बेबी डू डाई डू' मुंबई की गलियों में मौत का खेल

मुंबई। आजकल क्राइम थ्रिलर फिल्मों में गोलियां, गैंगस्टर और बदले की कहानियां नई बात नहीं रहीं। ऐसे में बेबी डू डाई डू अपने मुख्य किरदार की वजह से अलग नजर आती है। यहां एक ऐसी सुपारी किलर है, जो न बोल सकती है और न सुन सकती है, लेकिन हर मिशन को बिना शोर किए अंजाम देती है। निर्देशक नचिकेत सामंत ने इस कहानी को सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं बनाया, बल्कि मुंबई शहर की बदलती तस्वीर और उसके अंधेरे चेहरे को

फिल्म में सिर्फ स्टाइल है या दमदार थ्रिलर भी?

भी कहानी का हिस्सा बनाया है। फिल्म हर मोड़ पर चौंकाती नहीं, लेकिन अपने स्टाइल, माहौल और दमदार अभिनय के दम पर अंत तक दिलचस्प बनी रहती है।

इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 5 मिनट है। दैनिक भास्कर ने इसे 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है। कहानी की शुरूआत दो जुड़वां बहनों से होती है, जो बचपन में एक बंद पड़े होटल में पहुंच जाती हैं। वहां वे एक हत्या की गवाह बन जाती हैं। इस घटना में एक बहन की मौत हो जाती है, जबकि दूसरी की जिंदगी हमेशा के लिए बदल जाती है। सालों बाद वही लड़की बेबी करमरकर (हुमा कुरैशी) के नाम से मुंबई की सबसे खतरनाक कॉन्ट्रैक्ट किलर बन चुकी होती है। वह

गूंगी और बहरी है, लेकिन अपने हर मिशन को बेहद सटीक तरीके से अंजाम देती है। उसकी पहचान उसकी खास छतरी है, जो जरूरत पड़ने पर जानलेवा हथियार बन जाती है। बेबी का पालन पोषण पापा (चंकी पांडे) ने किया है, जो उसे एक के बाद एक मिशन सौंपते रहते हैं। लेकिन हर सुपारी के पीछे बेबी की अपनी एक तलाश भी छिपी है। वह अपनी जुड़वां बहन के हत्यारे तक पहुंचना चाहती है। इसी बीच उसकी जिंदगी में सिद्धू (रचित सिंह) की एंट्री होती है।

फिल्म : ऐश्वर्या की फिल्म 'हीरामंडी' से कटा सीन

मुंबई। 'हीरामंडी' में उस्ताद जी और 'द पिरामिड स्कीम' में अभिनय से चर्चा में आए इंद्रेश मलिक ने बातचीत में करियर, संघर्ष और निजी जिंदगी से जुड़े किस्से साझा किए। उन्होंने बताया कि करीब 20 साल पहले वह मल्टी लेवल मार्केटिंग फ्रॉड का शिकार हुए थे। उन्होंने संजय लीला भंसाली के साथ काम, थिएटर, इंडस्ट्री के अनुभव, ऑडिशन और परिवार से जुड़ी बातें साझा कीं।

'हीरामंडी' में उस्ताद बनकर छाए इंद्रेश मलिक

साथ ही आने वाले प्रोजेक्ट्स और लेखन के शौक पर भी बात की। ऑडिशन के बाद क्रिएटिव टीम और डायरेक्टर्स से मुलाकात में मैंने बताया था कि करीब 15-20 साल पहले मैं भी ऐसी स्कीम का शिकार हो चुका हूं। उस समय मल्टी-लेवल मार्केटिंग का कॉन्सेप्ट नया था और जागरूकता कम थी। आधी-अधूरी जानकारी देकर लोगों को जोड़ा जाता था। मैं भी इसका नुकसान झेल चुका हूं। मैं अपने पिछले किरदारों की इमेज से बाहर निकलकर कुछ अलग करना चाहता था। यह किरदार मुझे दिलचस्प लगा। पूरी यूनिट शानदार थी और पहली बार एमेजॉन प्राइम के साथ काम करने का मौका मिला। डायरेक्टर्स और क्रिएटिव टीम के साथ अच्छी ट्यूनिंग बनी। शूटिंग का माहौल सकारात्मक था। 'हीरामंडी' में उस्ताद जी का किरदार निभाना शानदार अनुभव था।

हिट का क्रेडिट स्टार को, फ्लॉप का ठीकरा डायरेक्टर पर

मुंबई। हिट फिल्म हो तो तालियां स्टार्स के हिस्से आती हैं, लेकिन फ्लॉप होते ही सबसे पहले कटघरे में डायरेक्टर खड़ा होता है। विक्रम भट्ट इसे फिल्म इंडस्ट्री का सबसे बड़ा और सबसे पुराना सच मानते हैं। वह कहते हैं, हमें फ्लॉप फिल्मों की लाश उठाने के पैसे दिए जाते हैं। यह उनके चार दशक लंबे करियर का अनुभव है। हॉरर फिल्मों को हिंदी सिनेमा में नई पहचान दिलाने वाले विक्रम भट्ट ने सुपरहिट फिल्मों के साथ फ्लॉप दौर भी देखा। उन्होंने बड़े सितारों के साथ काम किया, नए कलाकारों को लॉन्च किया, निजी विवादों का सामना किया और जेल तक का सफर भी तय किया। इसके बावजूद उनका मानना है।

'मातृभूमि' पर सेंसर बोर्ड ने रोक नहीं लगायी

मुंबई। सलमान खान फिल्म्स ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को लेकर चल रही खबरों पर सफाई दी। प्रोडक्शन हाउस ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि फिल्म की सीबीएफसी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया रुकी होने की खबरें पूरी तरह गलत और बेबुनियाद हैं।

बयान में कहा गया कि फिल्म को अभी तक सेंसर बोर्ड के पास सर्टिफिकेशन के लिए भेजा ही नहीं गया। इसलिए इस तरह की रिपोर्ट्स पर भरोसा न करें। सलमान खान फिल्म्स ने मीडिया और लोगों से अपील की कि बिना पुष्टि की जानकारी न फैलाएं। फिल्म से जुड़े सभी आधिकारिक अपडेट केवल उनके ऑफिशियल प्लेटफॉर्म पर ही शेयर किए जाएंगे। दरअसल, हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म 'मातृभूमि' को सर्टिफिकेट देने पर फिलहाल रोक लगा दी है। फिल्म 'मातृभूमि' साल 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुई सैन्य झड़प पर आधारित

है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवान' रखा गया था। फिल्म को पहले 17 अप्रैल को ईद के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में इसकी रिलीज डेट टल गई। इस फिल्म का प्रोडक्शन सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान ने किया है और इसके डायरेक्टर अपूर्व लाखिया हैं। फिल्म में सलमान खान के साथ एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह, अभिलाष चौधरी और अंकुर भाटिया मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का म्यूजिक हिमेश

सलमान खान फिल्म्स ने सर्टिफिकेशन रुकी होने की खबरों को बताया बेबुनियाद

रेशमिया ने तैयार किया है। फिल्म 'मातृभूमि' का टीजर 27 दिसंबर 2025 को सलमान खान के 60वें जन्मदिन पर रिलीज किया गया था। इस फिल्म में सलमान खान 16 बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। कर्नल संतोष बाबू ने ही गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुई झड़प के दौरान भारतीय टुकड़ी का नेतृत्व किया था। इस झड़प में वे शहीद हो गए थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान इन दिनों फिल्म 'रश्363' की शूटिंग कर रहे हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com